आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज * बड़ा महादेव पूजन

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 162 | उज्जैन, शनिवार 27 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 13 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### 3000 किलो हेरोइन मामले में मुख्य आरोपी हरप्रीत सिंह तलवार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 24 और 25 जून को राष्ट्रीय राजधानी में छह परिसरों पर तलाशी अभियान के दौरान दिल्ली निवासी हरप्रीत सिंह तलवार को गिरफ्तार किया है। यह तलाशी अभियान 13 सितंबर, 2021 को मुंद्रा बंदरगाह पर जब्त की गई लगभग 3000 किलोग्राम हेरोइन से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग की चल रही जांच के अंतर्गत किया गया है। तलवार को 24 जून को गिरफ्तार किया गया और रिमांड के लिए विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के समक्ष पेश किया गया। अगस्त 2022 में, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने भी इसी मामले के संबंध में तलवार उर्फ कबीर तलवार को गिरफ्तार किया था। ईडी ने कहा कि तलवार इस मामले में मुख्य आरोपी है।

### 1 से 3 जुलाई तक भारत दौरे पर रहेंगी जापान की पीएम ताकाइची

**नई दिल्ली।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची अगले हफ्ते भारत के तीन दिन के दौरे पर आएंगी। इसका मकसद व्यापार, निवेश और रक्षा जैसे कई क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करना है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर ताकाइची एक से तीन जुलाई तक आधिकारिक दौरे पर रहेंगी। यह दौरा 16वें भारत-जापान सालाना शिखर सम्मेलन के लिए होगा। मंत्रालय ने कहा, यह शिखर सम्मेलन दोनों पक्षों को आपसी सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और उन्हें मजबूत करने का मौका देगा। इससे आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान का भी अवसर मिलेगा।

### ऑपरेशन सिंदूर में बलिदान हुए थे सेना के 6 जवान

**नई दिल्ली।** सरकार ने पहली बार आधिकारिक तौर पर भारतीय सेना के उन छह सैनिकों के नामों का खुलासा किया है जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश के लिए बलिदान हो गए थे। पिछले साल मई में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए यह सीमा पार सैन्य अभियान शुरू किया गया था। इन छह बलिदानियों के नाम राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की वेबसाइट पर रोल ऑफ ऑनर खंड में प्रकाशित किए गए हैं, और नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में भी इन्हें अंकित किया गया है।

रतलाम जिले के पिपलौदा ब्लाक के ग्राम हतनारा में देर रात गंभीर हादसा

# मोहर्रम जुलूस का ताजिया हाईटेंशन तार से टकराया, 3 की मौत, 12 झुलसे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम**

- 3 बिजली कर्मियों पर कार्रवाई
- दो की सेवा समाप्त, एक निलंबित





जिले के पिपलोदा ब्लॉक के ग्राम हतनारा में गुरुवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। मोहर्रम के मौके पर निकाले जा रहे जुलूस के दौरान ताजिया 11 केवी की हाईटेंशन बिजली लाइन से टकरा गया। करंट की चपेट में आने से 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए। ग्रामीणों और निजी वाहनों की मदद से सभी घायलों को तुरंत रतलाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

अस्पताल और पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के मृतकों की पहचान रशीद खान, सद्दू हुसैन और अरबाज के रूप में की गई है। घटना गुरुवार रात की है। सुहागपुरा में मुस्लिम समुदाय द्वारा परंपरागत रूप से मोहर्रम मनाया जा रहा था। पिपलोदा ब्लॉक के इस गांव में पंचमुखी महादेव मंदिर और मस्जिद के बीच मुख्य रोड पर ताजिया निकाला जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों के मुताबिक, ताजिया करीब 10 से 12 फीट ऊंचा था, लेकिन जब लोग उसे उठा रहे थे तो उसकी ऊंचाई बढ़कर अचानक 16 से 17 फीट तक पहुंच गई। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही 11 केवी की हाईटेंशन लाइन से ताजिया का ऊपरी हिस्सा टकरा गया। तार टकराते ही जोरदार चिंगारी उठी, ब्लास्ट हुआ और पूरे ताजिया में करंट फैल गया।

### बिजली बंद करना भूले, मची चीख-पुकार

हादसे के वक्त ताजिया के आसपास 30 से अधिक लोग मौजूद थे, जो उसे संभाल रहे थे। बिजली सप्लाई बंद न होने के कारण करंट ने पल भर में सबको चपेट में ले लिया। हादसे में अनस खान, मोईन खान, इरफान खान, अमजद खान, अरबाज खान, राकिब खान, अख्तियार खान, रहीम खान और इब्राहिम खान सहित 12 लोग झुलस गए। गनीमत रही कि कुछ लोग करंट का झटका लगते ही दूर जा गिरे, जिससे उनकी जान बच गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि जुलूस के मार्ग पर समय रहते बिजली सप्लाई बंद नहीं की गई थी, जिसके कारण यह गंभीर लापरवाही भरा हादसा हुआ।

### 3 बिजली कर्मचारियों पर गिरी गाज

ग्रामीणों के अनुसार, हर साल मोहर्रम के जुलूस के दौरान एहतियात के तौर पर हाई टेंशन लाइन का पावर कट (बिजली बंद) कर दिया जाता था। इस बार बिजली कंपनी के जिम्मेदारों द्वारा ऐसी कोई सतर्कता नहीं बरती गई, जिसके कारण यह भयानक हादसा हुआ। हादसे को गंभीरता से लेते हुए कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दोषी कर्मचारियों पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई की गई है। घनश्याम गिर लाइनमैन को शिकायत निवारण केंद्र हतनारा में जुलूस के दौरान ड्यूटी पर उपस्थित होने के बावजूद लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जावरा तय किया गया है और समरथ मकवाना और गोबीलाल बिजली श्रमिक को कार्य में घोर लापरवाही पाए जाने पर इन दोनों को काम से पृथक (बर्खास्त) करने के आदेश जारी किए गए हैं।

### कलेक्टर घायलों से मिली

घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर निशा सिंह और शहर एसडीएम तरुण जैन तत्काल मेडिकल कॉलेज रतलाम पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती हादसे के पीड़ितों से मुलाकात की और उनका कुशल-क्षेम जाना।

## वेनेजुएला भूकंप में अब तक 589 लोगों की मौत

**एजेंसी ▶▶ कराकस**

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए दो भूकंप में अब तक 589 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। जबकि 2,980 लोग घायल हैं। वेनेजुएला में बुधवार को साल 1821 के काराबोबो युद्ध की याद में राष्ट्रीय अवकाश था। इसलिए ज्यादातर लोग घरों में थे और फीफा वर्ल्ड कप मैच देख रहे थे। इससे मलबे में दबने वालों की संख्या ज्यादा होने की आशंका है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मलबे के अंदर से आवाजें आ रहीं हैं। सरकार ने देर रात बताया कि 39 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। भूकंप की भयावहता की असल तस्वीर अभी आना बाकी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44% आशंका है। वहीं, एक लाख लोगों के जान गंवाने की 30% आशंका है।

## कक्षा 7वीं-9वीं तक के छात्रों को मिली राहत

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

सीबीएसई ने 7वीं, 8वीं और 9वीं के छात्रों को बड़ी राहत दी है। दो विदेशी भाषाएं चुन चुके छात्र 10वीं तक उसी भाषा संयोजन के साथ पढ़ाई जारी रख सकेंगे। दो भारतीय भाषाएं पढ़ने की अनिवार्यता केवल कक्षा 6 से नए छात्रों पर लागू होगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के छात्रों के लिए बड़ी राहत की खबर है। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, वर्तमान में कक्षा 7, 8 और 9 में पढ़ रहे वे छात्र जिन्होंने तीन-भाषा नीति के तहत दो विदेशी भाषाओं का चयन किया है, वे कक्षा 10 तक उसी भाषा संयोजन के साथ पढ़ाई जारी रख सकेंगे। उन्हें बीच में अपने विषय बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। सूत्रों ने बताया कि तीन-भाषा नीति के तहत कम से कम दो भारतीय भाषाएं पढ़ने की अनिवार्यता केवल आगे आने वाले छात्रों पर लागू होगी।

## तहसीलदार से 5 करोड़ से अधिक की संपत्ति बरामद

**एजेंसी ▶▶ हैदराबाद**

तेलंगाना में एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने शमीरपेट की निलंबित तहसीलदार टी. सुचरिता के ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में नए सिरे से सघन तलाशी अभियान चलाया है। रिश्वतखोरी के एक अन्य कथित मामले में सुचरिता पहले से ही जांच एजेंसियों की हिरासत में हैं और इसी कड़ी में उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। एसीबी द्वारा की गई इस व्यापक छापामारी के दौरान अचल संपत्तियों के साथ-साथ नकद, लग्जरी वाहनों और महंगे आभूषणों का बड़ा जखीरा बरामद हुआ है। जांच टीम ने सिद्दीपेट जिले के दमरकुंटा गांव में 2.17 एकड़ कृषि भूमि, हैदराबाद शहर में तीन आलीशान फ्लैट और कीसारा व खानमेट गांवों में दो प्लॉट के कागजात जब्त किए हैं।

## जहरीली गैस से दम घुटने से तीन मजदूरों की मौत

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

पश्चिमी दिल्ली के मुंडका औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में शुक्रवार दोपहर सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की टीमें मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान चलाया, लेकिन तीनों मजदूरों को मृत अवस्था में ही बाहर निकाला गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, दोपहर करीब 12.03 बजे ज्वाला पुरी फायर स्टेशन को फैक्ट्री नंबर 93/8, मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया में सेप्टिक टैंक में लोग फंसे होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दो वाटर टेंडर मौके पर रवाना किए गए। रास्ते में भारी ट्रैफिक जाम होने की सूचना मिलने पर टिकरी फायर स्टेशन से एक अतिरिक्त वाटर टेंडर भी भेजा गया।

## शिवपुरी में खनन माफिया ने तहसीलदार को धमकाया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ शिवपुरी**

प्रदेश के शिवपुरी जिले में अवैध मिट्टी उत्खन्न रोकने पहुंची राजस्व टीम को खुलेआम धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी जयमंडल यादव ने तहसीलदार सचिन भार्गव को गोली मारने की धमकी दी। साथ ही अपने बेटे को बंदूक लाने को कहा। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूरा मामला शिवपुरी जिले के बदरवास क्षेत्र का है। शिवपुरी पुलिस ने इस मामले में जयमंडल यादव, उसके पिता लाखन यादव और बेटे विकुल यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बदरवास तहसील के ग्राम सड़बूड़ रोड स्थित सिंध नदी के पास शासकीय भूमि पर अवैध मिट्टी उत्खनन की सूचना मिली थी। इस पर तहसीलदार सचिन भार्गव राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे थे।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं...

बच्चों में भविष्य देखने वाले पालक प्रति वर्ष हजारों लाखों रूपए की फीस स्कूलों, कोचिंग संस्थाओ को दे रहे हैं। इन संस्थाओं में बच्चे बराबर जाकर अध्ययन कर रहे हैं। इन संस्थाओं में बच्चों को किस तरह के हालात में अध्यापन कार्य किया जा रहा है पालकों अभिभावकों को जाकर यह भी देखना चाहिए। बच्चे चाहे जैसे हालातों में बैठकर अपने पालकों की मंशाओं को अंजाम देने में लगे हुए है। पालकों एवं बच्चों की अध्ययन के दायरे में उलझे होने का लाभ सीधे तौर पर ऐसे संस्थान उठा रहे हैं। शहर के ही कई ऐसे स्कूल एवं कोचिंग संस्थान हैं जहां बच्चों की सुरक्षा की प्राथमिक स्थिति ही स्पष्ट नहीं है। यहां तक कि प्राथमिक चिकित्सा का ही पर्याप्त कीट मौजूद नहीं मिलेगा। मात्र मरहम पट्टी का बॉक्स बनाकर उसे फर्स्ट एड बॉक्स का नाम दे दिया जा रहा है। बच्चों के पढ़ाने के लिए लाखों रूपए महीने किराए के भवनों को तो ऐसे संस्थानों ने ले लिया है लेकिन बच्चों के आपातकालीन स्थिति में वहां से निकलने की पर्याप्त व्यवस्था तक नहीं हैं। मापदंडों की पूर्ति तो ठीक हालात ऐसे हैं जिसे पालक सुरक्षात्मक मापदंडों के दायरे से देखें तो तत्काल ही इन पर कार्रवाई को लेकर प्रश्न खडे कर दें। अग्निशमन यंत्रों के हालात स्कूलों एवं कोचिंगों में ऐसे हैं कि मियाद समाप्ति के उपरांत वाले यंत्र दिवारों पर टांग कर रखे गए हैं। अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र तो बहुत दूर की बात है। शहर की संस्था को अब अपना ध्यान स्कूलों की ओर भी देना चाहिए। कोचिंग एवं स्कूल के मापदंड के अनुसार अग्निशामक यंत्रों की उपलब्धता भी नहीं मिलती है। खानापूर्ति के लिए गिनती के एक दो कमरों में अग्निशमन यंत्र लटका दिए जा रहे हैं। फायर अलार्म एवं स्मोक डिटेक्टर सिस्टम, फायर हाइड्रेंट एवं स्प्रिंकलर सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग, इमरजेंसी लाइटिंग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, आपदा प्रबंधन योजना तथा फायर एनओसी तो बहुत दूर की स्थिति है। नाममात्र के संस्थानों के पास ही ये सब मिलेगा। अगर मिल भी जाएगा तो उसके सक्रिय होने की स्थिति होने पर ही उसकी सार्थकता है। अन्यथा फायर अलार्म तो है लेकिन वह काम ही नहीं करता है। स्मोक डिटेक्टर सिस्टम धूल पड़ने से अब सक्रिय नहीं रहा है बस लगा हुआ है। फायर हाइड्रेंट एवं स्प्रिंकलर सिस्टम लगा है लेकिन उसे नियमित तौर पर जांचने के अभाव में वह जंग खा रहा है और वक्त आने पर चल ही नहीं पा रहा है। आपातकालीन निकास मार्ग में कबाड़ा और अनावश्यक सामग्री का ढेर लगा हुआ है। भवनों में इमरजेंसी लाइटिंग, प्रमाणित विद्युत सुरक्षा व्यवस्था का अभाव है। आपदा प्रबंधन योजना सिर्फ कागजों तक सिमटी हुई है उस पर कभी भी माकड्रिल नहीं की जाती है। खुसूर-फुसूर है कि अग्निशमन को लेकर सिर्फ एनओसी तक सिमित रहना तो मात्र कागजों के भरोसे रहने जैसा है। इसके लिए शहर की संस्था को ऐसे स्थानों पर माकड्रिल के लिए भी प्रेरित किया जाना चाहिए और उसमें प्रबंधन के साथ बच्चों को भी शामिल किया जाना चाहिए। सिर्फ कागजी खानापूर्ति से अब आगे आना होगा और वही दुर्घटना से बचाव का सही रास्ता होगा।


खुसूर फुसूर

## न्यूज कॉलम

### हज यात्रा 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, जरूरी होंगे डॉक्यूमेंट्स

**उज्जैन।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अंतर्गत 'हज कमेटी ऑफ इंडिया' ने हज यात्रा 2027 के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। योग्य और इच्छुक यात्री कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल एप्लीकेशन हज सुविधा के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकते हैं। आवेदकों को सूचित किया गया है कि वे केवल निर्धारित साइज में स्कैन की हुई प्रतियां ही अपलोड करें (मोबाइल से खींचे गए फोटो स्वीकार्य नहीं होंगे)। मशीन-पठनीय पासपोर्ट के प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ की स्कैन कॉपी। पासपोर्ट आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी हो चुका हो तथा कम से कम 31 दिसंबर 2027 तक वै अनिवार्य है। नवीन फोटोः पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो। बैंक विवरणः बैंक पासबुक का फ्रंट पेज अथवा निरस्त चेक। पते का प्रमाणः वैध निवास/पते का प्रमाण पत्र।

## ट्रेंडिंग




आपदा प्रबंधन के लिए नई तकनीक की ताकत का इस्तेमाल होगा

# सिंहस्थ-2028 में तैनात होंगे अग्निशमन रोबोट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ -2028 में आपदा प्रबंधन के लिए नई तकनीक की ताकत का इस्तेमाल होगा। इसक चलते अग्निशमन रोबोट, एटीवी एवं क्यूआरवी (सीएएफएस सहित) ऑल टेरेन व्हीकल (एटीवी) एवं क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल (क्यूआरवी) को कम्प्रेस्ड एयर फोम सिस्टम (सीएएफएस) से सुसज्जित तैनात किए जाएंगे। फायर ड्रोन एवं वायवीय निगरानी प्रणाली के तहत यूएवी (ड्रोन) आधारित तकनीक से मेला क्षेत्र की निगरानी की जाएगी।

उज्जैन में एक मजबूत, आधुनिक, तकनीक-संचालित एवं त्वरित आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली विकसित करना, जो राष्ट्रीय स्तर की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं के अनुरूप होने के साथ-साथ स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप भी पूरी तरह सक्षम हो। अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के लिए नई तकनीक की ताकत का इस्तेमाल होगा। इसे लेकर विशेषज्ञों ने शुक्रवार को लाईव डेमों दशहरा मैदान में कलेक्टर रोशनकुमारसिंह एवं निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ आमजन के समक्ष दिया है।

**डेमो में कर्मचारियों ने संचालन सीखा-** सिंहस्थ 2028 की व्यापकता, श्रद्धालुओं की भीड़ और गतिशील जोखिमों को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को दशहरा मैदान पर अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन का लाइव किया गया। अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. पी.एस. रॉंहागडाले एवं टीम द्वारा आधुनिक अग्निशमन उपकरणों, मशीनों एवं नई तकनीकों का प्रदर्शन इस दौरान किया गया है। लाइव डेमो के दौरान नगर निगम के फायर कर्मचारियों को अत्याधुनिक अग्निशमन संसाधनों के संचालन, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रभावी राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

**विशेषज्ञों ने दिया लाइव डेमो**

**निगम कर्मचारियों को संचालन भी बताया**



**आयुक्त बोले शहर की प्राथमिक जरूरत-** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने इस दौरान कहा कि अग्नि सुरक्षा केवल सिंहस्थ महापर्व की आवश्यकता नहीं, बल्कि वर्तमान समय में पूरे शहर की प्राथमिक जरूरत है। आधुनिक तकनीकों और नवीन उपकरणों के उपयोग से संकरी गलियों, घाट क्षेत्रों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी त्वरित एवं प्रभावी अग्निशमन सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। निगम आयुक्त ने कहा कि इस प्रशिक्षण और लाइव प्रदर्शन से नगर निगम की फायर टीम को नई तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ है, जिससे भविष्य में आपातकालीन परिस्थितियों से बेहतर ढंग से निपटा जा सकेगा।

**अधिकारियों ने भी देखा डेमो-** लाइव डेमो के दौरान दशहरा मैदान पर अपर आयुक्त संतोष टैगोर, उपायुक्त मनोज मौर्य, अधीक्षण यंत्री प्रमोद मालवीय, फायर ऑफिसर एलपी साहू एवं फायर कर्मचारियों के साथ मिडिया एवं आमजन ने उपस्थित रहकर आधुनिक तकनीक को देखा और सराहा।

### ये है प्रस्तावित आधुनिक अग्नि सुरक्षा प्रणाली

प्रस्तावित आधुनिक अग्नि सुरक्षा प्रणाली के प्रमुख घटक इस दौरान प्रदर्शित किए गए। जिसमें उन्नत अग्नि प्रतिक्रिया प्रणाली के तहत एटीवी एवं क्यूआरवी (सीएएफएस सहित) ऑल टेरेन व्हीकल एवं क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल को कम्प्रेस्ड एयर फोम सिस्टम से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे संकरी गलियों, घाट मार्गों और अत्यधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में भी त्वरित अग्निशमन संभव होगा।

- अग्निशमन रोबोट प्रणाली में उच्च घनत्व वाली भीड़ और जोखिमपूर्ण स्थानों पर अग्निशमन रोबोट की तैनाती से बिना मानव जीवन को खतरे में डाले प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य किए जा सकेंगे। ये दूर-संचालित एवं स्वायत्त इकाइयाँ खतरनाक क्षेत्रों में भी कार्य करने में सक्षम हैं।
- फायर ड्रोन एवं वायवीय निगरानी प्रणाली के तहत यूएवी (ड्रोन) आधारित तकनीक के माध्यम से विशाल मेला क्षेत्र की रियल-टाइम निगरानी, थर्मल इमेजिंग, आग की त्वरित पहचान एवं क्षति का आकलन किया जा सकेगा, जिससे राहत कार्यों की गति और सटीकता दोनों बढ़ेंगी।
- प्री-फैब्रिकेटेड एवं मोबाइल कंट्रोल सिस्टम के तहत शीघ्र स्थापित होने वाली मोबाइल एवं प्री-फैब्रिकेटेड अवसंरचना के माध्यम से सिंहस्थ क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार कमांड एवं कंट्रोल सेंटर को कम समय में स्थापित, स्थानांतरित और विस्तारित किया जा सकेगा।



**दैनिक अवन्तिका.उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर ग्रुप द्वारा आयोजित आवास मेला उज्जैन में शुक्रवार प्रथम दिवस पर बंगलौ खरीदने पर लकी ड्रा में ललिता भूतोड़िया ने इलेक्ट्रिकल स्कूटर प्राप्त किया। स्कूटर की चाबी प्राप्ति की श्री महाकालेश्वर ग्रुप के डायरेक्टर संतोष चौहान ने शुभकामनाएं दी गई।

श्रम विभाग को सूचना देना अनिवार्य हुआ लेकिन दी नही जा रही

# निर्माण बरकरार, पोर्टल दरकिनार

## न जेल और न ही जुर्माना से भय खा रहे ठेकेदार, सिर्फ मजदूरों से काम करा रहे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

श्रम विभाग के नए नियमों के अंतर्गत निर्माण में लगे श्रमिकों की जानकारी को पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य किए जाने के बावजूद ठेकेदार गली निकाल कर श्रमिकों से काम करवा रहे हैं। निर्माण के काम बरकरार हैं और पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया को दरकिनार किया जा रहा है। स्थिति यह है कि शहर में चल रहे सैंकडों कामों में से कुछ ही के पंजीयन किए गए हैं। न तो जेल और न ही जुर्माना से ठेकेदार भय खा रहे हैं और मजदूरों से बराबर काम करवा रहे हैं। कई मामलों में तो सुरक्षा मानकों को भी ताक पर रख दिया जा रहा है।

श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा, स्वस्थ कार्य परिवेश सुनिश्चित करने और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत अब सभी निर्माण स्थलों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। इसके लिए 'श्रम सेवा पोर्टल' मोबाइल ऐप के माध्यम से निर्माण स्थल का विवरण, कर्मचारियों की संख्या और लोकेशन सहित अन्य आवश्यक जानकारियां एकत्र की जा रही हैं, जिससे नियोजक श्रमिकों को दी जा रही सुविधाओं का विवरण दे सकें।



**निर्माण प्रारंभ करने के 30 दिन पहले सूचना-** भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के प्रावधानों के अनुसार, किसी भी भवन या निर्माण कार्य को प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिन पहले संबंधित क्षेत्र के अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक को इसकी सूचना देना वैधानिक रूप से अनिवार्य है। नियोजकों को निर्माण स्थल और वहां अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की पूरी जानकारी साझा करनी होगी। यह सूचना एम.पी.बी.ओ.सी.डब्ल्यू. के ऑनलाइन पोर्टल या जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से दी जा सकती है। निर्माण कार्य की पूर्व सूचना न देना नियमों का उल्लंघन माना जाएगा और संबंधित नियोक्ता पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**ये हैं प्रावधान-** अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, यदि कोई नियोजक धारा 46 के अधीन निर्माण कार्य शुरू करने की पूर्व सूचना देने में विफल रहता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर नियोक्ता को तीन महीने तक के कारावास, दो हजार रुपये तक के जुर्माने या फिर दोनों सजाओं से दंडित किया जा सकता है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए राज्य के सभी निर्माण विभागों को भी निर्देश जारी किए गए हैं कि वे कोई भी निर्माण कार्य शुरू करने से पहले श्रम विभाग को इसकी सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

### श्रम प्रहरी दे सकते हैं सूचना

निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए आम नागरिकों को भी इस मुहिम से जोड़ा गया है। कोई भी जागरूक नागरिक श्रम प्रहरी की भूमिका निभाते हुए ऐसे किसी भी निर्माण स्थल की जानकारी दे सकता है, जिसकी सूचना श्रम विभाग को न दी गई हो। इसके लिए विभाग द्वारा एक विशेष कंट्रोल रूम नंबर 1800-233-8888 जारी किया गया है, जिस पर आमजन अपनी सूचना दर्ज करा सकते हैं।

### स्थलों पर सूचना पट्ट नहीं

खास यह है कि इस नियम को सिरे से ही धूल में मिलाने के लिए ठेकेदारों ने बहुत पहले ही प्रपंच तैयार कर लिया था। निर्माण स्थलों पर प्रारंभिक जानकारी के लिए लगने वाले सूचना पट्ट ही नहीं लगाए जा रहे हैं ऐसे में आम आदमी को इस बात की जानकारी ही नहीं है कि यह निर्माण कब से शुरू हुआ और इसमें श्रमिक नियोजन की स्थिति क्या है। ऐसे में ठेकेदार गली निकाल कर ठेंगा दिखा रहे हैं।

## हिंदी पत्रकारिता की नर्सरी थे ठाकुर शिवप्रताप सिंह, 11 साहित्यकारों का हुआ सम्मान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मूर्धन्य पत्रकार ठाकुर शिवप्रताप सिंह की कलम में ऐसा जादू था कि उनसे बड़े-बड़े कांपते थे। वे केवल पत्रकार ही नहीं, बल्कि कलम के सच्चे सिपाही थे। उनकी इसी निर्भीक परंपरा और मशाल को अग्निपथ व चंदेल परिवार आगे बढ़ा रहा है। यह बात ठाकुर शिवप्रताप सिंह स्मृति साहित्यकार सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. शिव चौरसिया ने कही। समारोह में शहर के 11 साहित्यकारों को शॉल और सम्मान पत्र देकर अलंकृत किया गया। आयोजन की जानकारी देते हुए चंद्रभान सिंह चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कहा कि ठाकुर शिवप्रताप सिंह ने हिंदी पत्रकारिता में प्रदेश का गौरव बढ़ाया। वे पत्रकारिता की नर्सरी थे और उनके द्वारा रोपे गए मूल्यों से हम कभी उऋण नहीं हो पाएंगे।

## मानसून की रफ्तार तेज, अगले 48 घंटे अहम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे प्रदेश के लिए बेहद अहम रहने वाले हैं। संभावना है कि मानसून इसी दौरान भोपाल और उज्जैन संभाग तक पहुंच जाएगा। हालांकि ग्वालियर-चंबल, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में मानसून सबसे आखिर में दस्तक देगा। इस बीच शनिवार को प्रदेश के 45 जिलों में तेज हवा और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने आगर-मालवा और सीहोर में 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक कि रफ्तार से आंधी और तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं भोपाल, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, धार, झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह और छतरपुर समेत कई जिलों में हल्की से भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

## उज्जैन में कोचिंग संस्थानों पर फायर सेफ्टी की सख्ती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

लखनऊ और आगरा में हुए हादसों के बाद देशभर में कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसी के मद्देनजर उज्जैन नगर निगम ने भी फायर सेफ्टी नियमों के पालन को लेकर सख्त रुख अपनाया है।

नगर निगम ने शहर के प्रमुख कोचिंग संस्थानों की चेकिंग की है और स्पष्ट किया है कि फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ सील करने सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी।गुरुवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे और फायर ऑफिसर लक्ष्मण प्रसाद साहू ने शहर के तीन प्रमुख कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। इनमें सनशाइन टावर स्थित आकाश कोचिंग इंस्टिट्यूट, दुर्गा प्लाजा के सामने स्थित कौटिल्य एकेडमी और गारंटी सक्सेस कोचिंग संस्थान शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र, अग्निशमन ऑडिट रिपोर्ट, भवन अनुज्ञा और विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज जांचे गए। निरीक्षण टीम ने संस्थानों में स्थापित अग्निशामक यंत्रों, फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर सिस्टम, फायर हाइड्रेंट, स्प्रिंकलर सिस्टम और आपातकालीन निकास मार्गों की कार्यशीलता की भी जांच की। इसके अतिरिक्त, इमरजेंसी लाइटिंग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था और आपदा प्रबंधन योजना का भी विस्तार से आकलन किया गया।



नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहे तक का सड़क चौड़ीकरण कार्य काफी धीमा चलने से...

# रोज लग रहा वाहनों का लंबा जाम, व्यवस्था सुधारने के लिए कोई उपाय नहीं

## ना हीं सड़क चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाई जा रही

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नानाखेड़ा चौराहे से शांति पैलेस चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है इस कारण इस मार्ग पर आवागमन बंद है ऐसे में नानाखेड़ा की तरफ जाने के लिए एकमात्र मित्र नगर वाला वैकल्पिक मार्ग है जो की काफी संकरा है और इसी मार्ग से वाहनों की आवाजाही हो रही है। ऐसे में पूरे दिन इस मार्ग पर जाम लगता रहता है। इसके साथ ही शांति पैलेस चौराहे पर भी यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ी हुई है।

एक तरफ पुल का निर्माण कार्य चल रहा है दूसरी तरफ इस पुल के नीचे मार्ग से वाहनों की आवाजाही हो रही है। ऐसे में यहां की व्यवस्था भी पूरे दिन बिगड़ी रहती है। लेकिन खास बात यह है की व्यवस्था सुधारने के लिए पर्याप्त यातायात जवान भी मौजूद नहीं रहते हैं न हीं सड़क चौड़ीकरण के कार्य में तेजी लाई जा रही है। ताकि यहां कि व्यवस्था जल्द सुधर सके। इस कारण शांति पैलेस चौराहे से महामृत्युंजय द्वार तक रोज वाहनों का लंबा जाम लगा रहता है। कई बार तो यह स्थिति रहती है कि जब वाहनों का जाम लग जाता है तो आम नागरिक यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में लग जाते हैं। पिछले कई महीनो से यहां की यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है। शांति पैलेस चौराहे पर यातायात व्यवस्था बिगड़ने का एक प्रमुख कारण यह भी है कि नानाखेड़ा चौराहे से शांति पैलेस चौराहे तक किया जा रहा सड़क चौड़ीकरण का कार्य काफी धीमा चल रहा है न हीं इस निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है जब से सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हुआ है तब से इस मार्ग पर आवागमन बंद है। ऐसे में शांति पैलेस चौराहे पर हमेशा यातायात का दबाव अधिक रहता है और वाहनों का लंबा जाम लग रहा है नानाखेड़ा स्टेडियम के पीछे मित्र नगर वाले संकरे मार्ग से वाहनों की आवाजाही हो रही है ऐसे में इस मार्ग पर हमेशा वाहनों का जाम लगा रहता है।





### छुट्टी के दिन स्थिति और भी बिगड़ रही

छुट्टी के दिन यहां की स्थिति और भी बिगड़ जाती है छुट्टी के दिन बड़ी संख्या में इंदौर सहित अन्य जगह से बाहर के श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए पहुंचते हैं ऐसे में इंदौर रोड शांति पैलेस चौराहे पर पूरे दिन जाम लगता रहता है। लेकिन खास बात यह है कि यहां की व्यवस्था सुधारने के लिए यहां चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी भी नहीं लाई जा रही है। अगर नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहे सड़क जल्द बनाकर तैयार हो जाती है तो काफी हद तक यहां की यातायात व्यवस्था सुधर जाएगी लेकिन उसके लिए कोई भी प्रयास नहीं किया जा रहे हैं इस कारण पूरे दिन शांति पैलेस चौराहे पर जाम लग रहा है और कई देर तक लोग जाम में फंसे रहते हैं सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और कई बार तो यह स्थिति बनती है कि दोनों तरफ के वाहन आपस में गुत्थम गुत्था होते रहे थे और जल्दी निकलने की होड़ में वाहन चालक आपस में विवाद कर बैठते हैं।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 27 जून, 2026 | www.awantika.com


## न्यूज ब्रीफ

### निर्माण कार्य शुरू करने से पहले श्रम विभाग को सूचना देना अनिवार्य

**इंदौर।** श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा, स्वस्थ कार्य परिवेश सुनिश्चित करने और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत अब सभी निर्माण स्थलों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। इसके लिए 'श्रम सेवा पोर्टल' मोबाइल ऐप के माध्यम से निर्माण स्थल का विवरण, कर्मचारियों की संख्या और लोकेशन सहित अन्य आवश्यक जानकारियां एकत्र की जा रही हैं, जिससे नियोजक श्रमिकों को दी जा रही सुविधाओं का विवरण दे सकें।

### समस्या समाधान शिविर में 300 हितग्राहियों की सुनी गईं समस्याएं

**इंदौर।** मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, वृत्त इंदौर द्वारा गुरुवार को विभिन्न कॉलोनियों के निवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मंडल के अध्यक्ष श्री ओम जैन की उपस्थिति रही। वृत्त कार्यालय, दैनिक भास्कर प्रेस कॉम्प्लेक्स के सामने आयोजित इस शिविर में लगभग 300 हितग्राहियों की समस्याएं सुनी गईं। शिविर के दौरान नामांतरण, लीज नवीनीकरण, रजिस्ट्री, फ्रीहोल्ड, अनापत्ति प्रमाण-पत्र सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों पर सुनवाई की गई।

### खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कैंटीन से लिए नमूने

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण तथा आमजन से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर मौके पर पहुंचकर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा स्कीम नंबर 74, विजय नगर स्थित प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल में संचालित मेस एवं कैंटीन का निरीक्षण किया गया।

### पोषण युक्त व्यंजन प्रतियोगिता संपन्न

**इंदौर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत बुधवार 24 जून को जनपद पंचायत इंदौर एवं जनपद शिक्षा केंद्र इंदौर ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत देवगुराडिया में पोषण युक्त व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 38 स्व-सहायता समूहों के कुक सह हेल्पर ने हिस्सा लिया एवं पौष्टिक स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी सरस्वती चाकरे, जिला टास्क मैनेजर दीप्ति रात्रे, जनपद शिक्षा समिति सदस्य रुपेश मंडलोई, ग्राम प्रधान अनुराग पटेल, ग्राम पंचायत देवगुराडिया सरपंच भूरी बाई महेश वसुनिया, ग्राम पंचायत सचिव नरेश दुबे, बीआरसीसी श्री हरिओम वैष्णव उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने स्थानीय खाद्य सामग्री और मिलेट्स से तैयार किए विविध व्यंजनों को प्रस्तुत किया। निर्णायकों द्वारा स्वाद, पौष्टिकता, प्रस्तुतीकरण एवं नवाचार के आधार पर व्यंजनों का मूल्यांकन किया गया। प्रथम स्थान प्राथमिक विद्यालय मुंडला दोस्तदार में कार्यरत योजना स्वसहायता समूह की संतोष मौर्य को प्राप्त हुआ। उनको शासन की ओर से 5000 की पुरस्कार राशि दी गई । द्वितीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या शाला राऊ में कार्यरत जय शिव स्वयं सहायता समूह की श्रीमती वर्षा चौहान को प्राप्त हुआ।

### जीआरपी इंदौर ने अंतर्राज्यीय शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**इंदौर।** रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार की जा रही कार्यवाहियों के क्रम में मध्यप्रदेश पुलिस की रेल इकाई (जीआरपी) को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। जीआरपी इंदौर ने सूक्ष्म विवेचना, तकनीकी विश्लेषण एवं लगातार की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप एक अंतर्राज्यीय शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 15 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। 16 मार्च को इंदौर निवासी फरियादिया ने रिपोर्ट दर्ज की थी कि वह अपने पति के साथ ट्रेन में अहमदाबाद से इंदौर की यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना पर्स सिरहाने रखकर विश्राम किया था। इंदौर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उन्हें ज्ञात हुआ कि अज्ञात व्यक्ति उनका पर्स चोरी कर ले गया है। चोरी गए सामान में लगभग 11.8 तोला सोने के आभूषण, मोबाइल फोन एवं नगदी शामिल थी।

### सिंहस्थ के लिए शिप्रा घाटों के निर्माण का 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ आयोजन के उद्देश्य से पूर्ण की जाने वाली परियोजनाओं के कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इनमें सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। बैठक में बताया गया कि कान्ह डायवर्सन क्लोज्ड डक्ट परियोजना में 66 प्रतिशत प्रगति है। शिप्रा तट पर सिंहस्थ में करोड़ों लोगों द्वारा सुविधाजनक ढंग से पुण्य स्नान का लाभ लेने के दृष्टि से 29 किलोमीटर लंबाई में बनाए जा रहे घाटों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस कार्य में भी 60 प्रतिशत प्रगति है। प्रदेश में सिंचित रकबा निरंतर बढ़ रहा है।

---

शिप्रा नदी के 29 किमी नए सहित अन्य घाट को जोड़ने के लिए बनाई जाने वाली समानांतर सड़क के प्लान में जिम्मेदारो ने बदलाव की तैयारी

# नो कंस्ट्रक्शन जोन में 200 के बजाय 100 मीटर की सड़क बनेगी

- अफसरों ने प्लान बदलने का मन बनाया, लिखित आदेश बाकी
- जो सड़क नदी के ग्रीन बेल्ट 200 मीटर छोड़कर बनाई जाना थी, उसे नदी से 70-100 मीटर की दूरी पर निर्माण का नया प्लान बन गया है
- एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के नियमों के तहत नदी के ग्रीन बेल्ट में स्थाई पक्का निर्माण नहीं किया जा सकता

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शिप्रा नदी के 29 किमी नए सहित अन्य घाट को जोड़ने के लिए बनाई जाने वाली समानांतर सड़क के प्लान में जिम्मेदारो ने बदलाव की तैयारी कर ली है। जो सड़क नदी के ग्रीन बेल्ट 200 मीटर छोड़कर बनाई जाना थी, उसे होल्ड करते हुए नदी से 70-100 मीटर की दूरी पर पक्की सड़क निर्माण का नया प्लान बन गया है। एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के नियमों के तहत नदी के ग्रीन बेल्ट में स्थाई पक्का निर्माण नहीं किया जा सकता।

किसानों के लिए यह नियम कड़ाई से लागू भी हैं, लेकिन अब शासन-प्रशासन ही एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नो कंस्ट्रक्शन जोन में पक्की सीसी रोड बनाने की तैयारी में है। प्लान में बदलाव पर सारी चर्चा हो चुकी है, बस शासन स्तर से लिखित पत्र आना बाकी है। इधर, सड़क की दूरी घटाने की चर्चा सामने आते ही क्षेत्र के किसानों में आक्रोश बढ़ने लगा है। सड़कों के लिए जमीन देने के बाद भी किसानों को इसका कोई फायदा नहीं मिलेगा।

### पक्के घाट बनाकर पहले ही नदी का स्वरूप बिगाड़ा

पर्यावरण विशेषज्ञ ने बताया कि शिप्रा पर इतने लंबे घाट बनाकर पहले ही प्राकृतिक रूप से नदी की हत्या कर दी गई है। इससे नदी की जैव विविधता पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। क्योंकि नदी के तटों पर पानी व मिट्टी में रहने वाले जीव-जंतु के कारण होने वाला परकोलेशन पूरी तरह से बंद हो जाएगा। नदी से 70-100 मीटर दूरी पर 30 मीटर चौड़ी सड़क बन जाने से ग्रीन बेल्ट भी खत्म हो जाएगा।

### मास्टर प्लान-2035 में 200 मीटर दूर है सड़क

उज्जैन विकास योजना (मास्टर प्लान-2035) में नदी के लिए घोषित ग्रीन बेल्ट 200 मीटर के बाद ही सड़क बनाई जाना प्रस्तावित है। यह सड़क 30 मीटर चौड़ी रहेगी। अफसरों ने इसी मास्टर प्लान के तहत ही 200 मीटर दूर 30 मीटर चौड़ी सीसी रोड बनाने का निर्णय लिया। बाकायदा निर्माण एजेंसी यूडीए ने प्रस्तावित सड़क के लिए जमीन अधिगृहीत करते हुए निशानदेही भी कर ली। लेकिन अब ऐनवक्त पर इस प्लान में बदलाव किया जा रहा है।

### इसलिए बनाई जा रही है समानांतर सड़क

सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालुओं को नदी घाट तक पहुंचाने के लिए समानांतर सड़क बनना है। 193.3 करोड़ रुपए से बनने वाली इस सड़क को मास्टर प्लान में एमआर-22 नाम दिया है। जो नदी के पश्चिमी हिस्से में बनना है। यह सड़क सिंहस्थ बायपास से मेला क्षेत्र को जोड़ते हुए नदी किनारे स्थित मंदिर (शनि मंदिर, भूखी माता मंदिर, रणजीत हनुमान मंदिर, काल भैरव मंदिर) और सभी घाटों को आपस में जोड़ेगी। सिंहस्थ के दौरान इसका उपयोग बस रैपिड ट्रांजिट (बीआरटी) के रूप में भी किया जा सकेगा।

**ग्रीन बेल्ट में पक्के निर्माण प्रतिबंधित-** उज्जैन में पवित्र शिप्रा नदी के पर्यावरण और उसके प्रवाह को सुरक्षित रखने के लिए ग्रीन बेल्ट और निर्माण नियमों को लेकर कड़े प्रावधान हैं। मास्टर प्लान-2035 और एनजीटी ने शिप्रा नदी के दोनों किनारों (तटों या घाटों के बेस पॉइंट) से 200 मीटर तक का इलाका ग्रीन बेल्ट घोषित किया है।

---

यशवंत क्लब में नवंबर में होगा आयोजन, पुरस्कार राशि करीब 37.75 लाख रुपये होगी

# मप्र में पहली बार इंदौर में होगी विश्व स्नूकर चैंपियनशिप

**2014 में बेंगलुरू के बाद भारत में यह टूनार्मेंट हो रहा है**

**पुरुष वर्ग में 100-125 और महिला वर्ग में 40-60 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

दुनिया को स्नूकर का खेल सिखाने वाले मध्य प्रदेश में 100 साल में पहली बार विश्व स्नूकर चैंपियनशिप होने जा रही है। यह प्रतिष्ठित आयोजन 12 से 23 नवंबर तक इंदौर के यशवंत क्लब में होगा। इस दौरान दुनिया के करीब 50 देशों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने आएंगे। चैंपियनशिप का कुल व्यय पांच करोड़ रुपये होगा। कुल पुरस्कार राशि 40 हजार डालर यानी 37 लाख, 75 हजार रुपये के करीब होगी।




### मध्य प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाए

हाल ही में चीन में वर्ल्ड टीम स्नूकर चैंपियनशिप में रजत विजेता भारतीय टीम में इंदौर के केतन चावला भी शामिल थे। नेहरू स्टेडियम स्थित अकादमी में केतन चावला को मप्र बिलियर्ड्स व स्नूकर संघ द्वारा सम्मानित किया गया। उनसे पहले मप्र की खिलाड़ी अमी कमानी, सान्वी शाह, इशिका शाह, कनिष्का जुरानी, ऋतिक जैन, ओवेश खान सहित कई अन्य युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्पधार्ओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

**151 साल पहले मध्य प्रदेश से हुई थी शुरूआत-** मप्र बिलियड्‌र्स और स्नूकर संघ के चेयरमैन भोलू मेहता और भारतीय संघ की उपाध्यक्ष अश्विनी पुराणिक ने बताया कि स्नूकर खेल की शुरूआत वर्ष 1875 में जबलपुर में स्थित ब्रिटिश मिलिट्री मेस (नर्मदा क्लब) से हुई थी। इसके बाद से यह खेल भारत और दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में फैला।

भारतीय बिलियड्‌र्स और स्नूकर महासंघ के सचिव सुनील बजाज ने बताया कि देश में 2014 में बेंगलुरू में विश्व चैंपियनशिप हुई थी, जिसके बाद अब यह टूनार्मेंट भारत में होने जा रहा है। भारतीय बिलियड्‌र्स और स्नूकर महासंघ की स्थापना के 100 वर्ष के यादगार अवसर पर इंदौर को मेजबानी के लिए चुना गया है।

विश्व चैंपियनशिप के दौरान पुरुष और महिला दोनों वर्गों के मैच होंगे। पुरुषों के वर्ग में 100 से 125 के करीब खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जबकि महिला वर्गों में 40 से 60 खिलाड़ी शामिल होंगी। इनमें 15 के करीब विश्व चैंपियन खिलाड़ी भी होंगे। स्पर्धा के मुकाबले 12 टेबलों पर खेले जाएंगे जबकि पांच टेबलें अभ्यास के लिए होंगी।

---

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कलेक्टर कांफ्रेंस संपन्न

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर्स से कहा है कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश को विकसित किए जाने के लिए बुनियादी रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगीकरण और मानवसंसाधन को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी योजनाओं और लक्ष्य आधारित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए आसान प्रक्रिया अपनाएं। उन्होंने सुशासन के अनेक बिंदुओं की नियमित समीक्षा से आए बदलाव के लिए कलेक्टर्स की तारीफ की। मुख्य सचिव श्री जैन ने गुरूवार को मंत्रालय से वी.सी के माध्यम से कलेक्टर, कमिश्नर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के साथ कलेक्टर्स कांफ्रेंस में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। पुलिस महानिदेश कैलाश मकवाना भी इस अवसर पर उपस्थित थे। वीसी में इंदौर संभागायुक्त कार्यालय से संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे, आईजी अनुराग, संयुक्त आयुक्त (विकास) श्रीमती शिवानी वर्मा, उपायुक्त (राजस्व) श्रीमती सपना लोवंशी तथा कलेक्टर कार्यालय से कलेक्टर शिवम वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कलेक्टर्स से कहा कि शहरीकरण के तहत मास्टर प्लान तैयार करने के साथ औद्योगीकरण के लिए निवेश आकर्षित करने पर भी काम किया जाए।

---

# पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह जी का कल बड़नगर आगमन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह का आज, दोपहर 1:00 बजे बड़नगर आगमन हो रहा है। इस अवसर पर 'ऊँकार-लीला पैलेस' बड़नगर में पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में उनके हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन हेतु एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है। इस गरिमामयी आगमन पर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में मांगूसिंह राठौर (अध्यक्ष किसान कांग्रेस ब्लॉक बड़नगर), दिनेश पटेल पूर्व पार्षद( अध्यक्ष किसान कांग्रेस शहर बड़नगर), भानुप्रतापसिंह राठौर (अध्यक्ष किसान कांग्रेस ब्लॉक इंगोरिया), विशाल जाट (अध्यक्ष किसान कांग्रेस ब्लॉक खरसोदकलां), निलेश शर्मा (अध्यक्ष सेवादल ब्लॉक बड़नगर), वनिशराज कटारिया (अध्यक्ष सेवादल शहर बड़नगर), मुस्ताक खान (अध्यक्ष सेवादल इंगोरिया ब्लॉक), भारत चौधरी (अध्यक्ष सेवादल खरसोदकलां ब्लॉक), संदीप बैरागी (उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस विधानसभा बड़नगर), प्रवीण वडछा (अध्यक्ष युवा कांग्रेस बड़नगर ब्लॉक), राहुल सोलंकी (अध्यक्ष युवा कांग्रेस इंगोरिया ब्लॉक), सुरेंद्रसिंह पंवार (उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस खरसोदकलां ब्लॉक), अखलाख शेख (अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस शहर बड़नगर), इकबाल पटेल (अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस इंगोरिया ब्लॉक), शरीफ शाह (अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस खरसोदकलां ब्लॉक), जगमोहन यादव (अध्यक्ष पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ कांग्रेस बड़नगर ब्लॉक), निर्मल जाट (अध्यक्ष पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ कांग्रेस इंगोरिया ब्लॉक) एवं हीरालाल चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से भव्य स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा।

---

इंदौर के रिजवानी उद्यान क्षेत्र में 4 महीने से समस्या


# घातक ई-कोलाई बैक्टीरिया वाला पानी

## देखने में साफ, पीने से लोग हो रहे बीमार, पीड़ित डॉक्टर ने निजी लैब में कराई जांच

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर एक और गंभीर मामला सामने आया है। खातीवाला टैंक स्थित रिजवानी उद्यान क्षेत्र के नर्मदा जल की जांच में खतरनाक ई-कोलाई बैक्टीरिया पाया गया है। क्षेत्र के नलों से आने वाला पानी देखने में तो साफ नजर आता है, लेकिन इसे पीने के बाद रहवासी बुखार, उल्टी, दस्त, पेट दर्द और संक्रमण के शिकार हो रहे हैं। इस समस्या से परेशान होकर खुद एक डॉक्टर ने तबीयत खराब होने पर पानी के नमूने की जांच निजी लैब से कराई, जिसमें पानी को पीने के लिए पूरी तरह अनुपयुक्त बताया गया है।

भागीरथपुरा के पानी में फीकल कंटामिनेशन व ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने के बाद अब खातीवाला टैंक इस समस्या की जद में आया है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि चार महीने से नलों में यह दूषित पानी आ रहा है। नगर निगम के जलकार्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। क्षेत्रवासियों ने अब पाइपलाइन की जांच कर सुधार की मांग की है।



### जांच रिपोर्ट में क्या मिला

ई-कोलाई बैक्टीरिया मौजूद, टोटल बैक्टीरियल काउंट 100 से अधिक, टोटल कोलीफॉर्म काउंट 100 से अधिक, पानी की गुणवत्ता असंतोषजनक और पीने योग्य नहीं, सेहत पर असर।

### पेट संबंधी संक्रमण उल्टी-दस्त और घबराहट

नलजल में ई-कोलाई बैक्टीरिया की मौजूदगी के कारण रिजवानी उद्यान क्षेत्र के कई घरों में लोग बीमारियों की चपेट में हैं। दूषित पानी के इस्तेमाल से लोगों में पेट संबंधी गंभीर संक्रमण, उल्टी-दस्त, बुखार, पेट दर्द और घबराहट बीमारियों के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि प्रशासन और निगम जल्द से जल्द प्रदूषण के मुख्य स्रोत का पता लगाए ताकि इस बीमारी को फैलने से रोका जा सके।

### डॉक्टर की पड़ताल- रिपोर्ट में पानी की गुणवत्ता असंतोषजनक

क्षेत्र के रहवासी डॉ. गुरमीत सिंह नारंग स्वयं इस पानी को पीने से बीमार हो चुके हैं। इसके बाद उन्होंने पानी का नमूना निजी लैब में जांच के लिए भेजा था। लैब की जांच रिपोर्ट में पानी के भीतर ई-कोलाई बैक्टीरिया की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। पानी में टोटल बैक्टीरियल काउंट और टोटल कोलीफॉर्म काउंट 100 से अधिक दर्ज किया है, जिसके चलते रिपोर्ट में इस पानी को सेहत के लिए नुकसानदेह माना गया है।

---

गांवों में पेयजल व्यवस्था का पूरा ढांचा बदलने जा रहा

# जल जीवन मिशन के फ्री कनेक्शनों का चार्ज लगेगा

## पाइपलाइन काटी या चोरी की तो सीधे जेल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मप्र के गांवों में पेयजल व्यवस्था का पूरा ढांचा बदलने जा रहा है। नए कानून के तहत पानी की पाइपलाइन तोड़ने, वॉल्व क्षतिग्रस्त करने या टंकी पर कब्जा कर पानी चोरी करने पर सीधे एफआईआर दर्ज होगी। सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित ग्रामीण नलजल योजनाओं के लिए 2020 के नियमों की जगह यह नया कानून लागू किया है।

नए कानून के तहत मुफ्त पानी की व्यवस्था खत्म होगी और जल जीवन मिशन में पहले दिए गए फ्री नल कनेक्शनों पर भी जन सहयोग राशि वसूली जाएगी। जलापूर्ति व्यवस्था को ह्यकॉर्पोरेंट और कमर्शियल मॉडल पर संचालित किया जाएगा। यह बदलाव इसलिए किया गया क्योंकि जल जीवन मिशन के तहत टंकियां और पाइपलाइन बनने के बाद कई गांवों में गंभीर गड़बड़ियां सामने आई थीं। कई जगह सरपंच-सचिव नकद वाटर टैक्स वसूलकर जमा नहीं कर रहे थे। बिजली बिल नहीं भरने से पंप बंद हो जाते थे, जबकि प्रभावशाली लोगों को बड़े पाइप के अवैध कनेक्शन देकर पानी की चोरी कराई जा रही थी। इन्हीं गड़बड़ियों को रोकने के लिए पूरी व्यवस्था डिजिटल कर दी गई है।

समूह जल प्रदाय योजनाओं में मप्र जल निगम/पीएचई विभाग, अनुबंधित ठेकेदार और ग्राम पंचायत के बीच टंकीवार त्रिपक्षीय अनुबंध होगा। ठेकेदार को रोज प्रति व्यक्ति 55 लीटर शुद्ध पानी देना होगा। पंचायतों को हर महीने 5 तारीख तक ऑनलाइन बिल मिलेगा, 20 तारीख तक भुगतान करना होगा। घरेलू कनेक्शन के लिए अधिकतम 15 मिमी, सार्वजनिक संस्थानों के लिए 20 मिमी और व्यावसायिक/औद्योगिक कनेक्शन के लिए 25 मिमी व्यास तय किया गया है। दोबारा कनेक्शन लेने पर नया शुल्क और वास्तविक लेबर चार्ज देना होगा। पंचायतें प्रति माह 10 हजार तक की तात्कालिक मरम्मत बिना तकनीकी मंजूरी और बिना टेंडर स्थानीय स्तर पर करा सकेंगी।

### महिलाओं के हाथ में वॉटर पावर

पानी समिति में अधिकतम 20 सदस्य होंगे, जिनमें कम से कम 50% महिलाएं होंगी। एससी-एसटी को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिलेगा। लगातार तीन बैठकों में बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले सदस्य की सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाएगी।

### सरपंच-सचिव लोक सेवक गड़बड़ी की तो बर्खास्त होंगे

ग्रामीण नल-जल योजना से जुड़े सरपंच और पानी समिति का हर सदस्य बीएनएस, 2023 की धारा 2(28) के तहत लोक सेवक माना जाएगा। टैक्स वसूली में पक्षपात, चहेतों को अवैध कनेक्शन देने या फंड में हेराफेरी पर पद से बर्खास्त होंगे। गबन का केस दर्ज होगा।

### टुल्लू पंप लगाया या पेयजल से वाहन धोया तो कार्रवाई

मुख्य लाइन पर टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचने या पीने के पानी से वाहन धोने पर पहली बार ?100 व दूसरी बार 500 जुमार्ना लगेगा। कनेक्शन भी तत्काल कट जाएगा। हर महीने 10 तारीख तक वाटर टैक्स जमा करना होगा। देरी पर 5 से 10% तक पेनल्टी लगेगी। लगातार तीन महीने भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन स्थायी रूप से कटेगा।

नकद लेन-देन पूरी तरह बंद। हर महीने पंचायत दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन बिल जारी होगा। उसी से भुगतान होगा। दूषित पानी की शिकायत मिलते ही जल रेखा एप के जरिए जलापूर्ति रोकी जा सकेगी।

## अखिल भारतीय सर्व समाज समरसता संगठन के द्वारा पदभार ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

**सनावद।** अखिल भारतीय सर्व समाज समरसता संगठन के द्वारा पदभार ग्रहण एवं दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन सनावद समीप ग्राम इंपुन पुनर्वास में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री लक्ष्मण खेड़े जी उपस्थित रहे। उनके करकमलों द्वारा संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बेसवार, निमाड़ प्रभारी कैलाश तवर , खरगोन जिला अध्यक्ष मौसम वर्मा , जिला उपाध्यक्ष संतोष हिरवे, जिला मंत्री सुरेश सावले, रोहित कनाडे, जिला उपाध्यक्ष राकेश सावले, पुनासा तहसील अध्यक्ष सूरज माली , इंदौर जला अध्यक्ष लखन जाधव, देवास जिला अध्यक्ष रोहित पीपले, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलीप हिरवे एवं खरगोन मीडिया प्रभारी पुष्पेन्द्र सगोरे सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 14 गौरक्षकों की सजा पर की पुर्नविचार की मांग, सौंपा ज्ञापन

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम (सिवनी



मालवा) जिले की अदालत द्वारा 14 गौरक्षकों को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद, गौरक्षक एवं हिंदू संगठनों और परिजनों द्वारा सजा माफी की मांग तेज हो गई है। इस सजा के विरोध में शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर भी प्रदर्शन कर फैसले पर पुनर्विचार की मांग की गई। गौभक्त हिन्दू समाजजनों ने सजा के विरोध में ज्ञापन रैली का आयोजन किया। रैली श्रीकृष्ण टॉकीज तिराहे से बस स्टैंड होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। यहां राष्ट्रपति के नाम प्रार्थना पत्र प्रशासन को सौंपा गया। प्रार्थना पत्र के माध्यम से हिन्दू संगठन व गौ रक्षकों ने राष्ट्रपति से संविधान में निहित दया, करुणा ओर मानवीय मूल्यों को दृष्टिगत रखते हुए सभी 14 गौ रक्षकों की आजीवन कारावास की सजा को माफ करने की मांग की। प्रार्थना पत्र का वाचन गौसेवक सतीश राठौड़ ने किया । उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम के बलखड़ में गौ रक्षको द्वारा तस्करी कर ले जाये जा रहे गौवंश को बचाने के प्रयास में रोके गए वाहन के चालक से कथित मारपीट के बाद उसकी मृत्यु मामले में न्यायालय द्वारा 14 गौ रक्षकों को आजीवन कारावास की सजा से आक्रोशित गौ रक्षकों व हिंदू संगठनों ने सजा माफ करने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम प्रार्थना पत्र सौपा।

## पिछले 24 घंटों में जिले में 24.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**खण्डवा।** पिछले चौबीस घंटों में जिले में 24.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में खण्डवा तहसील में 54 मिली मीटर, नया हरसूद तहसील में 0 मिली मीटर, पंधाना तहसील में 15 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 48 मिमी तथा खालवा तहसील में 5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 25 जून तक 111.4 मि.मी. औसत वर्षा हुई थी, जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 56 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 69 मिली मीटर, नया हरसूद तहसील में 46 मिली मीटर, पंधाना तहसील में 47 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 103 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 15 मिली मीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है। होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदिरा सागर जलाशय में वर्तमान जलस्तर 248.11 मीटर है।

## अयूब को एनएसए में निरूद्ध रखने की अवधि 25 सितम्बर तक बढ़ाई

**खण्डवा।** गृह विभाग मध्यप्रदेश शासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के तहत निरूद्ध बंदी अयूब पिता इस्माईल अली निवासी मुंदवाड़ा थाना जावर जिला खण्डवा को जेल में निरूद्ध रखने की अवधि 3 माह के लिए बढ़ाने के आदेश जारी किए हैं। इस तरह गृह विभाग ने जिला दण्डाधिकारी खण्डवा द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अधीन जारी किये गए निरोध आदेश अर्थात डिटेंशन ऑर्डर की पुष्टि की है। गृह विभाग के अपर सचिव द्वारा जारी आदेश अनुसार अयूब के निरोध की कालावधि अब 25 सितम्बर 2026 तक बढ़ाई गई है।

## बुजुर्ग को परिजनों से मिलाया डायल-112 हीरोज ने

**खण्डवा।** हरसूद थाना क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशीलता एवं तत्पर कार्यवाही से रास्ता भटक गए 80 वर्षीय बुजुर्ग को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। समय पर मिली इस मदद से बुजुर्ग सकुशल अपने परिवार तक पहुँच सके। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना हरसूद क्षेत्र अंतर्गत चौपाटी के पास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति मिले हैं, जो अपने घर का रास्ता भटक गए हैं। पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही हरसूद थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। डायल-112 में तैनात प्रधान आरक्षक शंकर कासदे एवं पायलट सैय्यद अली ने मौके पर पहुँचकर बुजुर्ग व्यक्ति को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि बुजुर्ग व्यक्ति ठीक से देख नहीं सकते थे तथा अपने भाई के घर जाने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ता भटक गए थे। बुजुर्ग ने अपने भाई के निवास संबंधी जानकारी डायल-112 टीम को बताई, तो जवानों ने तुरन्त बुजुर्ग को डायल 112 वाहन में बैठाकर बुजुर्ग के परिजनों के पास नंदगांव पहुँचाया और उन्हें परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# बड़वानी में आपातकाल के 51वें वर्ष पर भाजपा की जिला संगोष्ठी

## डॉक्युमेंट्री प्रदर्शन के साथ सेनानियों ने सुनाए आपबीती के संस्मरण,

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल के 51वें वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने जिला भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले भर के लोकतंत्र सेनानियों को अतिथियों द्वारा साल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान आपातकाल की विभीषिका पर केंद्रित एक डॉक्युमेंट्री फिल्म का एलईडी पर प्रदर्शन भी किया गया।

जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजय यादव ने की। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संगोष्ठी में लोकतंत्र सेनानी एवं जिलाध्यक्ष शिखरचंद जैन तथा लोकतंत्र सेनानी नारायण सिंह गांधी ने अपने संस्मरण साझा किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगाया गया आपातकाल भारतीय इतिहास की सबसे दर्दनाक घटनाओं में से एक था। उस दौर में पूरे




देश में अराजकता का माहौल था। निर्दोष लोगों को बिना कारण जेलों में डाल दिया गया और उन्हें अमानवीय यातनाएं दी गईं। कई परिवार पूरी तरह उजड़ गए। स्थिति यह थी कि पूरा भारत एक अघोषित जेल में तब्दील हो गया था। उन्होंने यह भी याद किया कि उस कठिन समय में एक वर्ग ऐसा भी था जिसने जेल में बंद सेनानियों के परिवारों के भरण-पोषण में हर संभव मदद की। लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष अजय यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल एवं वरिष्ठ नेता सुभाष जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और तपस्या के कारण ही आज केंद्र सहित प्रदेश व अन्य राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस सरकार ने इन सेनानियों को 11 से 19 महीने तक जेल में बंद रखकर यातनाएं दीं। यदि उस समय ये लोकतंत्र के प्रहरी परिस्थितियों से समझौता कर लेते तो आज भाजपा इस स्थिति में नहीं होती। भाजपा आज इन्हीं सेनानियों की बदौलत मजबूती से खड़ी है।

### इन सेनानियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में जीवित लोकतंत्र सेनानी शिखरचंद जैन, राधेश्याम अग्रवाल, सोहनलाल माहेश्वरी, नारायण सिंह गांधी, भेरूलाल मारू एवं कांतिलाल जैन को मंच पर साल-श्रीफल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वर्गीय लोकतंत्र सेनानियों के परिजनों का भी सम्मान किया गया। इनमें स्व. उमराव सिंह पटेल के सुपुत्र लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, स्व. नानकसिंह के पुत्र गुरमीत सिंह, स्व. प्रेमलाल परिहार के पुत्र खेमू परिहार, स्व. बिहारीलाल जोशी के पुत्र सुभाष जोशी, स्व. हीरालाल परमार के पुत्र अरुण परमार, स्व. गंगाराम मालक के पुत्र गणेश मालक, स्व. भागीरथ माहेश्वरी की धर्मपत्नी बसंती बाई एवं सूरजमल लुंकड़ के पौत्र आकाश लुंकड़ शामिल रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष हरीश मुकाती तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखा अग्रवाल का भी सम्मान किया गया। संगोष्ठी में जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सभी मोर्चों व मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नेपानगर में सीवरेज की पुरानी समस्या से लोग परेशान, स्थायी समाधान की मांग उठी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नेपानगर

नेपानगर के एक वार्ड में सीवरेज और ड्रेनेज की समस्या सालों से बनी हुई है। हालात ये हैं कि हर 3-4 दिन में सीवरेज लाइन चोक हो जाती है और गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। संदीप अग्रवाल के घर से बैंडार ऑफिस तक अक्सर सड़क पर सीवर का पानी फैला रहता है, जिससे रहवासियों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है।

स्थानीय निवासी कुमार देशमुख समेत कई लोगों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की है।



मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन कार्रवाई के बजाय सिर्फ आश्वासन देकर शिकायत बंद कर दी गई।

मामले की जानकारी मिलने पर समाजसेवी राजेश पटेल क्षेत्रवासियों के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका की टीम ने सीवरेज लाइन साफ कर फिलहाल अस्थायी राहत दी। राजेश पटेल ने अधिकारियों से कहा कि बार-बार होने वाली इस समस्या का स्थायी हल निकाला जाए, ताकि लोगों को बार-बार दिक्कत न हो।

इस मार्ग से रोज निजी स्कूलों के बच्चों का आना-जाना होता है। सड़क पर फैले गंदे पानी से बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और नगर पालिका से सीवरेज लाइन का तकनीकी परीक्षण कराकर जल्द मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को इस समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

## लंबित प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश



दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था, राजस्व प्रकरणों तथा विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने सभी जिलों में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही 15 से 31 जुलाई तक आयोजित होने वाल नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत सभी शैक्षणिक परिसरों को ड्रग-फ्री जोन बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अविवादित नामांतरण एवं सीमांकन के मामलों को प्राथमिकता से निपटाने तथा विकास कार्यों से जुड़े भूमि अधिग्रहण प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया।

## भुगतान नही हुआ तो धरने पर बैठूंगा- पूर्व सरपंच भूपेंद्र गुड्डू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ टांडा(धार)

गंधवानी विधानसभा के चुंनपिया पंचायत में 5 वर्ष पूर्व बनाए गए पाइप पुलिया निर्माण कार्य के सामग्री बिलो का भुगतान लंबित होने का मामला सामने आया है। पूर्व सरपंच भूपेन्द्र सिंह गुड्डू ने जनपद सीईओ एवं सहायक लेखा अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में हमने भुगतान हेतु सीईओ से कई बार निवेदन किया। पर इन्होंने हर बार यह कहकर टालमटोल करती हैं कि अभी भुगतान राशि कम आई है, अगली बार राशि आने पर भुगतान कर देंगे। हमने पिछली बार सीईओ के विरुद्ध लंबित भुगतान नहीं करने के संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की थी, तब इन्होंने ने यह कहकर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया कि अगला फंड आने पर सबसे पहले आपका ही भुगतान करेंगे, पर इस बार भी सीईओ एवं एएओ यह कहकर भुगतान नहीं कर रहे हैं कि अभी भी मात्र 90 लाख का ही आवंटन आया है। पूर्व सरपंच ने बताया कि इधर सामग्री प्रदायकर्ता आए दिन लंबित भुगतात को लेकर मुझे परेशान कर रहे है । यह कार्य वर्ष 2022 में भी हुआ था, परंतु वर्तमान सरपंच द्वारा चुनावी द्वेषता रखते हुए बिलों का सत्यापन नही करने से उक्त भुगतान करीब 4 वर्षों से लंबित है। सरपंच द्वारा 2 माह पूर्व सामग्री प्रदायकर्ताओं के दबाव बनाने पर बिलों का सत्यापन किया गया।

### नेपा लिमिटेड का वृक्षारोपण अभियान

# नेपानगर में हरियाली से गढ़ रहे भावी पीढ़ी का भविष्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नेपानगर

ताप्ती नदी के किनारे और सतपुड़ा की पहाड़ियों से घिरी कागज नगरी नेपानगर में उद्योग और पर्यावरण के बीच तालमेल की मिसाल देखने को मिलती है। दशकों से बची-संभाली हरियाली आज भी इस शहर की पहचान है। इस हरित विरासत को बनाए रखने में नेपा लिमिटेड लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

देश की प्रमुख कागज उत्पादक कंपनी नेपा लिमिटेड पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देती है। यहां पेड़ काटे बिना, मुख्य रूप से पुराने कागज को रिसाइकिल कर सस्ता और बेहतर कागज बनाया जाता है। इससे प्राकृतिक संसाधन बचते हैं, विदेशी मुद्रा की बचत होती है और देश को कागज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलती है।



नेपा लिमिटेड में पेड़ लगाना सिर्फ पर्यावरण दिवस तक सीमित नहीं है। यहां सालभर मौके मिलने पर बीज और पौधे लगाए जाते हैं। पहले लगाए गए पौधे अब बड़े पेड़ बन चुके हैं। कंपनी की एक खास परंपरा भी है – रिटायर होने वाले हर कर्मचारी-अधिकारी को सम्मान के साथ एक पौधा दिया जाता है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह की ओर से दिया जाने वाला यह पौधा हरियाली के प्रति जिम्मेदारी की याद दिलाता है।

शुक्रवार को मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन के निर्देशन में प्रबंधक पेपर मशीन के.के. देशमुख और टीम ने नेपा मिल परिसर में बड़े पैमाने पर पौधे लगाए। डीआईपी प्लांट, पेपर मशीन के सामने और बाबा की दरगाह वाली पहाड़ी समेत कई जगहों पर वृक्षारोपण किया गया।

राम अलागेसन ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा सिर्फ हमारी जरूरत नहीं, आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है।

## कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से किया संवाद



दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकताओं से संवाद किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्री राहुल कोठारी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

# अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के युवा स्वरोजगार के लिए आवेदन करें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खण्डवा

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य अनुसार आदिवासी वित्त एवं विकास निगम तथा अंत्यावसायी निगम खण्डवा द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सदस्यों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

प्रभारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री बजरंग बहादुर ने बताया कि वर्ष 2026-27 में टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक युवा एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से अपना आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आवेदक का मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आईडी तथा आवेदक की पासपोर्ट साइज की एक फोटो होना आवश्यक है।

ह्लभगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजनाह्व एवं संत रविदास स्वरोजगार योजना के लिए आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपए से कम होनी चाहिए, तथा आवेदक कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस योजना के तहत स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए उद्योग इकाई के लिए 1 लाख से 50 लाख रुपए तक का ऋण स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। सेवा, इकाई एवं खुदरा व्यवसाय के लिए परियोजना राशि 1 लाख से 25 लाख तक स्वीकृत की जा सकती है। इस योजना के तहत आवेदक को ब्याज अनुदान 5 प्रतिशत 7 वर्ष के लिए देय होगा तथा गारंटी फीस प्रदेश सरकार भरेगी।

इसके अलावा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत जनजातीय वर्ग के युवाओं को तथा भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आर्थिक मदद दी जाती है। इन दोनों योजनाओं के लिए आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक आयकर दाता नहीं होना चाहिए। इन दोनों योजनाओं के तहत स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बैंक के माध्यम से 10 हजार रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक की राशि, ऋण के रूप में दी जाती है। योजना के तहत ब्याज अनुदान 7 प्रतिशत 5 वर्ष के लिए देय होगा।

## 2 जुलाई को खण्डवा में लगेगा रोजगार मेला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खण्डवा

शासकीय आई.टी.आई. खण्डवा में 2 जुलाई गुरुवार को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेला आयोजित किया जाएगा। यह रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगेगा, जिसमें प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एव गैर तकनीकी क्षेत्र में लगभग 200 बेरोजगार युवक युवतियों की निजी क्षेत्र में भर्ती की जावेगी। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलौटे ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, सभी ट्रेड में डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर है, सभी के लिए भर्ती प्रक्रिया होगी। इसके लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तक निर्धारित है, वेतनमान 8,000 रूपए से 20,000 रुपए तक दिया जावेगा।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली निविदा' के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है: ई-टेंडरिंग : RTM-2026-27-62 कार्य का नाम: Ujjain to Sant Hirdaram Nagar Section - Maintenance of track structure for improvement and up-gradation of the section under Jurisdiction of DEN (East) Ratlam. अनुमानित मात्रा: As per tender schedule अनुमानित लागत: 2,94,71,005.94 बयाना राशी : Rs. 5,89,400.00 कार्य समापन अवधि: 08 Months. Any Track Work वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 24.06.2026 निविदा खुलने की तिथि: 17.07.2026 विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।

Apex/114

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है । केटलॉग को (www.ireps.gov.in) के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है । क्र.सं. : 1 ऑक्शन केटलॉग सं : PnU-RTM-26-13 अनुबंध का प्रकार : Pay & Use लॉट नं : PnU-RTM-UJN-WRL-53-26-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) क्र.सं. : 2 ऑक्शन केटलॉग सं : ADVT-RTM-26-14 अनुबंध का प्रकार : Advertising लॉट नं : ADVT-RTM-RTM-OSN-170-26-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) ई-नीलामी अनुबंध की अवधि : 05 वर्ष ई-नीलामी की तिथि और समय: 10.07.2026 प्रातः 11.00 बजे । प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनिट है । अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है ।

Apex/113

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते है। निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2025-26/21RT-1 दिनांक 24.06.2026 कार्य का नाम: TRD Work in connection with BLAX Yard Remodeling with additional loop line under Simhastha 2028. अनुमानित लागत: Rs.1,37,73,083.00/- बयाना राशी: Rs.2,75,500.00/- समापन अवधि: 18 Months निविदा दस्तावेज़ की राशि: Nil ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय: 17.07.2026 at 15:00 hrs. ऑफर की वैधता: 60 days from the date of opening वेबसाइट: www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड: वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने।

Apex/112

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## न्यूज -कॉलम

## टाइम हेडक्वार्टर का कर्मचारी गायब कर रहा था गैस टंकी

**उज्जैन।** आगररोड गरोठ ब्रिज के पास टाइम हेडक्वार्टर रेस्टोरेंट बना हुआ है। कुछ दिनों से रेस्टोरेंट के गैस सिलेंडर गायब हो रहे थे। मामले की शिकायत चिमनगंज थाना पुलिस तक पहुंची थी। प्रधान आरक्षक नवीनसिंह विशनार ने मामले की जांच शुरू की। इस दौरान मामले में रेस्टोरेंट के स्टोर कीपर नरेन्द्र तोमर पर शंका हुई। जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने व्यवसायिक सिलेंडर बेचने की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि रूपयों के लालच में स्टोररूम में रखे 3 सिलेंडर उसने तिरूपति ड्रीम्स के रहने वाले ललित प्रजापत का बेचे है। ललित होटल संचालित करता है। मामले का खुलासा होते ही पुलिस ने रेस्टोरेंट के स्टोर कीपर और होटल वाले को हिरासत में सिलेंडर बरामदगी के लिये एक दिन की रिमांड पर लिया। दोनों की निशानेदही पर 3 सिलेंडर बरामद होने पर कोर्ट में पेश किया गया। विदित हो कि घरेलू गैस के साथ व्यवसायिक गैस सिलेंडर की बाजार में कालाबाजारी नहीं हो पा रही है। जिसके चलते होटल वालों को सिलेंडर के लिये जुगाड लगाना पड रही है। इसी के चलते रेस्टोरेंट के स्टोर कीपर ने अधिक रूपयों के लालच में सिलेंडर ठिकाने लगाना शुरू कर दिये थे।

## लापता बालिका 17 दिन बाद आगर-मालवा में मिली

**उज्जैन।** महिदपुर तहसील के कस्बे में रहने वाली 15 वर्षीय बालिका 8 जून को दुकान से सामान लेकर आने का बोलकर निकली थी। उसके बाद लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। मामले की शिकायत महिदपुर थाना पुलिस को दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने मामला नाबालिग से जुडा होने पर टीम गठित की। 17 दिन बाद पता चला कि बालिका आगर-मालवा में अपनी मौसी के घर पर है। एक टीम आगर-मालवा रवाना की गई और बालिका को दस्तयाब कर महिदपुर लाया गया। जहां पूछताछ में उसने माता-पिता से नाराज होकर मौसी के घर जाने की बात कहीं। बालिका के सकुशल मिलने और उसके साथ कोई अप्रिय घटना नहीं होने पर पुलिस ने बालिका का समझाईश देकर परिजनों को सौंप दिया। बालिका के मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार माना।

## ट्रेन में यात्रा कर रही महिला का 5 तोले का मंगलसूत्र चोरी

**उज्जैन।** बेटी के ससुराल उज्जैन आई महिला कंचन पति संजय चौहान निवासी डोंगरपुर महू थाना ब?गोंदा जिला इंदौर वापस लौटे समय डॉ. अम्बेडकर नगर सुपरफास्ट ट्रेन के स्लीपर कोच एस/6 में सवार हुई थी। ट्रेन चलने के कुछ देर बाद उसे पता चला कि गले में पहना 5 तोला वजनी मंगलसूत्र गायब है। ट्रेन के महू पहुंचने पर कंचना ने मामले की शिकायत जीआरपी चौकी पुलिस को दर्ज कराई। जहां से मंगलसूत्र चोरी होने का मामला जांच के लिये उज्जैन जीआरपी के पास पहुंचा है। जीआरपी ने बताया कि घटनाक्रम 24 जून का सामने आया है। प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जायेगें। पिछले कुछ दिनों से उज्जैन स्टेशन से जाने वाली ट्रेनों में महिला यात्रियों के साथ वारदात होना सामने आ रहा है। बदमाश जहां महिलाओं को निशाना बना रहे है। पुरूष यात्रियों के मोबाइल और पर्स भी गायब कर रहे है। जीआरपी मोबाइल चोरी में बदमाशों का सुराग तलाशने में सफल हो रही है। लेकिन चेन, मंगलसूत्र, पर्स चोरी करने वालों का पता नहीं चल पा रहा है।

## खेत जोतने की बात पर आंजना परिवार के बीच विवाद



**उज्जैन।** महिदपुर के ग्राम धाराखेडी में आंजना परिवार के नारायणसिंह पिता रामचंद्र 65 साल और जीवन पिता लालसिंह 70 साल के बीच खेत जोतने की बात पर विवाद हो गया। दोनों खेत अपना बता रहे थे। विवाद के दौरान हुई मारपीट के चलते एक पक्ष से नारायणसिंह और उसका नाती युवराज घायल हुआ है। दूसरे पक्ष से जीवनसिंह और उसके ट्रेक्टर चालक पदमसिंह को चोंट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। वर्षाकाल की शुरूआत होने पर खेती-किसानी करने वालों ने खेतों का रूख कर लिया है। जहां बोनी करने, खेत जोतने और जमीन अपनी होने की बात पर विवाद भी शुरू हो गये है। पिछले 5-6 दिनों में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से सात-आठ मामले सामने आ चुके है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 225-9 | 120-3 |
| मेन बाजार | 178-6 | 258-5 |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 127-0 | 158-4 |
| मिलन नाइट | 277-6 | 799-5 |
| मधुर डे | 339-5 | 459-8 |
| मधुर नाइट | 450-9 | 149-4 |
| शुभांक | 3 5 | 6 |

दीवार से गिरकर घायल हुआ कातिलाना हमले का आरोपी....

# मम्मी का नंबर डायल किया तो युवती को मारे चाकू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दवा बाजार में काम करने वाली युवती का शुक्रवार दोपहर युवक ने रास्ता रोक लिया। युवती ने अपनी मां को कॉल करने के लिये नम्बर डायल किया, युवक ने चाकू से ताबातोड वार कर दिये। पुलिस हमलावर की तलाश शुरू की और 4 घंटे बाद उसकी घेराबंदी कर ली। हमलावर ने दीवार कूदकर भागने का प्रयास किया लेकिन उसे पैर टूट गया।

बापूनगर में रहने वाली पूजा उर्फ गुनगुन पिता रवि रजक 19 साल बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है और दवा बाजार में दयाल फार्मा पर कम्प्यूटर ऑपरेटर की जॉब करती है। दोपहर 12.45 बजे के लगभग वह दवा बाजार पहुंची थी, उसी दौरान ग्राम डेंडिया में रहने वाले सुनील पिता लालाराम जारोलिया ने रास्ता रोक लिया और बात करने का दबाव बनाने लगा। पूजा ने अपना मोबाइल निकाला और मम्मी का नम्बर डायल किया। तभी सुनील ने चाकू निकाला और ताबातोड मारना शुरू कर दिया। पूजा की चीख सुनकर दवा बाजार के लोग दौडे, चाकू मारने वाला भाग निकला। घटनाक्रम की खबर मिलते ही नीलगंगा थाना पुलिस की टीम दवा बाजार पहुंच गई। घायल युवती को चरक अस्पताल लाया गया, उसे चाकू के पांच गहरे घाव लगे थे, डॉक्टरों ने उपचार किया, परिजन खबर लगते ही अस्पताल पहुंच गये थे।

डॉक्टरों हालत गंभीर बताई, परिजन उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर रवाना हो गये। जहां शाम को युवती का ऑपरेशन किया गया। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि मामले में हमलावर का नाम सामने आने पर उसके खिलाफ धारा 109 (1), 118 (1), और 351 (3) का प्रकरण दर्ज किया गया और गिरफ्तारी के लिये टीम रवाना की। हमला करने वाला पैदल भागना सामने आया था, जिसकी तलाश में रूट ट्रेस किया गया और 4 घंटे बाद इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास घेराबंदी कर ली। हमलावर ने कॉलेज की दीवार कूदकर भागने का प्रयास किया लेकिन गिर गया। उसके पैर में फैक्चर हुआ है। जिसे पुलिस टीम उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां अभिरक्षा में उपचार कराया जा रहा है।





### 10 से 12 बार किया हमला, 5 चाकू लगे

युवती पर हुये कातिलाना हमले का दवा बाजार में लगे कैमरे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें हमलावर पहले बात करता दिखाई दे रहा है। उसके बाद चाकू निकालकर ताबातो? वार करता दिख रहा है। उसने युवती पर 10 से 12 बार वार किया इस दौरान पांच चाकू के गहरे घाव युवती को लगे और वह गिर पडी। सीसीटीवी में कुछ लोग दौडते दिखाई दे रहे है, जिन्हे देख हमलावर भागता दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि वह बिना नम्बर की स्कूटी से आया था, जिसे पुलिस ने जप्त किया है।

### इंस्टाग्राम पर हुई दोनों की पहचान

चरक अस्पताल में भर्ती हमलावर सुनील ने बताया कि उसकी पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी। वह होटल में काम करता है, दोस्ती प्यार में बदल गई, वह पूजा को पत्नी मानने लगा था। उसकी मां से शादी के लिये बात कहीं थी लेकिन मां ने मना कर दिया था। पूजा ने बात करना बंद कर दिया था। उसकी मां ने पुलिस को शिकायत भी दर्ज करा दी थी। पूजा के बात नहीं करने पर परेशान रहने लगा था। उसका कहना था कि चाकू मारकर गलती कर दी।

### युवती को देखने एसपी पहुंचे अस्पताल

युवती पर चाकू से हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला संगीन होने पर एसपी प्रदीप शर्मा खुद अस्पताल पहुंचे और युवती की स्थिति देख डॉक्टरों से जानकारी ली। यही नहीं एसपी ने परिजनों से चर्चा कर हर संभव उपचार का भरोसा दिलाया और सख्त कार्रवाई की बात कहीं।

# दिल्ली से गिरफ्त में आया अंतर्राज्यीय गिरोह का साथ

### सायबर ठगी की राशि करते थे गोल्ड खरीदी

**उज्जैन।** सायबर ठगी की राशि से गोल्ड खरीदी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का चौथा साथी दिल्ली से पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिससे पूछताछ जारी है, आज मामले में उसकी गतिविधियों का खुलासा किया जा सकता है।

घासमंडी चौराहा पर डीपीके गोल्ड शोरूम से 6 जून को फर्जी नाम अनुराग कहार द्वारा 95 हजार का गोल्ड क्वाइन खरीदा गया था। भुगतान क्यूआर कोड से किया गया। कुछ दिन बाद गोल्ड शोरूम का खाता होल्ड कर दिया गया। जानकारी सामने आई कि सायबर ठगी की राशि का ट्रांजेक्शन हुआ है। शोरूम प्रबंधक ने माधवनगर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने फुटेज और खरीदी करने वालों का रूट ट्रेस कर 18 जून को सखीपुरा स्थित होटल हीरा पैलेस में दबिश देकर नर्मदापुरम के रहने वाले कशिश पिता सुनील,



राहुल उर्फ शानू पिता अरुण और अनिमेश उर्फ अनुराग उर्फ अन्नी पिता अभय को गिरफ्तार किया। तीनों को न्यायालय में पेश कर 21 जून तक रिमांड पर लिया। इस दौरान पता चला कि सायबर ठगी की राशि से गोल्ड खरीदते थे। दिल्ली में बैठे साथी मोबाइल अपडेट करने के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर लोगों के खाते से राशि उ?ाते है। तीनों ने उज्जैन के चार ज्वेलर्स से ठगी की राशि से गोल्ड खरीदा है। इसी आधार पर एक टीम दिल्ली रवाना की गई थी, जहां 3 से 4 दिनों की तलाश के बाद ठगी में शामिल चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया है। जिससे पूछताछ जारी है। उज्जैन पुलिस की हिरासत में आये अंतर्राज्यीय स्तर पर ठगी कर राशि से गोल्ड खरीदने का मामला सामने आने के बाद भोपाल के चार ज्वेलर्स भी सामने आये थे। जिनके खातों में क्यूआर कोड से ठगी की राशि का ट्रांजेक्शन हुआ था और उनके खाते होल्ड हो गये थे। भोपाल हबीबगंज पुलिस ने 2 ज्वेलर्स की शिकायत पर कुछ दिन पहले प्रकरण दर्ज किया है।

## जहरीला पदार्थ खाने वाले की मौत



**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के मंगलनगर में रहने वाले पुरूषोत्तम पिता छोटेलाल यादव 51 वर्ष ने गुरूवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजनों ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रात में पुरूषोत्तम की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। इस दौरान सामने आया कि पुरूषोत्तम सब्जी बेचने का काम करता था और घर से किराना दुकान भी संचालित करता था। उसके द्वारा ऐसा कदम क्यों उठाया गया, इसकी वजह सामने नहीं आई है। पुलिस जांच के बाद जहरीला पदार्थ खाने का कारण पता चल पायेगा।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मनोहर पिता बाबूलाल निवासी देवराखेडी बुजुग जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 157/1/2 रकबा 0.15 हेक्टर सर्वे नंबर 157/2 रकबा 0.25 हेक्टर व लाखन सिंह पिता हरलाल सिंह निवासी रुणजी मालीखेडी जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 158 रकबा 0.54 हेक्टर व भगवानसिंह पिता श्री अंबाराम निवासी लेकोडा आंजना तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 157/1/1 रकबा 0.14 हेक्टर व राहुल पिता श्री बहादुरसिंह निवासी छितरदेवी तहसील घटिया जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 155 रकबा 0.54 हेक्टर मे से रकबा 0.12 हेक्टर व विक्रमसिंह परमार पिता श्री बापूलाल परमार निवासी 89 महालक्ष्मी एवेन्यु देवास रोड उज्जैन से उनके आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 160 रकबा 0.54 हेक्टर व इंदरलाल डाबी पिता श्री भेरूसिंह डाबी निवासी सुखलिया इंदौर से उनके आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 159 रकबा 0.54 हेक्टर इस प्रकार कुल संयुक्त रकबा 2.28 हेक्टर स्थित ग्राम आकासोदा तहसील व जिला उज्जैन में है को उनसे मय जमीन तला, हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया टोकन राशि भी अदाकर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार अपने हित में करवाने जा रहे है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांक 26-06-2026, उज्जैन

**अर्जुन सिंह ( सर्विस प्रोवाइडर )पटेल ऑनलाईन सर्विस सरकारी अस्पताल के सामने उन्हेल जिला उज्जैन मो. 98267-83222**
**समय सुबह 11.00 से 06.00 बजे तक**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती श्यामुबाई शर्मा पति श्री देवनारायण शर्मा, निवासी- ग्राम परसोली तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1363 रकबा 1.12 हेक्टेयर स्थित ग्राम ग्राम परसोली तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन में है। जिसके पूर्व में सर्वे क्रमांक 1366 की भूमि, पश्चिम में - सर्वे क्रमांक 1364 एवं 1235 की भूमि, उत्तर में- सर्वे क्रमांक 1365 की भूमि, दक्षिण में - सर्वे क्रमांक 1362 की भूमि है, को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में टोकन राशि प्राप्त कर सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। उक्त सौदा चिट्ठी के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूमि में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो. इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 27/06/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर,**
**नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो. 9826266570**

## पलंग से गिरे 7 माह के मासूम की हुई मौत

**उज्जैन।** सात माह का मासूम 2 दिन पहले पलंग से गिर गया था, निजी अस्पताल में उपचार के चलते उसकी शुक्रवार तडके मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

नानाखेडा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंकदरी में रहने वाले गोपाल राठौर का सात माह का पुत्र समरथ 2 दिन पहले पलंग से गिर गया था, उस दौरान परिवार घर के काम लगा था। मासूम का रोना बंद नहीं हुआ तो उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां दो दिन चले उपचार के बाद मौत हो गई। डॉक्टरों ने मासूम के पास से कीटनाशक की स्मैल आना भी बताया। मामला संदेहास्पद बन गया, पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की लेकिन सभी ने पलंग से गिरने की बात कही। बावजूद मासूम का शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया शार्ट पीएम रिपोर्ट में गिरने से सिर में लगी चोंट के चलते मौत होना सामने आया है। सिर में खून का धक्का जम गया था। फिर भी बिसरा जांच के लिये फारेंसिक लेब भेजा जा रहा है। मासूम राठौर परिवार का एकलौता पुत्र था।

**सफाई करते समय छत से गिरा युवक**

शुक्रवार शाम नीलगंगा थाना क्षेत्र के कमलानेहरू नगर में रहने वाला मोहित पिता राजू मरमट 22 साल छत से गिरकर घायल हो गया। उसे बहन अस्पताल लेकर पहुंची। बहन ने बताया कि बारिश के चलते छत पर सफाई के लिये चढ़ा था। परिवार के सिर्फ भाई-बहन है। माता-पिता का पूर्व में निधन हो गया था। एक माह पहले दादी भी साथ छोड गई। मोहित की हालत गंभीर बनी हुई थी। ड्युटी कम्पाउंडर ने घटना की सूचना पुलिस को दी है।

## क्षिप्रा नदी से रात ढाई बजे मिली बुजुर्ग की लाश

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी के रामघाट पर रपट किनारे गुरूवार-शुक्रवार रात ढाई बजे बुजुर्ग की लाश मिलना सामने आया। होमगार्ड जवानों ने शव बाहर निकाला जो 35 से 40 घंटे पुराना लग रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की जेब से मोबाइल मिला, जिसके आधार पर पहचान की गई।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि रात में क्षिप्रा नदी से लाश मिलने पर पुलिस ने शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया था। मृतक 70 से 72 साल का प्रतीत हो रहा था। उसने पेंट-शर्ट पहन रखा था। उसकी जेब से मोबाइल और 150 रूपये मिले। पानी में गीला होने पर मोबाइल बंद हो चुका था। शुक्रवार सुबह सीम निकालकर दूसरे मोबाइल में लगाई गई। उसी दौरान कॉल आया और चर्चा करने पर मृतक बुजुर्ग की पहचान उदय कुमार पिता कमलाकर 73 निवासी ग्वालियर के रूप में हो गई। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। इंदौर से भतीजा पियुष उज्जैन पहुंचा। मामले में मर्ग कायम कर प्रधान आरक्षक वैभवसिंह द्वारा पोस्टमार्टम कराया। प्रधान आरक्षक के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में भतीजे ने बताया कि शासकीय विभाग से सेवानिवृत्त थे और धार्मिक यात्रा करने लगे थे। पोस्टमार्टम के बाद पियुष अंतिम संस्कार के लिये अपने साथ लेकर ग्वालियर रवाना हो गया। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि मृतक बुजुर्ग के साथ हादसा हुआ है या फिर उन्होने आत्महत्या की है। उनकी बॉडी पर पेंट-शर्ट मिला था जिससे स्पष्ट की वह नहान करने नदी में नहीं उतरे थे। थाना प्रभारी का कहना था कि मामले की जांच जारी है। परिजनों को बुलाकर बयान दर्ज किये जायेगें।

## गाय को बचाने में पलटी पलटी कार, 3 घायल

**उज्जैन।** इंदौररोड पर गुरूवार-शुक्रवार रात 3 बजे गाय को बचाने का प्रयास करते समय कार चालक का संतुलन बिगड गया और कार पलटी खा गई। घटनाक्रम के समय बाइक सवार भी गुजर रहे थे, जो हादसे की चपेट में आ गये। 3 युवकों को गंभीर चोंट लगने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हरियाणा से अक्षय पिता देवेन्द्र, योगेश पिता रमेशचंद्र अपने 2 दोस्तों के साथ गुरूवार को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आये थे। सुबह दर्शन के बाद चारों कार से औंकारेश्वर दर्शन करने निकले। जहां से देर रात वापस उज्जैन लौटते समय इंदौररोड पर गाय सामने आ गई। कार का संतुलन बिगड गया और सडक से नीचे उतरकर पलटी खा गई। इस दौरान बाइक से गुजर रहा अंश पिता राजेश निवासी पुलिस लाइन और उसका साथी ही चपेट में आ गये। घटनाक्रम में कार सवार अक्षय और योगेश को गंभीर चोंट लगी। उन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। वहीं बाइक सवार अंश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में नानाखेडा थाना पुलिस जांच कर रही है। अंश के पिता पुलिसकर्मी है।

**जाहिर सूचना का प्रतिवाद**

सर्व साधारण को सूचित करने में आता है कि, दिनांक 24.06.2026 को महावीर नगर के नाम से कथित बिल्डर्स महावीर डेव्हलपर्स द्वारा मेरे पक्षकार के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे क्र. 143 रकबा 2.460 हे. स्थित रूपाखेडी रोड़ करबा तराना के बाबद उक्त भूमि पर महावीर नगर के नाम से भूखण्डों को विक्रय करने बाबद एक विज्ञापन एवं उसके साथ एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की है जिसकी वास्तविकता एवं खण्डन मेरे पक्षकार श्री उपेन्द्र कुमार पिता स्व. प्रतापसिंह जी निगम, कृषक कस्बा तराना व निवासी-104, उपवन रेसीडेंसी, इन्दौर रोड़ उज्जैन की और से निम्नानुसार किया जा रहा है कि मेरे पक्षकार के हक व अधिकार की उक्त भूमि को उनके भाई रणजीतसिंह निगम, उसकी पत्नि वीण देवी व पुत्र निखिल द्वारा फर्जी दस्तावेज एवं राजस्व अभिलेखों में नामांतरण करवाकर यह भूमि महावीर डेव्हलेपर्स व उनके भागीदार, शैलेन्द्र जैन, सौरभ जैन, संदीप जैन आदि को विक्रय की है जिसके संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 तराना जिला उज्जैन के समक्ष तीन दिवानी वाद प्र.क्र.-128/23, 131/23, व 133/23 प्रस्तुत किया था किन्तु उक्त डेव्हलपर्स द्वारा इस वादग्रस्त भूमि को आवासीय भूमि में परिवर्तित करवाने के कारण मेरे पक्षकार ने उक्त वादो का क्षेत्राधिकार परिवर्तित होने के कारण यह वाद उक्त न्यायालय से वापस प्राप्त कर माननीय अतिरिक्त जिला जज महोदय तराना के समक्ष प्रस्तुत किये है व मेरे पक्षकार व उक्त व्यक्तियों के मध्य इस भूमि को लेकर आज भी स्वत्व के संबंध में विवाद विद्यमान है व उक्त व्यक्तियों द्वारा मेरे पक्षकार के जाली हस्ताक्षर कर राजस्व अभिलेखों में कराये गये इन्द्राज के विरूद्ध भी मेरे पक्षकार ने उसके विरूद्ध एक आपराधिक परिवाद माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है, इसलिए कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि इस भूमि के संबंध में इस भ्रामक सार्वजनिक सूचना के आधार पर उक्त भू-माफिया या बिल्डर्स से कोई संव्यवहार या विक्रय इस वादग्रस्त भूमि के किसी भी भाग के संबंध में ना करे अन्यथा इस संव्यवहार के परिणामों का उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्ति का होगा।

अतः सूचित हो। इति दिनांक 26.06.2026

**श्रवण कुमार शर्मा एड. वेंकटेश शर्मा एड. प्रभा बैरागी**
**एड. हाईकोर्ट एडव्होकेट्स**
**कार्यालय-101. प्रथम मंजिल, गुरुकृपा रेसीडेंसी, दरगाह मण्डी पेट्रोल पंप के पास, आगर रोड़ उज्जैन ( म.प्र )**
**मो. 98262-77233, 86025-49005**

# गौतम बुद्ध ने बताया है खुश रहने का सबसे अच्छा तरीका



अगर आप अपने जीवन को बेहतर तरीके से जीना चाहते हैं तो महात्मा बुद्ध के अनमोल वचन को एक बार जरूर पढ़ें। भले ही उन्होंने इस बात को सैकड़ों साल पहले कही हो लेकिन आज भी उनके विचार आपको सफल इंसान बनने में सहायता करते हैं। आइए जानते हैं खास बातों को.

गौतम बुद्ध कहते हैं, अपने जीवन में दूसरों से लड़ाई लड़ने से अच्छा है तुम खुद पर जीत हासिल कर लों। इससे तुम्हें कभी कोई दिक्कत नहीं आएगी। हमेशा जीत तुम्हारी ही रहेगी। अगर तुमने इसे अपना लिया तो तुम्हें कोई पराजित नहीं कर सकता। गौतम बुद्ध के अनुसार जीवन में तीन चीजें कभी भी आप छुपाकर नहीं रख सकते हैं। वो है सूर्य, चंद्रमा और सत्य

गौतम बुद्ध कहते हैं कभी भी आप बुराई से बुराई को खत्म नहीं कर सकते हैं। इसे खत्म करने के लिए आपको प्रेम का सहारा लेना पड़ता है। प्रेम से दुनिया की हर बड़ी चीजों को जीता जा सकता है।

सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति दो ही गलतियां कर सकता है या तो पूरा रास्ता चलेगा या फिर वह चलना ही नहीं शुरू करेगा।

भविष्य के बारे में सपने देखकर अभी से मत उलझों और भूतकाल के समय को याद करके पछताने से अच्छा है अपने वर्तमान में रहो। खुश रहने का सबसे अच्छा तरीका यही है।

जिस तरह से एक जलता हुआ दिया हजारों लोगों को रौशनी देता है वैसे ही खुशियां बाटने से आपस में प्यार बढ़ता है। खुशियां हमेशा बढ़ती है कभी कम नहीं होती हैं।



सम्पादकीय

## आगजनी से सबक

लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग की घटना बहुत दर्दनाक है। सोमवार को शहर के अलीगंज इलाके में एक कोचिंग सेंटर में जिस तरह से भीषण आग से पंद्रह युवाओं की जान गई है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। यह मात्र दुर्घटना नहीं है, यह नियम-कायदों के प्रति बरती गई आपराधिक लापरवाही का विस्फोट है। हादसे के बाद अब कुछ अधिकारी बता रहे हैं कि नियमों की वर्षों से अनदेखी की जा रही थी। लोग सवाल पूछ रहे हैं कि ऐसे अधिकारी पहले कहां थे? जब नियमों का उल्लंघन होता है, तब कड़ाई क्यों नहीं की जाती है? हम इसके लिए किसी हादसे का इंतजार क्यों करते हैं? एक आवासीय इमारत किसकी मंजूरी से व्यावसायिक केंद्र के रूप में संचालित हो रही थी? नियमों के प्रति हुए खिलवाड़ को देखिए, आवासीय परिसर में पालतू जानवरों की दुकान, पशु चिकित्सालय, गेमिंग जोन, एनिमेशन सेंटर और एक आईटी कार्यालय सहित कई व्यवसाय चल रहे थे। न जाने क्या-क्या जलकर इस आग में खाक हो गया, लेकिन जो चुभती हुई सच्चाई साफ नजर आ रही है, उसे भूलना नहीं चाहिए। क्या हम पैसे कमाने की अंधी दौड़ में सचमुच अमानवीय हुए जा रहे हैं?

जलकर खाक हुई यह इमारत स्थानीय प्रशासन के भ्रष्टाचार की मिसाल है। जिस परिसर को ढहाने का आदेश था, उसे करीब दस साल पहले अचानक मंजूरी कैसे मिल गई? दोषी अधिकारियों ने कागज पर अपना रिकॉर्ड तो ठीक कर लिया, लेकिन उन्होंने हादसे का जो दुखद रिकॉर्ड बनाया है, उसे कौन ठीक करेगा? ऐसी इमारत के संचालन के लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं? बहरहाल, लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस परिसर के विध्वंस का नोटिस जारी कर दिया है और जिम्मेदार अधिकारियों की जांच शुरू हो गई है। हालांकि, एक बड़ा सवाल यह है कि ऐसी कितनी खतरनाक इमारतें हैं, जिनका इस्तेमाल हो रहा है? विस्तार से देखना चाहिए, किन-किन इमारतों में नियमों का उल्लंघन हुआ है। केवल एक इमारत पर कार्रवाई से कुछ नहीं होगा। ऐसी बहुत सी इमारतें हैं, जहां प्रवेश और निकास का एक ही रास्ता है। ऐसी इमारतों में जब आग लगती है, तो सिवाय कूदने का जोखिम उठाने के कोई विकल्प नहीं होता है। आग लगते ही ऐसे अकेले रास्ते खुद बाधा बनकर खड़े हो जाते हैं। और तो और, परिसर में कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान चल रहे थे, लेकिन वहां आग से सुरक्षा की बुनियादी व्यवस्था भी नहीं थी।

संदर्भ- समुद्र में स्वदेशी तकनीक से बने तीन युद्धपोत नौसेना को सौंपे

# भारत की समुद्र में बढ़ती सैन्य ताकत



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

रक्षा क्षेत्र में जबसे निजी उद्योगपतियों को रक्षा सामग्री के निर्माण की अनुमति दी है, तब से समुद्र में भारत की ताकत निरंतर बढ़ती जा रही है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के ष्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन नौसेनिक जहाजों आइएनएस दूनागिरी, आइएनएस संशोधक और आइएनएस अग्रय को नौसेना के बेड़े को सुपुर्द करते हुए कहा है कि ह्यकोई भी राष्ट्र समुद्र में अपनी क्षमता बढ़ाए बिना बड़ी शक्ति नहीं बन सकता है। समुद्र से ही विकास, सुरक्षा और समृद्धि जुड़ी है। जब समुद्र में किसी भी स्थिति से निपटने में कोई सक्षम होता है, तो इससे आर्थिक व रणनीतिक प्रभाव बढ़ता है। स्वदेशी तकनीक से निर्मित तीनों युद्धपोत सेना में शामिल किए जा रहे हैं। वाकई भारत की समुद्र में ताकत बढ़ी है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों में 40 से अधिक स्वदेश में ही निर्मित युद्धपोत और पनडुब्बियां समुद्र में तैनात कर दिए हैं। निजी क्षेत्र द्वारा रक्षा सामग्री उत्पादन से पहले एक समय ऐसा भी था, जब भारत हर छोटे-बड़े रक्षा उपकरणों को आजाद करने के लिए दूसरे देशों का मुंह ताकता रहता था। इस स्थिति के चलते रणनीतिज्ञ और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता था।

भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने वाले ये जहाज और पनडुब्बियां भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ देश की औद्योगिक क्षमता बढ़ाने वाली है। आने वाले दिनों में इनके निर्यात के द्वार भी खुल जाएंगे। अतएव आने वाले दिनों में पष्चिम बंगाल देश की ब्लू इकोनोमी का बड़ा केंद्र बन जाएगा। भारत में नौसैनिकों की सुविधाओं के लिए 45 बड़े प्लेटफॉर्म भी तैयार किए जा रहे हैं। आइएनएस दूनागिरी अत्याधुनिक हथियारों और संवेदनशील प्रणालियों के साथ ब्रह्मोस मिसाइल से संपन्न है। ब्रह्मोस सतह से सतह और सतह से आकाश तक शत्रु पर सटीक हमला करने में युद्धपोत पर लगे नवीनतम उपकरण एवं स्टेल्थ तकनीक के कारण यह मिसाइल रडार की पकड़ में नहीं आती है। इसकी इस विलक्षणता के चलते ब्रह्मोस मिसाइल को दूसरे देश भी खरीद रहे हैं। आइएनएस संशोधक देश का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत है। इसे तटीय क्षेत्रों व गहरे समुद्री इलाकों में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने तथा रक्षा एवं नगरिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाने के उद्देष्य से निर्मित किया गया है। आइएनएस अग्रय पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है। उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों और अन्य खतरों का मुकाबला करने में इसे अत्यंत प्रभावी माना जा रहा है। यह टारपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले जल के लिए विकसित सोनार प्रणाली से लैस है। इसके चलते समुद्र के भीतर गुप्त खतरे का इसे पता चल जाता है। स्वदेशी युद्धपोत निर्माण की इस क्षमता ने भारत को पोत निर्माण में आत्मनिर्भर बना दिया है। इस उपलब्धि से समुद्र में भारतीय हितों की रक्षा का अभियान और प्रभावी ढंग से चलाया जा सकेगा।

इसके पहले भारत स्वदेशी तकनीक से परमाणु पनडुब्बी आईएनएस ह्यअरिहंतह्य का निर्माण 2009 में शुरू करके 2013 में इसे समुद्र में जलावतरण भी कर चुका है। इस स्वदेशी परमाणु चालित पनडुब्बी अरिहंत का परमाणु रिएक्टर चालू होना हमारी स्वदेशी तकनीकि क्षमताओं को विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम था। यह उपलब्धि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों और इस परियोजना से जुड़े तकनीकि व रक्षा विशेशज्ञों के संयुक्त प्रयास का परिणाम थी। इससे हमारी सैन्य क्षमताओं में आश्चर्यजनक बढ़ोतरी हुई है। इस उपलब्धि के हासिल हो जाने के बाद हम समुद्र के भीतर से दुश्मन देशों पर हमला करने में सक्षम हुए हैं। यह आयुध-युक्त पनडुब्बी पांच हजार किमी तक मार करने वाली परमाणु मिसाइल को पानी के भीतर से ही निशाने पर छोड़ सकती है। गोया यह तकनीक हमारी रक्षा प्रणाली में मील का पत्थर साबित हुई है। इसी तरह स्वदेशी विमानवाहक पोत ह्यविक्रांतह्य का भी जलावतरण हो चुका है। परमाणु पनडुब्बी निर्माण के क्षेत्र में अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और ब्रिटेन के बाद भारत छठे देश की कड़ी में शामिल हो गया है।

भारत अब पनडुब्बी निर्माण के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर है। पहले से ही नौसेना के पास 15 पारंपरिक और दो परमाणु हथियार संपन्न पनडुब्बियां हैं। इनके अलावा 150 युद्धपोतों के बेड़े में 12 डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियां भी हैं। पनडुब्बियों की संख्या बढ़ाने के लिए 55000 करोड़ रुपए से छह पनडुब्बियों का निर्माण भारत में किया जा रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में ह्यरक्षा-अधिग्रहण परिशद्ह्य (डीएसी) की बैठक में यह अनुमति दी गई है। मझगांव डॉक्स, निजी पोत निर्माण कंपनी एलएंडटी और नौसेना के बीच प्रोजेक्ट-75 इंडिया के तहत ये पनडुब्बियां स्वदेशी तकनीक से निर्मित की जा रही हैं। मेक इन इंडिया परियोजना के तहत यह अब तक की सबसे बड़ी परियोजना है। इस परियोजना को पूरी होने में सात वर्श का समय लगेगा। इस परियोजना के तहत घरेलू कंपनियों को देश में ही अत्याधुनिक सैन्य उपकरण निर्माण के लिए विदेशी रक्षा कंपनियों से करार की अनुमति होगी। साफ है, रक्षा उपकरणों के आयात पर निर्भरता घटेगी। हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी सेना की बढ़ती मौजूदगी के मद्देनजर पनडुब्बियों के स्वदेशी स्तर पर निर्माण को अत्यंत अहम् माना जा रहा है। वैष्विक नौसेना विष्लेशकों के मुताबिक चीन के पास इस समय 50 से ज्यादा पनडुब्बी और करीब 350 पोत हैं।

प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत मंत्र के आह्वान के तहत रक्षा मंत्रालय अब रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में स्वदेशी निमार्ताओं को बड़ा प्रोत्साहन देने लगा है। दरअसल अभी तक देश तात्कालिक रक्षा खरीद के उपायों में ही लगा रहा है, लेकिन इस परिप्रेक्ष्य में दीर्घकालिक रणनीति के अंतर्गत स्वदेशी रक्षा उपाय इसलिए जरूरी हैं, क्योंकि एक समय रूस ने हमें क्रायोजनिक इंजन देने से मना कर दिया था। दूसरी तरफ धनुष तोप के लिए चीन से जो कल-पुर्जे खरीदे थे, वे परीक्षण के दौरान ही नष्ट हो गए थे। पड़ोसी देश चीन और पाकिस्तान से युद्ध की स्थिति बनी होने के चलते भारत लगातार रक्षा सामग्री खरीद रहा है। इसीलिए पिछले एक दशक में रक्षा सामग्री के स्वदेशी निर्माण में गति आ रही है। 2014 में भारत का कुल रक्षा उत्पादन 40 हजार करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 1.8 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इस तथ्य से साफ है कि देश रक्षा सामग्री उत्पादन में आत्मनिर्भर हो रहा है। पहले भारत सैन्य हथियार, वाहन और उपकरणों के निर्माण के लिए लिए सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों पर ही निर्भर था। नतीजतन रक्षा सामग्री का निर्माण अत्यंत धीमी गति से हो रहा था।

## फेसबुक इन-बॉक्स की करेंसी

इस मुल्क की आफत यही है कि जिसे जो काम करना चाहिए, वही वह काम नहीं कर रहा है। सांसद के पास जाओ कि साफ पानी दिलवाओ, खराब पानी से दांत खराब हो रहे हैं, तो सांसद महोदय गाना गाते हुए बता सकते हैं कि ऊ वाला टूथपेस्ट कीजिएगा यूज, तो दांत का चमक कभी न होगा फ्यूज। विधायकजी के पास जाओ कि सरकारी स्कूल ढंग से काम नहीं कर रहे, तो वह बता सकते हैं कि काहे को चक्कर में पड़ना सरकारी स्कूल के, यह वाला प्राइवेट स्कूल अपना ही है। औरों से पांच लाख लेता हूं दाखिले के, तुम अपने आदमी हो, इसलिए सिर्फ साढ़े चार लाख निकालो।

जिसे जो करना चाहिए, उसे उसके अलावा बहुत कुछ करना है। फेसबुक कंपनी सोशल नेटवर्किंग साइट के लिए है, जहां कोई परांठे के 56 फोटो लेकर उस पर 5,600 लाइक की उम्मीद कर सकता है। फेसबुक कंपनी अब अपनी मुद्रा करेंसी लिब्रा निकालने के चक्कर में है। फेसबुक के मासिक सक्रिय प्रयोक्ताओं की तादाद विश्व में दो अरब से ज्यादा है। इतने लोग एक ही करेंसी को यूज करने लगे, तो यह दुनिया की सबसे बड़ी करेंसी बन सकती है। फेसबुक कंपनी बहुत कुछ ऐसा जानती है कइयों के बारे में, जो रिजर्व बैंक नहीं जानता, हालांकि रिजर्व बैंक भी करेंसी जारी करता है। फेसबुक को सब पता है कि इन-बॉक्स में कैसे-कैसे अंड-बंड मैसेज लिखते हैं लोग। फेसबुक वाले कल को यह न धमकाने लगें कि वे वाले मैसेज आपके सबको बता दिए जाएंगे, अगर आपने अपनी हर खरीद लिब्रा के जरिए नहीं की। गूगल कंपनी भी कहीं बैंकिंग के धंधे में उतर गई, तो फिर भगवान मालिक है। गूगल को गूगल मैप्स के जरिए सब पता रहता है कि कौन कहां जा रहा है। दारू के ठेके पर गया कोई शख्स अगर घर पर बोले कि कीर्तन करने गया था, तो गूगल असिस्टेंट जोर से बोलकर सच बता देगा।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27 जून 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:47 सूर्यास्त 19:12
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 24:44 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - अनुराधा 22:11 उपरांत ज्येष्ठा
योग - साध्य 12:32 शुभ
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 11 तारिख

**मेष-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

**वृषभ-** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मिथुन-** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**कर्क-** व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह-** भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या-** आय में वृद्धि होगी। उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे।

**तुला-** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा।

**वृश्चिक-** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है।

**धनु-** सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

**मकर-** आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**कुंभ-** किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है।

**मीन-** विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी।

समसामयिक

## अग्नि-विपदा में घर के चिराग...!

जलते सपनों की चीख थी, धुएँ से भरा आसमान,
ज्ञान की उस चौखट पर, बिखर गए सब अरमान।
किताबों के संग बैठे थे, यूं आँखों में उजियारा था,
पलभर में ही आग बनी, जीवन का अंधियारा था।
कोचिंग की उन दीवारों ने, यह कैसी पीड़ा देखी है,
माँ की सूनी आँखों में, यहाँ कैसी रातें लिख दी हैं।
कल तक जो थे घर की आशा, आज बन गईं यादें,
बुझ गईं कई दीपक-सी आँखें, रो रहीं अब माताएं।
न कोई धर्म, न कोई जात यहाँ, सभी के आँसू एक,
यहाँ मानवता के घाव बड़े हैं, दर्द सभी का हैं नेक।
सुरक्षा की हर एक कमी पे अब, गंभीर हैं प्रश्न उठे,
क्यों? सपनों की गलियों में, ऐसे अग्नि-विपदा घटे?
हे! प्रभु, उन नन्हें प्राणों को शांति का वरदान मिले,
शोकाकुल परिवारों को साहस और सम्मान मिले।
फिर से ऐसी त्रासदियाँ इस धरती पे कभी न आएँ,
ज्ञान के मंदिर सुरक्षित हों, बच्चे हँसते-खेलते जाएँ।
(संदर्भ - लखनऊ का अग्निकांड बना लाक्षागृह।)



संजय तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

### आँगन की मुस्कान

नन्हे-नन्हे पाँव हैं, सपनों की उड़ान।
बचपन की किलकारियाँ, घर की हैं पहचान॥
साइकिल, गुड़िया, खिलौने, मन में भरे उमंग।
हँसते-गाते बालपन, जीवन के सत्संग॥
भाई-बहना संग मिले, प्रेम भरा व्यवहार।
छोटे-छोटे झगड़ों में, छिपा हुआ है प्यार॥
आँगन में मस्ती करें, जैसे चिड़िया झुंड।
इनकी भोली मुस्कान से, खिल उठते हैं कुंज॥
निष्छल मन, निर्मल हृदय, छल-कपट से दूर।
इनसे ही संसार में, रहता प्रेम भरपूर॥
माटी जैसे कोमल हैं, फूलों जैसे गाल।
ईश्वर का उपहार हैं, घर-आँगन के बाल॥
खेल-खेल में सीखते, जीवन के व्यवहार।
कल के उज्ज्वल सूर्य हैं, भारत का आधार॥
बचपन की हर याद को, रखिए सदा सँभाल।
क्षण ये फिर लौटें नहीं, अनमोल हैं ये बाल॥



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

### विश्वास की डोर टूटी...!

विश्वास की डोरी टूट गई, सपनों की दुनिया छूट गई,
जिस हाथ में मेहन्दी सजनी थी, मृत्यु छाया लूट गई।
जिसने संग जीवन माँगा था, हरेक पल का वादा था,
वही बन अंधेरी राह चली, इरादा चिराग बुझाना था।
पहाड़ों की वो शांत खाई, इतनी दर्दीली कथा सुनाई,
हँसते चेहरे-मीठी बातें,सब निकली छल की परछाईं।
माँ की आँखें पत्थर बन गईं, पिता की साँसें थम गईं,
घर का उजियारा खोने से, दीवारें भी नम-सी हो गईं।
प्रेम अगर पावन होता है, तब जीवन को संवारता है,
स्वार्थ व छल के अंधकार में, सिर्फ विनाश उगाता है।
यह घटना कहानी नहीं, विश्वास टूटने की निशानी है,
मानवता से जो दूर हुआ, उसकी हर जीत बेमानी है।
ईश्वर से इतनी प्रार्थना हैं, हर घर में विश्वास बना रहे,
प्रेम सदा सम्मान बने, कोई भी केतन यूँ नहीं बिखरे।
**(संदर्भ - पुणे, केतन को गहरी खाई में धकेला.)**

# नमक और सरसों के तेल से करें चेहरे की सफाई



नमक और सरसों के तेल का प्रयोग करके आप चेहरे की अच्छी तरह सफाई करें, तो गंदगी साफ होती है और रंग निखरता है। जानें नमक और सरसों के तेल के फायदे और नमक के ब्यूटी सीक्रेट्स। अगर आप चेहरे पर निखार लाना चाहते हैं, तो आपको चेहरे के रोमछिद्रों में छिपी गंदगी को बाहर निकालना होगा और डेड स्किन सेल्स को साफ करना होगा। इस काम के लिए बाजार में ढेर सारे मंहगे स्क्रब और फेसवॉश मौजूद हैं। मगर इन फेसवॉश में हानिकारक केमिकल्स मौजूद होते हैं, जो आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए आज हम आपको बता रहे हैं त्वचा से डेड स्किन सेल्स निकालने, त्वचा की गहराई में जमी गंदगी निकालने और त्वचा को मॉइश्चराज करने का एक आसान घरेलू नुस्खा। इसके लिए आपको केवल सरसों का तेल और नमक चाहिए।

### नमक है त्वचा के लिए फायदेमंद

नमक में ढेर सारे मिनरल्स होते हैं इसलिए ये त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। नमक में कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम और सोडियम होता है। ये सभी तत्व त्वचा में समाकर उसे पोषण देते हैं, जिससे कोशिकाएं स्वस्थ रहती हैं। चेहरे पर होने वाली झुर्रियों, झाइयों, रूखेपन और आंखों के नीचे काले घेरों को भी नमक के लगातार प्रयोग से कम किया जा सकता है। नमक में एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं, इसलिए ये त्वचा को हानिकारक बैक्टीरिया से भी बचाता है।

### सरसों का तेल

सरसों का तेल प्राकृतिक क्लींजर की तरह काम करता है। दरअसल सरसों तेल में विटामिन ई अच्छी मात्रा में होता है, जो एंटी-एजिंग गुणों के कारण त्वचा को बूढ़ा होने से रोकता है और झुर्रियों को मिटाता है। इसके अलावा ये तेल त्वचा को मॉइश्चराइज करता है, जिससे त्वचा का रूखापन और झाइयां दूर होती हैं। इसके अलावा सरसों का तेल डार्क स्पॉट्स और मुंहासों को भी ठीक करता है और दाग-धब्बों को मिटाता है।

### नमक और सरसों के तेल से स्क्रब

1 चम्मच नमक में 1/4 चम्मच सरसों का तेल मिलाकर पेस्ट जैसा बना लें। अब नहाते समय चेहरे को पानी से धोने के बाद हल्के हाथों से इस पेस्ट को चेहरे और माथे पर लगाएं और मसाज करें। ध्यान रखें हाथों को गोल-गोल (सर्कुलर मोशन में) चलाएं। इस स्क्रब से आपके चेहरे के डेड स्किन सेल्स निकल जाएंगे और रोमछिद्र में जमा गंदगियां निकल जाएंगी। सप्ताह में 1-2 बार के प्रयोग से ही आपके चेहरे पर पहले की अपेक्षा निखार आने लगेगा।

### नहाते समय ऐसे प्रयोग करें नमक

सप्ताह में 2 दिन अपने नहाने के टब में 3 चम्मच नमक डालकर मिला लें और फिर नहाएं। अगर आप बाल्टी से नहाते हैं, तो 20-22 लीटर पानी में 3 चम्मच नमक मिलाकर नहाएं। नमक में एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं, जिसके कारण ये त्वचा की गहराई से सफाई करता है। नमक वाले पानी से नहाने से त्वचा के रास्ते से शरीर की ऊपरी पर्त पर जमा टॉक्सिन्स निकल जाते हैं। इसके अलावा पूरे शरीर में नमक में मौजूद मिनरल्स पहुंचते हैं,

धर्म-आस्था

# संतुष्टिपूर्वक जीवन का आधार जरूरतों में निरंतर करे कमी



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

धन प्राप्ति के प्रति आसक्ति भाव आमतौर पर मानव मात्र को प्रबल पुरुषार्थ के प्रति प्रेरित करता है।अनिवार्य, सुविधाजनक और विलासिता पूर्ण आवश्यकताओं की आपूर्ति के लिए धन में अंतर्निहित क्रय शक्ति का संचय, आज के दौर की प्रथम आवश्यकता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी हैं, इस नाते पारिवारिक तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु धन, जीवन जीने का आधार है। लेकिन यह एक स्थापित तथ्य है कि आखिर मनुष्य के लिए कितनी मात्रा में धन का होना आवश्यक होता है ? इसका खुलासा आज तक कहीं से कहीं तक कहीं नहीं हुआ। संसार में आना और जाना खाली हाथ हुआ करता है लेकिन संग्रह वृत्ति से नाता मृत्युपर्यंत बना रहता है।

मनुष्य अपने मन की इच्छाओं को धन के अभाव में चाहते हुए भी पूर्ण करने में स्वयं को असमर्थ पा रहा है। एक अजीब सी प्रतियोगिता है जिसके सहभागी आप और हम बने हुए हैं। पत्र-पत्रिकाओं तथा विभिन्न चैनलों पर अनवरत रूप से आते हुए विज्ञापन जन-जन को आकर्षित कर रहे हैं। मानवीय आवश्यकताओं का कोई ओर-छोर नजर नहीं आता। एक आवश्यकता की पूर्ति अनेक आवश्यकताओं का सृजन कर रही है। प्रत्येक घर परिवार में हर एक सदस्य की अभिलाषाओं में निरंतर विस्तार हो रहा है। सामाजिक परिवेश में एक अजीब सी प्रतिस्पर्धा का वातावरण है जिसमें उपभोग वृत्ति उत्तरोत्तर रूप से बढ़ती ही जा रही है।

आध्यात्मिक दृष्टि से जीवन के सार-तत्व को चिन्हित करते हुए कोई अपने आप को वास्तविक स्वरूप में स्वीकारने हेतु कतई तैयार नहीं है। जीने को जैसे-तैसे सभी जी रहे हैं, लेकिन अपने वर्तमान जीवन से संतुष्ट आखिर कितने है ? दरअसल चाहत का अंतहीन सिलसिला हमें यंत्रवत रूप से चलायमान बनाए हुए हैं। अर्थशास्त्र में मनुष्य की आर्थिक क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है और आर्थिक क्रियाएं ही अपने और अपने परिवार के जीवनयापन का आधार हुआ करती है। इस दृष्टि से मनुष्य के अनार्थिक होकर रह जाने का कोई अर्थ ही नहीं होता। अर्थात अनार्थिक हो जाना यानेकि जीवन रण-संग्राम से मुंह मोड़ना है।

वैसे आर्थिक जगत के महारथी भी जब अब तक अपना पेट नहीं भर पाए, तो भला आप और हम किस मुकाम पर आकर रुके हैं ! दरअसल अंतहीन आवश्यकताओं को हमें ही एक सीमा पर आकर विराम देने की जरूरत है। जीवन में संतुष्टिपूर्वक सुकून पाने का एकमात्र आधार अपनी जरूरतों को निरंतर कम करते चले जाना है। वेद पुराणों में सुखी जीवन के आधार का मार्ग प्रशस्त किया गया है। शास्त्रों के अनुसार अपनी इंद्रियों को वश में करते हुए हम सुकून भरे जीवन का आनंद ले सकते हैं। यदि हम जो है उसमें संतुष्ट रहने का मंत्र आत्मसात कर लेवें, तो निश्चित ही अनावश्यक तनावों से मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं।

इसका अर्थ यह नहीं कि हम पुरुषार्थ के प्रति समर्पित न रहे, अपितु आशय यह है कि हम प्रबल पुरुषार्थ का अनुक्रम जारी रखें। पुरुषार्थ से अर्जित धन को परमार्थ में विनियोजित करते हुए अखंड आनंद की उस दिव्य अनुभूति से रूबरू हो, जो अलौकिक सत्ता से हमें रूबरू कराती है। आध्यात्मिक दृष्टि से इहलोक तथा परलोक संवारने की दिशा में असीम आत्मीय आनंद की सुखद अनुभूति का यह कारक तत्व है। भारतीय दर्शन मानव मात्र के कल्याण की कामना करते हुए मनुष्य मात्र को परमार्थ के प्रति अभिप्रेरित करता रहा है। इन संदर्भों में बेहतर होगा यदि हम अपनी आवश्यकताओं को नियंत्रित करते हुए आत्मीय आनंद की दिव्य अनुभूति करने के प्रति तत्पर रहें।

दरअसल आत्मिक आनंद में डूब कर ही जिंदगी का रसास्वादन किया जा सकता है। ऐसे आनंद की प्राप्ति हेतु धन का कोई महत्व कहीं से कहीं तक निकल कर नहीं आता। व्यवहार में देखा गया है कि जिनके पास धन की प्रचुरता होती है, वह भी अन्यान्य कारणों के चलते दुख का भी अनुभव किया करते हैं। लौकिक व्यवहार में यह भी देखा गया है कि जिनके पास खाने को है, उनके पास दांत नहीं है और जिनके पास दांत हैं, उनके पास खाने को नहीं है। दरअसल जीवन में अनिवार्य तथा आरामदायक

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,45,600 रवा- 1,45,500 चांदी-टंच- 2,30,500 पाट- 2,30,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत छात्राओं को किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक

**सुसनेर।** राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के तहत गुरुवार को शासकीय कन्या शाला स्कूल, सुसनेर में पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को ऑनलाइन ठगी से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग एवं साइबर अपराधों की रोकथाम संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर फ्रॉड का शिकार होता है तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई कर आर्थिक नुकसान को रोका जा सके। साथ ही सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक कराने तथा राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई। पुलिस ने छात्राओं को फर्जी कॉल, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी शेयर करने के खतरे तथा ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी या पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने साइबर सुरक्षा से जुड़े प्रश्न भी पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने विस्तार से उत्तर दिया। अंत में पुलिस ने सभी छात्राओं से अपील की कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत 1930 हेल्पलाइन या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## करंट लगने से होटल संचालन की मौत:बिजली सुधारते समय हादसा

**आगर।** जिले में करंट लगने से मौत के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। गुरुवार देर रात कानड़ थाना क्षेत्र के ग्राम राजाखेड़ी में एक होटल में बिजली सुधारते समय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जगदीश (30) पिता रोडू मालवीय निवासी ग्राम सुरजनी, नलखेड़ा के रूप में हुई है। वह राजाखेड़ी में लीज पर एक होटल का संचालन करता था। गुरुवार रात होटल की विद्युत लाइन में आई खराबी को ठीक करने के दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। बिजली सुधारते समय करंट की चपेट में आया युवक। घटना के बाद स्थानीय लोग उसे तत्काल जिला अस्पताल आगर लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कानड़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम सुरजनी के सरपंच दरबार सिंह ने बताया कि जगदीश अपने पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था। उसके परिवार में पत्नी और करीब 2 से 3 वर्ष की एक बेटी है। वह परिवार का एक जिम्मेदार सदस्य था और राजाखेड़ी में लीज पर होटल चलाता था। जगदीश की मौत की खबर से गांव में दुख का माहौल है।

### शाजापुर में हाईवे पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

# बस डिपो के पास फल विक्रेताओं को दी चेतावनी नहीं हटाने पर होगी जब्ती की कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शाजापुर शहर में यातायात पुलिस ने शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे हाईवे किनारे अवैध रूप से लगे फल-फ्रूट के ठेलों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने हाईवे स्थित ट्रैफिक पॉइंट और बस डिपो क्षेत्र में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को तत्काल अपने ठेले हटाने के निर्देश दिए।

पुलिस ने चेतावनी दी है कि समझाइश के बाद भी ठेले न हटाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उनका सामान जब्त कर लिया जाएगा।

लगातार लग रहे जाम के कारण लिया फैसला

पिछले कई दिनों से बस डिपो के पास बड़ी संख्या में फल-फ्रूट के ठेले लग रहे थे, जिससे सड़क संकरी हो गई थी। बसों के लगातार आने-जाने के कारण इस क्षेत्र में अक्सर जाम की स्थिति बन रही थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।



**हादसे रोकने और सुरक्षा के लिए उठाया कदम**

यातायात थाना प्रभारी सौरव शुक्ला ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण के कारण किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

### देवास में कोचिंग सेंटरों की फायर सेफ्टी जांच के निर्देश

# संयुक्त दल 10 दिन में रिपोर्ट देगा हर छह महीने में होगा निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले के सभी कोचिंग सेंटरों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की सघन जांच के निर्देश शुक्रवार को दिए हैं। इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों का एक संयुक्त जांच दल गठित किया गया है, जिसे 10 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

गठित जांच दल में शहरी क्षेत्रों के लिए नगर निगम आयुक्त या उनके प्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी या प्रतिनिधि, नगर निगम देवास के फायर अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (विद्युत सुरक्षा एवं संधारण) के कार्यपालन यंत्री या प्रतिनिधि, संबंधित तहसील के कार्यपालिक दण्डाधिकारी, नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारी या उनके प्रतिनिधि शामिल हैं। संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) को अपने-अपने क्षेत्र का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



**जांच कर 10 दिनों में रिपोर्ट देंगे**

जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि कोचिंग संस्थानों के पास वैध फायर एनओसी (अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र) है या नहीं। साथ ही, परिसर में स्थापित फायर एक्सटिंग्विशर, होज रील, स्प्रिंकलर जैसे अग्निशमन उपकरण क्रियाशील हैं या उनकी वैधता समाप्त हो चुकी है।

आपातकालीन निकास मार्गों की स्थिति, स्टाफ को अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण और इलेक्ट्रिकल ऑडिट की स्थिति की भी गहन जांच की जाएगी।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि यह दल तत्काल प्रभाव से अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आकस्मिक निरीक्षण करे और 10 दिवस के भीतर संयुक्त जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करे। इसके अतिरिक्त, आगामी प्रत्येक छह माह में नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करना भी सुनिश्चित किया जाएगा।

## कालीसिंध में फर्जी रसीदों ने खोला अवैध रेत खनन का राज

**अकोदिया।** शाजापुर जिले के ग्राम तिंगजपुर-अजमेरी स्थित कालीसिंध नदी में अवैध रेत खनन की शिकायत पर प्रशासन, खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। रेत उत्खनन, फर्जी रसीदों के इस्तेमाल से खनिज नियमों के उल्लंघन की जानकारी मिली। एसडीएम नेहा गंगारे, तहसीलदार रितेश जोशी, राजस्व विभाग, पटवारी, खनिज विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि स्वीकृत खनन क्षेत्र के अलावा दूसरे स्थानों से भी मशीनों से रेत निकाली जा रही थी। कार्रवाई के दौरान एक पोकलेन मशीन जब्त की गई।

जांच में ट्रैक्टर चालकों की रसीदें भी देखी गईं। कई रसीदें फर्जी निकलीं। चालकों ने बताया कि रेत भराई, मशीन संचालन, रसीद के नाम पर अलग-अलग राशि वसूली जा रही थी। अधिकतर वाहन मालिकों ने खुद को खरीदार बताया। कहा, भुगतान कर रसीद ली थी। टीम ने संबंधित ठेकेदार को बुलाया लेकिन वह नहीं आया।

**स्कूल के स्टोर रूम में लगी आग**

## फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक सामान किताबें जलकर खाक, बड़ा हादसा टला

**देवास।** उज्जैन रोड स्थित विद्या कुंज इंटरनेशनल स्कूल के स्टोर रूम में शुक्रवार सुबह आग लग गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि घटना के समय स्कूल में अवकाश होने के कारण छात्र मौजूद नहीं थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, स्कूल परिसर में कुछ कर्मचारी कार्य कर रहे थे। उन्होंने स्टोर रूम से धुआं निकलते देखा। कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग लगने की पुष्टि की और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। स्टोर रूम में बड़ी संख्या में पुस्तकें, फर्नीचर, पुराने एसी और एल्यूमीनियम सहित अन्य सामग्री रखी हुई थी। सामान अधिक मात्रा में होने के कारण आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग ढाई घंटे के प्रयास के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर स्कूल संचालक प्रयास गौतम भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत होता है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। गौतम ने यह भी कहा कि आग स्टोर रूम तक ही सीमित रही और समय रहते उस पर काबू पा लिया गया, जो राहत की बात है।

## सूर्यवंशी देवास अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बने: अशोक वर्मा को हराया

**देवास।** देवास जिला अभिभाषक संघ के चुनाव गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। देर रात मतगणना पूरी होने के बाद चुनाव परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद के मुकाबले में रामप्रसाद सूर्यवंशी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अशोक वर्मा को हराकर जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद का परिणाम रात करीब 12:30 बजे घोषित किया गया। चुनाव के दौरान अभिभाषकों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य रखा गया था। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिला न्यायालय परिसर में बाहरी लोगों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहा। मतदान और मतगणना को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और चुनाव समिति ने विशेष व्यवस्थाएं की थीं। मतदाताओं के प्रवेश, वाहन पार्किंग और आवाजाही के लिए भी अलग-अलग इंतजाम किए गए थे। अन्य पदों के परिणामों में पुस्तकालय सचिव पद पर विजय सोनी विजयी रहे। महिला कोषाध्यक्ष पद पर गीता शर्मा ने जीत दर्ज की, जबकि सचिव पद के लिए चंद्रपाल सिंह सोलंकी निर्वाचित हुए।



**सारंगपुर में अकीदत के साथ मनाया गया मोहर्रम**

## मजलिस, मातम और अलम शरीफ का जुलूस निकला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

शिया समाज सारंगपुर द्वारा गुरूवार को मोहर्रम की 9 तारीख के मौके पर विभिन्ना मजहबी कार्यक्रमों का गरिमामय आयोजन किया गया। मोहल्ला काजीवाडा में सुबह 10:00 बजे विशेष मजलिस आयोजित की गई, जिसमें कर्बला के शहीदों की शहादत को याद कर खिराजे-अकीदत पेश किया गया। मजलिस के बाद गमगीन माहौल में अकीदतमंदों ने सीनाजनी और मातम किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी आमिल हुसैन काजी की जानिब से सभी अकीदतमंदों के लिए तबर्रुक के रूप में पारंपरिक खिचडा (नियाज) का विशेष इंतजाम किया गया, जिसमें बडी तादाद में समाज जनों ने शिरकत की।

**या हुसैन की सदाओं से गूंजा सारंगपुर**

दोपहर बाद शाम 4:00 बजे सैयदवाडी से अलम शरीफ का ऐतिहासिक और पारंपरिक जुलूस पूरी अकीदत व मातम के साथ निकाला गया। जुलूस अपने तय रास्तों से होता हुआ वापस मोहल्ला काजीवाडा पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान पूरा माहौल या हुसैन के नारों और सदाओं से गूंज उठा।

**समाज जनों का रहा सराहनीय सहयोग**

इस पूरे मजहबी आयोजन को शांतिपूर्ण और अदब के साथ सफल बनाने में समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं ने मुख्य भूमिका निभाई जिसमें वरिष्ठ समाज जन आमिल हुसैन काजी, नफीस हुसैन काजी, साजिद हुसैन काजी और कामिल काजी, शारिब काजी, तालिब काजी, गालिब काजी, जाफर काजी, रुखसार काजी, शावर काजी, सालार काजी, हसन रजा, जैद काजी, जामिन काजी और दानिश काजी, बहादुर अली, जैगम अली, मुजाहिद अली जैदी और अंसार अली मौजूद थे। यह संपूर्ण कार्यक्रम मोहर्रम की पाकीजगी, अदब और आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्ना हुआ।


**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777



**कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

## द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्र./64/फायर/2026 — देवास, दिनांकः- 16.06.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | टेण्डर क्र. एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _516087_1 16/06/ 2026 | Small Water Tender Vehicle - 3 no. Fabrication of Water Tender, on Minimum 5.0 Ton Chassis with Wheelbase of Minimum 3300 mm having an engine meeting BS-vi emission standard, as per specification with required accessories an equipment. | 12 माह 75.00 लाख | 10,000/- 2,25,000/- | 30.06.2026 06 .00 पीएम |

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)



**न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र.**

जा.क्र. 0150/रा.प्र.क्र./R.C.M.S./0546/3-6/2024-2025 — बड़नगर, दिनांकः 23.06.2026

## प्रेस विज्ञप्ति

आवेदक श्री/श्रीमति/कु.: 'मुक्तियार पटेल, ग्राम माधोपुरा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.)' आत्मज/पुत्री/पत्नीः 'मुबारिक पटेल' निवासी/कृषकः 'ग्राम माधोपुरा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) ' ने रजिस्ट्री के आधार पर जिसका रजिस्ट्री क्रमांक 'MP43152024A11132353' है। क्रय/विक्रय के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है. जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

**1. भूमि का विवरण**

| सक. | पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक | ग्राम / नगरीय क्षेत्र का नाम | सर्वेक्षण संख्यांक / ब्लॉक संख्यांक / भू - खण्ड संख्यांक | क्षेत्रफल हेक्टर / वर्ग मीटर में | नामांतरण हेतु भूमि का क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गजनीखेडी | गजनीखेड़ी | 286/1 | .45 | .45 |

**2. क्रेता/दान प्राप्तकर्ता का विवरण**

| क्रमांक | नाम तथा पता | पिता/पति/संरक्षक का नाम | मोबाइल न. |
|---|---|---|---|
| 1 | मुक्तियार पटेल,ग्राम माधोपुरा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन | मुबारिक पटेल | |

**3. विक्रेता/दान दाता का विवरण**

| क्रमांक | नाम तथा पता | पिता/पति/संरक्षक का नाम | मोबाइल न. |
|---|---|---|---|
| 1 | कमलाबाई चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन | थावर जी चमार | |
| 2 | ज्योति चमार,ग्राम कामठाना तहसील खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.) | अमृतलाल जी चमार | |
| 3 | धनीबाई चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन | भेरुलाल जी चमार | |
| 4 | प्रकाश चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | भेरुलाल जी चमार | |
| 5 | बद्रीलाल चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन | रामाजी चमार | |
| 6 | भरत चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | भेरुलाल जी चमार | |
| 7 | भुलिबाई चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन | अमृतलाल जी चमार | |
| 8 | मुकेश चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | रामाजी चमार | |
| 9 | मदन चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | भेरुलाल जी चमार | |
| 10 | मायाबाई चमार,ग्राम मलोडा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | भेरुलाल जी चमार | |
| 11 | संतोष चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | अमृतलाल जी चमार | |
| 12 | किरण नाबालिग द्वरा संरक्षक माता भूलीबाई ग्राम गजनीखेडश्र | अमृतलाल जी चमार | |

**4. अपिलार्थी**

| क्रमांक | नाम तथा पता | पिता/पति/संरक्षक का नाम | मोबाइल न. |
|---|---|---|---|
| 1 | पेपाबाई रेदास कालोनी खाचरौद जिला उज्जैन | रामा जाति चमार | |

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 30.06.2026 को स्थान तहसील न्यायालय अपर तहसील बड़नगर में 11.00 बजे नियत किया गया है। उक्त भूमि में हित रखनें वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान प्र उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

नायब तहसीलदार
टप्पा तहसील खरसौदकलाँ तहसील बड़नगर



**कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

## निविदा आमंत्रण सूचना

सूचना क्र./62/ENP/2026 — देवास, दिनांकः- 15.06.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | आनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _515979_1 15/06/ 2026 | नगर पालिक निगम, देवास के विभिन्न कार्यों के के लिऐ लेपटॉप/प्रिन्टर/इंटरनेट आदि किराये पर प्रदाय करने का कार्य। | 12 माह 12,00,000/- | 2,000/- 36,000/- | 06.07.2026 06 .00 पीएम |

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)



**न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र.**

जा.क्र. 0151/रा.प्र.क्र./R.C.M.S./138/3-6/2024-2025 — बड़नगर, दिनांकः 23.06.2026

## प्रेस विज्ञप्ति

आवेदक श्री/श्रीमति/कु.: मुकेश आत्मजें/पुत्र/पुत्री रामा जाति चमार निवासी गजनीखेड़ी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि फौती नामांतरण सभी वारिशों के हक के आधार पर निम्नांकित विवरण के आधार पर किया जाये।

**1. भूमि का विवरण**

| प.ह.क्र./सेक्टर क्र. | नाम ग्राम | ख़सरा नंबर | रकवा | भू-राजस्व | खातेदारों के नाम: नाम | खातेदारों के नाम: पिता/पति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1018670601016/गजनीखेडी | गजनीखेड़ी | 286/1 | 0.450 | 8.56 | सूरजबाई विधवा थावर कमलाबाई पिता थावर व | ना0 बा0 सतीश किरण ज्योती पिता अम्रतलाल सरप्रस्त माता स्वय व भुलीबाइ वि0 अम्रतलाल प्रकाश मदन करन पिता भेरुलाल मायाबाइ पिता भेरुलाल धन्नीबाइ वि0 भेरुलाल बद्रीलाल मुकेश पेपाबाइ पिता रामा धापूबाइ वि0 रामा |

2.मृतक कृषक का विवरण

| अ.क्र. | नाम | पिता/पति/संरक्षक का नाम | मृत्यु दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | सरजूबाई | थावर | 05/04/2018 |

**3. वारिसो का विवरण**

| क्रमांक | नाम तथा पता | पिता/पति/संरक्षक का नाम | मोबाइल न. |
|---|---|---|---|
| 1 | कमलाबाई चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन | थावर जी चमार | |
| 2 | ज्योति चमार,ग्राम कामठाना तहसील खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.) | अमृतलाल जी चमार | |
| 3 | धनीबाई चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन | भेरुलाल जी चमार | |
| 4 | प्रकाश चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | भेरुलाल जी चमार | |
| 5 | बद्रीलाल चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन | रामाजी चमार | |
| 6 | भरत चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | भेरुलाल जी चमार | |
| 7 | भुलिबाई चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन | अमृतलाल जी चमार | |
| 8 | मुकेश चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | रामाजी चमार | |
| 9 | मदन चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | भेरुलाल जी चमार | |
| 10 | मायाबाई चमार,ग्राम मलोडा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | भेरुलाल जी चमार | |
| 11 | संतोष चमार,ग्राम गजनीखेडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) | अमृतलाल जी चमार | |
| 12 | किरण नाबालिग द्वरा संरक्षक माता भूलीबाई ग्राम गजनीखेडश्र | अमृतलाल जी चमार | |
| 13 | पेपाबाई रेदास कालोनी खाचरौद जिला उज्जैन | रामा जाति चमार | |

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 30.06.2026 को स्थान तहसील न्यायालय अपर तहसील बड़नगर में 11.00 बजे नियत किया गया है। उक्त भूमि में हित रखनें वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान प्र उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

नायब तहसीलदार
टप्पा तहसील खरसौदकलाँ तहसील बड़नगर

## घर की मरम्मत करते समय कच्ची दीवार गिरी

**शाजापुर।** घर की मरम्मत कर रहे बुजुर्ग दीवार गिरने से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शहर के दायरा मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 9 में शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे 60 वर्षीय शब्बू पिता इमाम खान अपने ही घर में निर्माण और मरम्मत का काम कर रहे थे। इसी दौरान पास की कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई और वे उसके नीचे दब गए। हादसे में शब्बू के माथे पर गंभीर चोट आई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भर्ती कर निगरानी में रखा है। डॉक्टरों के अनुसार, सिर में चोट गंभीर होने के कारण उनका इलाज जारी है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## बदमाशों ने सूने मकान से हजारों का सामान उड़ाया

**शाजापुर।** सूने मकान से बदमाशों ने हजारों रुपए नकदी और चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया।जानकारी के अनुसार महेश सेन के रामपुरा मेवासा गांव में दो मकान हैं। एक मकान में वे परिवार के साथ रहते हैं, जबकि पास के कच्चे मकान में गाय बांधते हैं और वहीं गृहस्थी का सामान रखा रहता है। 24 जून की रात भोजन करने के बाद परिवार सो गया था। अगले दिन शुक्रवार सुबह उनके भाई बाबूलाल गाय का दूध निकालने पहुंचे तो कच्चे मकान के दरवाजे की कड़ी टूटी मिली। अंदर जाकर देखने पर सामान रखने वाली बड़ी पेटी का नकुचा उखड़ा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर लगभग 300 ग्राम चांदी की पायजेब, करीब 100 ग्राम अन्य चांदी के आभूषण, पीतल के बर्तन, 5 हजार रुपए नकद और एक पुराना मिक्सर ग्राइंडर चुरा ले गए। मामले में सुनेरा थाने पर शिकायत दर्ज कराई गई है।

## खेत की मेड़ को लेकर विवाद मारपीट का मामला दर्ज

**शुजालपुर।** खेत की मेड़ और हिस्से को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम ताजपुर गोरी निवासी 60 वर्षीय रमेश सिंह जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 जून की शाम करीब 4:30 बजे वह अपने पुत्र सुनील, शिवनारायण सिंह जाट, कनीराम सिंह जाट, जितेंद्र जाट एवं गोरीलाल जाट के साथ दरगाह वाले खेत पर खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान गांव के भूपेंद्र जाट, सुनील जाट एवं अरुण जाट वहां पहुंचे और खेत के स्वामित्व को लेकर विवाद करने लगे। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए कहा कि खेत उनका है। इस पर फरियादी ने नामांतरण हो जाने की बात कहते हुए अपने हिस्से का खेत लेने की समझाइश दी। इसी बात पर विवाद बढ़ गया और भूपेंद्र जाट व सुनील जाट ने डंडों से हमला कर दिया, जबकि अरुण जाट ने थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की। हमले में रमेश सिंह के सिर और बाएं हाथ में चोट आई। मारपीट के दौरान बीच बचाव करने पहुंचे गोरीलाल जाट पर भी सुनील जाट ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे उनके दोनों हाथों में चोट आई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज एवं अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मंडी में मोहर्रम पर्व का समापन हुआ

**शुजालपुर।** इस्लामी तारीख के हिसाब से यूँ तो मोहर्रम का महीना नए साल की शुरुआत होती है। लेकिन मोहर्रम माह को हजरत इमाम हुसैन की शहादत के लिए याद किया जाता है। मोहर्रम पर्व के चलते शुक्रवार को सिटी व मंडी क्षेत्र में ताजियों का चल समारोह निकाला गया। मुस्लिम समाजजन मोहर्रम माह की 10 तारीख को हजरत इमाम हुसैन की शहादत के रूप में याद करते है। शुजालपुर मंडी में सुबह से लेकर शाम तक लोग ताजिये की जियारत के लिए आते रहे। मंडी में दोपहर 3 बजे तक ताजिया मंडी की नूरानी जामा मस्जिद के समीप रखा गया। जहाँ सभी धर्म के श्रद्धालुओं ने जियारत करने के साथ चढ़ावा चढ़ाया और दुआ एवं प्रार्थना की।साथ ही वेयर हाउस रोड से सवारियां निकली और ताजिये भी अपने मुकाम से उठाए गए। इसके बाद ताजियों को जुलूस के साथ टेम्पो चौराहे पर जियारत के लिए रखा गया। रात को लगभग 10-11 बजे ताजियों को विसर्जन के लिए ले जाया गया।

## नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**शुजालपुर।** आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर कांग्रेस ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शुजालपुर सिटी मंडलम एवं मंडी मंडलम की संयुक्त बैठक रविवार 28 जून को आष्टा रोड स्थित तनिषि गार्डन में आयोजित की जाएगी। बैठक में नगर के सभी वार्ड अध्यक्ष, बीएलए-2, पार्षद, पूर्व पार्षद, वर्ष 2023 के पार्षद प्रत्याशी, कांग्रेस पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, आगामी चुनावों की रणनीति तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा की जाएगी।

## एबीवीपी की हेल्प डेस्क

**शुजालपुर।** नए शैक्षणिक सत्र के तहत महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी की ओर हेल्प डेस्क लगाई गई। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया,विषय चयन और दस्तावेजों के सत्यापन संबंधी जानकारी एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया। नगर अध्यक्ष मुकेश मेवाड़ा ने कहा कि नए विद्यार्थियों को प्रारंभिक दिनों में सही मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है।

# शहर में निकला दुलदुल और ताजियों का जुलूस

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

दस दिवसीय शहादत के पर्व मोहर्रम का समापन शुक्रवार को दुलदुल-बुर्राक और ताजियों के जुलूस के साथ हुआ। गौरतलब है कि मोहर्रम की शुरुआत के साथ ही मुस्लिम समाजजनों ने शोहदा-ए-कर्बला की याद में दूध और शर्बत पिलाने के साथ ही दुरूद और फातेहा पढ़ना शुरू कर दिया था ओर गली, मोहल्लों में आका हुसैन के नाम पर दस दिनों तक दूध और शर्बत पिलाया गया।

वहीं नगर में अखाड़ों के साथ दुलदुल और बुर्राक का जुलूस निकालते हुए अखाड़ों के उत्साही युवाओं ने क्रूर शासक यजीद पलीत को सांकेतिक रूप से ललकारते हुए ताजियों के समक्ष करतब दिखाए। मोहर्रम की दस तारीख को समाज के लोगों ने योमे आशूरा मनाया और इस दिन आशूरे की नमाज अदा की गई। साथ ही करबला के प्यासे शहीदों को याद करते हुए जगह-जगह लोगों को सबील पिलाने के साथ ही हलीम पर फातेहा लगाकर अकीदतमंदों में तकसीम की गई।



**नौ की रात निकली नाल साहब की सवारी-** मोहर्रम की नौ तारीख गुरुवार को नगर में रात के समय नाल साहब की सवारी व मशाल जुलूस निकाला गया। नाल साहब की सवारी व मशाल जुलूस रात लगभग 11 बजे से शुरू हुआ, जो नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ गुजरा। जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज के युवा 'या हुसैन'... के नारे लगा रहे थे। वहीं आगे-आगे युवा हाथ में मशाल लिए हुए थे। व्यवस्था बनाने के लिए मोहर्रम कमेटी के सदर इमरान खरखरे, शेख शमीम, सलीम ठेकेदार, नाल साहब कमेटी सदर शफीक खान आदि पूरे समय जुटे रहे। वहीं पुलिस व्यवस्था भी माकूल रही। जुलूस के आगे और पीछे पुलिसकर्मी व पुलिस वाहन चल रहे थे, ताकि जुलूस के दौरान कोई व्यवधान पैदा न हो।

**दुलदुल और बुर्राक-** मोहर्रम की 10 तारीख पर शुक्रवार को परंपरानुसार नगर में जरकी बुर्राक के साथ अन्य छोटे-बड़े दुलदुल और ताजियों का जुलूस भी निकाला गया। वहीं इस दिन वारसी परिवार द्वारा भी पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए नारियल में पैसे बांधकर लुटाए गए, जिसे लूटने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं इसी रात 11 बजे जुलूस का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें नगर के सभी मोहल्लों के अखाड़े, दुलदुल, ताजिये निकाले गए। इसके बाद सुबह 5 बजे तक ताजिये ठंडे किए गए। इसके साथ ही मोहर्रम पर्व का समापन हो गया। जानकारी मोहर्रम कमेटी के मीडिया प्रभारी सैयद आफताब अली ने दी।

# महिला ने पुल से छलांग लगाने का किया प्रयास, पुलिस ने बचाई जान

**शाजापुर।** एक ही परिवार में हुए दो बड़े हादसों ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पारिवारिक विवाद के चलते जहां एक ओर ननद ने एसिड पीकर जान देने की कोशिश की, वहीं दूसरी ओर उसकी मानसिक रूप से कमजोर और मूक-बधिर भाभी ने भी शुक्रवार दोपहर पुल से कूदने का प्रयास कर आत्महत्या करने की कोशिश की। गनीमत रही कि वक्त रहते पुलिस की डायल-112 टीम मौके पर पहुंच गई और सूझबूझ दिखाते हुए महिला को सुरक्षित बचा लिया गया। फिलहाल दोनों महिलाओं का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है।



**डायल-112 टीम की सतर्कता से टला बड़ा हादसा-** शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली गोपीपुर पुलिया पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक घबराई हुई महिला ने पुल से नीचे छलांग लगाने की कोशिश की। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। टीम में शामिल प्रधान आरक्षक अशोक और पायलट विजय ने बेहद सूझबूझ और धैर्य का परिचय देते हुए महिला को समझाया और उसे सुरक्षित रूप से पुलिया से नीचे उतारा। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिला की पहचान ग्राम भरड़ निवासी कोमल पति रवि के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, कोमल मानसिक रूप से कुछ कमजोर है और मूक-बधिर (बोलने-सुनने में असमर्थ) है। घटना के वक्त वह काफी डरी और घबराई हुई थी। पुलिस टीम ने उसे तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे भर्ती कर लिया गया है। इस पूरी घटना के तार परिवार में चल रहे एक बड़े विवाद से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, कोमल के परिवार में पिछले कुछ दिनों से भारी तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। हाल ही में कोमल के पति रवि की बहन निशा ने भी इसी पारिवारिक कलह के चलते एसिड पी लिया था। गंभीर हालत में निशा को पहले जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर करने की सलाह दी थी। हालांकि, परिजनों के विशेष आग्रह पर फिलहाल निशा का इलाज शाजापुर के ही एक निजी अस्पताल में चल रहा है। एक ही परिवार की दो महिलाओं द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम से हर कोई हैरान है। हालांकि, इस पारिवारिक विवाद का वास्तविक कारण क्या है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

## बस डिपो के पास फल विक्रेताओं को चेतावनी

**शाजापुर।** बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क किनारे दुकान लगाकर व्यापार करने वाले व्यापारियों को यातायात पुलिस ने अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे हाईवे किनारे लगे फल-फ्रूट के ठेलों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने हाईवे स्थित ट्रैफिक पॉइंट और बस डिपो क्षेत्र में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को तत्काल अपने ठेले हटाने के निर्देश दिए। पुलिस ने चेतावनी दी है कि समझाइश के बाद भी ठेले न हटाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उनका सामान जब्त कर लिया जाएगा।

# दो घंटे की जोरदार बारिश से मिली राहत

**शुजालपुर।** लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को मानसून ने शुजालपुर क्षेत्र में दमदार दस्तक दी। सुबह से दोपहर करीब 12 बजे तक तेज धूप और उमस ने लोगों को बेहाल रखा, लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली। देखते ही देखते आसमान काले बादलों से घिर गया और तेज गर्जना के साथ करीब दो घंटे तक झमाझम बारिश हुई। मानसून की पहली जोरदार बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली तथा मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया।

बारिश के चलते नगर की सड़कों पर चहल पहल कम हो गई। कई लोग बारिश का आनंद लेते नजर आए, वहीं बच्चों ने भी भीगकर मौसम का स्वागत किया। लगातार हुई वर्षा से तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान घटकर करीब 32 से 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई।

मानसून की अच्छी शुरुआत से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। क्षेत्र में अब तक करीब 40 प्रतिशत कृषि भूमि पर खरीफ फसलों की बुवाई हो चुकी है। इनमें सर्वाधिक रकबा सोयाबीन का है।

किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से बुवाई कार्य में तेजी आएगी और फसलों की अच्छी शुरुआत होगी।

**सड़कों पर बहा नालियों का गंदा पानी -** बारिश ने जहां मौसम खुशनुमा बना दिया, वहीं नगर की जल निकासी व्यवस्था की भी पोल खोल दी। कई निचले इलाकों में पानी भर गया। नालियों की समय पर सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता रहा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।महात्मा गांधी मार्ग पर पानी की टंकी के सामने सकरी नाली अधिक पानी का दबाव नहीं झेल सकी। इसके चलते नाली का गंदा पानी और कीचड़ सड़क पर फैल गया। कई दुकानों के सामने बदबूदार कीचड़ जमा हो गया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड स्वामी श्री उमेश पांचाल पिता श्री शंकरलाल, निवासी-164, नागेश्वर धाम, सेंट पाल स्कुल के पास कानीपुरा रोड़, उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में भूखण्ड क्रमांक-23 जो कि कैलाश एम्पायर पाण्ड्याखेड़ी (एम. आर. 5) उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं। भूखण्ड की पैमाईश में लम्बाई-एक बाजू 18.74 मीटर व दुसरी बाजू 18.85 मीटर, चौड़ाई-सामने 06.10 मीटर व पीछे 06.10 मीटर होकर भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-114.65 वर्गमीटर है। भूखण्ड की चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में-भवन / भूखण्ड क्रमांक-22, पश्चिम दिशा में भूखण्ड क्रमांक-24, उत्तर दिशा में सड़क कॉलोनी की एवं दक्षिण दिशा में-भूखण्ड क्रमांक-44 स्थित हैं। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य के भूखण्ड को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी हैं, शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का ई पंजीयन करवाना बाकी रहा हैं। उक्त भूखण्ड पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उनका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-26.06.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
मो. 94259-46659

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड स्वामी श्रीमती साधना गुप्ता पति श्री सुरेन्द्र गुप्ता, निवासी-बी 4/16, महानंदा नगर उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में भूखण्ड क्रमांक-03, सेक्टर बी जो कि शिखर रिजेन्सी ग्राम कराड़िया उर्फ नवाखेड़ा तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं। भूखण्ड की पैमाईश में लम्बाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 22.40 मीटर व बतरफ पश्चिम 24.40 मीटर, चौड़ाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 09.80 मीटर व बतरफ दक्षिण 09.75 मीटर होकर भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-228.15 वर्गमीटर हैं। भूखण्ड की चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में भूखण्ड क्रमांक-02, पश्चिम दिशा में भूखण्ड क्रमांक-04, उत्तर दिशा में कॉलोनी की बाउण्ड्रीवाल एवं दक्षिण दिशा में सड़क कॉलोनी की स्थित हैं। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य के भूखण्ड को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी हैं, शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का ई पंजीयन करवाना बाकी रहा हैं। उक्त भूखण्ड पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उनका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-26.06.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन ( म0 प्र0 )
मो. 94259-46659

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता चेनसिंह पिता उमरावसिंहजी राजपूत, निवासी ग्राम माउखेडी तहसील झारड़ा अनुभाग महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम माउखेडी तहसील झारड़ा अनुभाग महिदपुर जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 185/3, 186/4, 187/2, 188/1, 190/2 रकबा क्रमश: 0.64, 0.18, 0.13, 0.18, 0.37 हैक्टयर कुल सर्वे नम्बर 05 कुल रकबा 1.50 हैक्टयर कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, तथा विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित करवा लिया है, तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सहकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विक्रेता से उक्त कृषि भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचित हो। इति दिनांक 26-06-2026

अतुल लश्करी एडवोकेट
कार्यालय-9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल, महिदपुर
जिला उज्जैन मो. 9669443020

### जाहिर सूचना

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी**

1 गणपतराव गुंजाल पिता जोतिबा, 2 रामराव गुंजाल पिता गणपतराव वारीसान:-(अ) आलोक पिता रामराव गुंजाल, (ब) अशोक पिता रामराव गुंजाल, (स) आशा पिता रामराव गुंजाल, (द) आरती पिता रामराव गुंजाल, (इ) पुष्पा पिता रामराव गुंजाल, 3 स्व. श्री विष्णुराव गुंजाल पिता गणपतराव, द्वारा वारीसान-(अ) सरोज पिता स्व. श्री विष्णुराव गुंजाल, (ब) मालती पिता स्व. श्री विष्णुराव गुंजाल, (स) प्रवीण पिता स्व. श्री विष्णुराव गुंजाल, (द) संजय पिता स्व. श्री विष्णुराव गुंजाल, (इ) धीरज पिता स्व. श्री विष्णुराव गुंजाल, 4 सरोज वारीसान-(अ) हीना माता सरोज, (ब) दर्शन माता सरोज, 5 मालती वारीसान:- (अ) सानू माता मालती (ब) टीना माता मालती निवासीगण-म्यूनिसिपल क्रमांक 10/1 चौबीस खंम्बा मार्ग उज्जैन, उज्जैन (म.प्र.) ने अपने हक, हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड म्यूनिसिपल क्रमांक 10 एवं 10/1 चौबीस खंम्बा मार्ग उज्जैन, उज्जैन (म.प्र.) मे स्थित है। उपरोक्त भूखण्ड को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेता पक्ष से आंशिक विक्रय मूल्य राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया विक्रय मूल्य प्राप्त कर, उक्त भूखण्ड का विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम करवाना शेष है। यदि उक्त भूखण्ड पर अन्य किसी व्यक्ति का हित अधिकार हो या शासकीय, अर्द्धशासकीय, संस्था, निकाय आदि का भार हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक, निकाय का कोई बकाया हो या उक्त भूखण्ड किसी भी संस्था, व्यक्ति ने रहन या ऋण भार किया हो या किसी भी दस्तावेज द्वारा कोई हित भार प्राप्त किया हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण, मेरे कार्यालय के समय में आकर अपना दावा एवं आपत्ति मय प्रमाणित दस्तावेज के प्रस्तुत करें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति या उज्ज मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगा ।

इति, दिनांक-26-06-2026

अनिल मालवीय हाईकोर्ट एडवोकेट
कार्यालय 61/1. वररूचि मार्ग फ्रीगंज उज्जैन
मो. 88789-11190

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण आम जन को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार देवीसिंह पिता.अमरसिंह जी जाति राजपूत निवासी ग्राम दंगवाड़ा द्वारा ग्राम इंगोरिया तहसील बड़नगर जिला उज्जैन स्थित मकान जो भूमि सर्वे न. 544/1/1/1/1/1/1/1/2 मेसे 600 वर्ग फिट का मकान स्वामी राधेश्याम सेठी पिता भेरूलाल जी दर्जी निवासी ग्राम इंगोरिया तहसील बड़नगर से भूमि क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशी प्रदान कर दी है तथा उस सोदा चिठ्ठी मेरे पक्षकार के पक्ष में उपरोक्त मकान स्वामी द्वारा सम्पादीत की है तथा शीघ्र ही उक्त मकान का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष मे पंजीकृत होना है यदि उक्त मकान के सबंध मे किसी भी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह संम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो, अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या मकान सबंधीत किसी प्रकार का मुखत्यारनामा आम, या मुखत्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती मे उपरोक्त मकान स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित , स्वत्व, अधिकार हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी। सुचित हो- दिनांक- 26/06/2026

रवि रावल सर्विस प्रोवाइडर बड़नगर
जिला उज्जैन ( मप्र )
मो -9981226537

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड उज्जैन शाखा महाकाल वाणिज्य केंद्र नानाखेड़ा उज्जैन (म.प्र) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड क्रमांक 01 स्थित मयूर विहार कस्बा आगर तहसील आगर जिला आगर मालवा म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफीट है, जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में- अन्य की भूमि, पश्चिम मे- भूखण्ड क्रमांक 02, उत्तर में - अन्य की भूमि एवं दक्षिण में- कॉलोनी का रास्ता स्थित है। एवं उक्त संपत्ति गीता बाई पुत्री सोदानसिंह ने इसके पूर्व स्वामी तरन्नुम, अयाज, पिता रियाज खान एवं आकाश देसाई पिता राजेश देसाई एवं राजेश देसाई पिता वल्लभ देसाई से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 512812018प्र1560379 दिनांक 07/08/2018 के माध्यम से क्रय कि। एवं उक्त संपत्ति होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड में बंधक है तथा बैंक/कंपनी के कर्मचारी द्वारा उक्त संपत्ति का मूल दस्तावेज विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 512812018प्र1560379 दिनांक 07/08/2018 को नानाखेड़ा बस स्टैण्ड उज्जैन पर दिनांक 03/03/2025 को कही गुम हो गया है जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना नानाखेड़ा उज्जैन में दिनांक 19/06/2026 को दर्ज करवा दि गई है। यदि उक्त दस्तावेज किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को प्राप्त हुआ हो तो वह मेरे पक्षकार तथा मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करें। दिनांक 26/06/2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज,
उज्जैन मो. 9301860352

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमती संगीता पति श्री सुदेश जी, आयु 49 वर्ष, व्यवसाय कृषिकार्य, निवासी 49, ग्राम बरदरी, भवरसाला, इंदौर, म.प्र., आ.नं. 9607 5490 6488 से उनके स्वत्व व आधिपत्य की कृषि भूमि-सर्वे नं0 290/1 रकबा 0.9930 हेक्टर में से रकबा 0.5000 हेक्टर कुल किता 1 कुल रकबा 0.5000 हेक्टर स्थित ग्राम चंद्रखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित संपत्ति / भूमि को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अनुबंधकर्ता को अदा करके विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई व्यक्ति या संस्था किसी प्रकार का कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 26-06-2026 उज्जैन

अभिषेक सिंह सिकरवार एडवोकेट
सिटी कार्यालय 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन
कार्यालय डी-3, भरतपूरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन
मो.नं. 88277-65533, 70001-92470

न्यूज कॉलम



## अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**मन्दसौर।** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर मंदसौर की विजन एकेडमी में विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। जिसके मुख्य अतिथि, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के विशेष लोक अभियोजक मनीष दादू पंथी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को बर्बाद करता है। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक सोच और अच्छे मित्रों का चयन करने का आह्वान करते हुए कहा कि जीवन की वास्तविक सफलता श्रेष्ठ चरित्र में है। विशिष्ट अतिथि और केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के निरीक्षक देवेंद्र पाल सिंह सिसोदिया ने नशे के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए समाज के सहयोग को इस लड़ाई में जरूरी बताया। वहीं, अधिवक्ता भारती शर्मा ने नशीले पदार्थों से जुड़े कड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान ब्रजेश जाट द्वारा सभी को नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का मार्गदर्शन देवेंद्र शर्मा ने किया और अंत में संस्था के संस्थापक सुनील कंडारा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## छः खिलाड़ियों का राष्ट्रीय पेंसक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में चयन



**मन्दसौर।** जिले के छह प्रतिभावान खिलाड़ियों कृष्ण वर्मा, प्रशस्ति सिंह, अंजलि कुमावत, नमन कुमावत, निश्चय सोलंकी और शताक्षी ग्वाला का चयन राष्ट्रीय स्तरीय पेंसक सिलाट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला पेंसक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कोठारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित की जा रही है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था सचिव गगन कुरील ने जानकारी दी कि यह खेल भारत सरकार के खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश शासन द्वारा लाखों रुपये की स्कॉलरशिप और स्पोर्ट्स कोटा से सरकारी नौकरी का लाभ मिलता है। इस सफलता पर जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, संरक्षक अनिल कियावत, गौरव अग्रवाल सहित खेल जगत से जुड़े कई नागरिकों और पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## इनरव्हील ने महिला कर्मचारियों को साड़ियाँ वितरित कर किया सम्मानित



**मंदसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा महिला सशक्तिकरण और सेवा भावना के तहत सम्मान समारोह आयोजित कर राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की महिला कर्मचारियों को साड़ियाँ भेंट कर उनका सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बताया कि यह सेवा कार्य क्लब की पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी शकुंतला पोरवाल के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने कहा कि समाज के हर वर्ग के प्रति सम्मान ही वास्तविक सेवा है। कार्यक्रम के दौरान दानदाता रितु पोरवाल और शोभिता पोरवाल का स्वागत किया गया, जबकि डॉ. ज्योति खिमेसरा और डॉ. आशीष खिमेसरा का आभार माना गया। इस दौरान क्लब एडिटर किरण भामावत, उषा कुमावत, शशि झलोया आदि सदस्याएं मौजूद रहीं।

## पल्स पोलियो अभियान के तहत कल निकलेगी जागरूकता रैली

**मन्दसौर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत कल 28 जून को शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के उद्देश्य से 27 जून को मंदसौर शहर में जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. जी.एस. चौहान ने बताया कि यह भव्य रैली सुबह 9.30 बजे इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होगी, जिसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आमजन को जागरूक करेगी और इसका समापन जिला प्रशिक्षण केंद्र पर होगा। रैली में जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक, नर्सिंग ऑफिसर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और आशा कार्यकताएं शामिल होंगी। डॉ. चौहान ने जिले के सभी माता-पिता से अपील की है कि वे रविवार को अपने बच्चों को नजदीकी बूथ पर ले जाकर दवा अवश्य पिलवाएं और जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने में सहयोग करें।

मुखबिर की सूचना पर रिंगनोद पुलिस की सटीक कार्रवाई

# 1 किलो एम.डी. ड्रग्स के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार : करीब 1 करोड़ की मादक सामग्री जब्त

### मादक पदार्थ के स्रोत एवं नेटवर्क की गहन जांच जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत रतलाम पुलिस को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम (ग्रामीण) विवेक कुमार लाल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावरा संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रिंगनोद निरीक्षक आनंद सिंह आजाद के नेतृत्व तथा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रघुवीर जोशी एवं पुलिस टीम द्वारा में थाना रिंगनोद पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलोग्राम एम.डी. ड्रग्स बरामद की है, जिसकी अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ आंकी गई है।

**घेराबंदी कर आरोपी गिरफ्तार**

दिनांक 25 जून 2026 को पुलिस टीम को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध एम.डी. ड्रग्स लेकर बरखेड़ी फंटा, महू-नीमच फोरलेन हाईवे, ढोढर क्षेत्र से गुजरने वाला है। सूचना पर तत्काल टीम ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए घेराबंदी की और संदेही को रोककर विधिसम्मत तलाशी, पहचान एवं तौल की कार्रवाई की।

शतलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1000 ग्राम (01 किलोग्राम) एम.डी. ड्रग्स बरामद हुई, जिसे मौके पर विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी- युनुस पिता नियामत खान पठान, उम्र 52 वर्ष, निवासी ग्राम कोटड़ी, थाना कोटड़ी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान)।



**सराहनीय भूमिका**

इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक आनंद सिंह आजाद, उप निरीक्षक रघुवीर जोशी, उप निरीक्षक राजेश मालवीय, सहायक उप निरीक्षक अशोक चौहान, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह राठौर, प्रधान आरक्षक हर्षवर्धन सिंह जगावत, आरक्षक राधेश्याम चौहान, आरक्षक नरेंद्र सिंह जगावत, आरक्षक रविंद्र सिंह चौहान, आरक्षक शोभाराम शर्मा, सैनिक छत्रपाल सिंह एवं साइबर सेल रतलाम की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

गिरफ्तार आरोपी से एम.डी. ड्रग्स के स्रोत, सप्लाई चेन, तस्करी नेटवर्क एवं इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। रतलाम पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

रतलाम पुलिस जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों एवं संगठित गिरोहों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी ताकि युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखा जा सके।

मोहर्रम के अवसर पर शामगढ़ के मुस्लिम समाज के युवाओं ने

# स्टेशन, बस स्टैंड और अस्पताल में यात्रियों को बिस्किट और ठंडा पानी पिलाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शामगढ़



मोहर्रम के पवित्र अवसर पर मंदसौर के शामगढ़ के मुस्लिम समाज के युवाओं ने शुक्रवार को सामाजिक सेवा का संदेश दिया। उन्होंने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सिविल अस्पताल में जरूरतमंदों, यात्रियों तथा मरीजों को निशुल्क ठंडे पानी की बोतलें, फल और बिस्किट वितरित किए। इस पहल की यात्रियों, स्थानीय नागरिकों और रेलवे अधिकारियों ने सराहना की।

रेलवे स्टेशन पर युवाओं ने भीषण गर्मी के बीच विभिन्न ट्रेनों से आने-जाने वाले यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया। बस स्टैंड पर भी यात्रियों को पानी की बोतलें और फल वितरित किए गए। सिविल अस्पताल पहुंचकर युवाओं ने भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को फल, बिस्किट और पानी देकर उनका हालचाल पूछा।

इस सेवा अभियान में रेलवे स्टेशन अधीक्षक, आरपीएफ और जीआरपी पुलिस के जवानों ने भी युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए अभियान में सहयोग प्रदान किया।

युवाओं ने बताया कि मोहर्रम केवल शोक का पर्व नहीं है, बल्कि इंसानियत, त्याग, सत्य और न्याय के मूल्यों को याद करने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। उनके बताए मार्ग पर चलकर मानव सेवा को ही सच्ची श्रद्धांजलि बताया गया।

इस्लामी इतिहास के अनुसार, 10 मोहर्रम यानी यौमे आशूरा के दिन हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके 72 साथियों ने कर्बला में सत्य और इंसाफ के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। इसी स्मृति में मुस्लिम समाज मोहर्रम पर पानी, शर्बत, भोजन और फल वितरित कर इंसानियत, भाईचारे और मानवता का संदेश देता है।

युवाओं की इस पहल ने न केवल सामाजिक सेवा का उदाहरण पेश किया, बल्कि आपसी सद्भाव, भाईचारे और मानवता की भावना को भी मजबूत किया।

## ट्रक के केबिन व स्टेपनी में छिपाकर डोडाचूरा की तस्करी ड्राइवर समेत तीन आरोपी अरेस्ट

**जावरा।** रतलाम जिले की जावरा औद्योगिक थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान पंजाब पासिंग दो अलग-अलग ट्रकों से कुल 46 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त किया है। इसकी कुल कीमत 2.30 लाख रुपए आंकी गई है। तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए इसे केले के ट्रक के केबिन और स्टेपनी टायर में छिपा रखा था। पुलिस ने दोनों ट्रकों को जब्त कर पंजाब निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मुखबिर की सूचना पर जावरा-उज्जैन रोड स्थित धाकड़ चौराहे पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी की थी। इसी दौरान मंदसौर की तरफ से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। ट्रक में केले भरे हुए थे।

जब ट्रक के केबिन की सघन चेकिंग की गई, तो वहां डिस्को रस्सी से बंधी एक सफेद प्लास्टिक की थैली मिली। इसे खोलने पर अंदर से 20 किलो अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से आरोपी गुरप्रीत सिंह (32) पिता गुरदीप सिंह मजवी (निवासी दानावाला, जिला बरनाला) और मलकीत सिंह (47) पिता करनेल सिंह रंधावा (निवासी लोंगवाल, जिला संगरूर, पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य कार्रवाई में जावरा औद्योगिक थाना पुलिस ने जावरा-उज्जैन रोड पर ही जिंदल स्टील के सामने नाकाबंदी कर दूसरे ट्रक को रोका। तलाशी लेने पर पुलिस को ट्रक के स्टेपनी टायर के अंदर प्लास्टिक की 26 थैलियां मिलीं, जिनमें 26 किलो डोडाचूरा छिपाकर रखा गया था। इस माल की कीमत 1.30 लाख रुपए बताई गई है।

## मोटर व केबल चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** अफजलपुर थाना पुलिस ने रात के समय किसानों के कुओं से विद्युत मोटर और केबल चुराने वाले गिरोह के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी रुघनाथ सिंह निवासी अफजलपुर की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो संदिग्धों, अभिषेक और जहीर निवासी दलौदा को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने जुर्म कबूल किया, जिसके बाद आरोपी जहीर से करीब 11 हजार 500 रु. कीमत की 3 हॉर्स पावर की विद्युत मोटर व 70 फीट केबल जब्त की गई। वहीं आरोपी अभिषेक से चोरी में इस्तेमाल की गई बजाज पल्सर मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

## जनजाति कार्य विभाग में 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर चतुर्थ क्रमन्नति वेतनमान आदेश आखिरकार कब मिलेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

मध्य प्रदेश शासन के द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग लोक शिक्षण संचनालय अंतर्गत कार्यरत शिक्षा विभाग के शिक्षकों को 35वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर चतुर्थ क्रमानुपाती वेतनमान की सौगात दी है यह आदेश समान प्रशासन विभाग के द्वारा 1 अप्रैल 2026 को घोषित कर दिया गया था जिसके तार में सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा अपने अधीन शैक्षणिक संस्थानों में कार्य सहायक शिक्षक, शिक्षक, एवम् प्रधान अध्यापक माध्यमिक विद्यालय को यह लाभ देने के लिए लगभग 500 कर्मचारियों को आदेश प्रसारित कर दिए गए हैं और उनको एरिया की राशि एवं वेतन निर्धारण कर संशोधित पेंशन मिलना भी शुरू हो गई है जनजातीय कर विभाग में यह कार्रवाई आखिरकार कब पूर्ण होगी यह भगवान ही जानता है।

जनजातिया कार्य विभाग के शिक्षक संवर्गी कर्मचारियों को भी यह लाभ मिले इसके लिए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा रतलाम की शीघ्र बैठक की जा रही है की बैठक में जनजाति कार्य विभाग के प्रधानाध्यापक सहायक शिक्षक एवं शिक्षक सम्मिलित हो सकते हैं इसके लिए दिनांक एवं स्थान प्रताप से उपलब्ध कराया जाएगा। आयुक्त जनजातीय कर विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के नाम ज्ञापन दिया जाएगा और ज्ञापन देकर यह मांग की जाएगी की जनजाति कर विभाग के कर्मचारी भी शिक्षक हैं जो शैक्षणिक संस्थान में अध्यापन का कार्य करते हुए अनेकों कार्य करते हैं उन्हें भी अशोक मिलना चाहिए।

अन्यथा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीकरी इस हेतु आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा और चरण आंदोलन कर शासन का प्रशासन का ध्यान नहीं सो रहा आकर्षित करेगा। यह जानकारी मध्य प्रदेश शिक्षा संघ के संगठन मंत्री सर्वेश कुमार माथुर द्वारा दी गई है।

# लड़की भगाने के विवाद में खूनी संघर्ष 3 लोग गंभीर घायल, दोनों पक्षों के 11 पर प्रकरण दर्ज

### लड़की पक्ष और लड़के पक्ष में पत्थरबाजी से शुरूआत बाद में चली गोलियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जिले के कालूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम जेठाना में लड़की भगाने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि लड़की के मामा पक्ष ने दूसरे पक्ष पर बंदूक से फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों पक्षों के कुल 11 लोगों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**देर रात मामा पक्ष ने की फायरिंग, गांव में अफरा-तफरी**

मामला उस समय बढा जब घटना की जानकारी लगने पर लड़की के मामा देर रात अपने साथियों के साथ लड़के के घर धमक गए और दोबारा विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान मामा पक्ष के लोगों ने तैश में आकर सीधे फायरिंग कर दी। गोलीबारी से गांव में अफरा-तफरी मच गई। गोलीबारी में ऋतुराज पिता जगदीश आंजना 33 वर्ष, जगदीश पिता भंवरलाल आंजना 50 वर्ष, विक्रम पिता वजेराम आंजना 40 वर्ष घायल हो गए। तीनों घायलों को तुरंत रतलाम मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

कालूखेड़ा थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने बताया कि गुरुवार को ग्राम जेठाना निवासी अमृतलाल की लड़की किसी लड़के के साथ भाग गई थी। अमृतलाल की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया था। इसके कुछ समय बाद लड़की पक्ष के लोग लड़के के घर बातचीत करने पहुंचे, लेकिन वहां बहसबाजी शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट और पथराव होने लगा, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और घायल को अस्पताल भेजा।

**आरोपियों की तलाश जारी**

थाना प्रभारी के मुताबिक, पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस मामले में सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने एक पक्ष के 8 लोगों और दूसरे पक्ष के 3 व्यक्तियों (कुल 11 लोगों) के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। वारदात के बाद से ही आरोपी फरार हैं। पुलिस की टीमें उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।



## कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**रतलाम।** कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

## गरोठ में 24 करोड़ के सांदीपनि विद्यालय की दीवार टूटी

**क्षतिग्रस्त हुआ भवन, कांग्रेस ने उठाए सवाल**



**गरोठ।** मंदसौर जिले के गरोठ में 24 करोड़ रुपर की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का नवीन भवन पहली बारिश में ही क्षतिग्रस्त हो गया। शिक्षा विभाग को हैंडओवर किए जाने से पहले ही भवन का एक मुख्य पिलर (एनिमेशन पिलर) टूट गया। इस घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता और ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले को लेकर राजनीति भी गरमा गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी टीम से बात की गई। इंजीनियर प्रवीण कटारा ने बताया कि छत से पानी उतारने वाला पाइप एनिमेशन पिलर के अंदर से गुजर रहा था। पहली बारिश में यह पाइप चोक हो गया, जिससे पानी बाहर नहीं निकल पाया। उन्होंने आगे बताया कि दीवार के अंदर पानी इकट्ठा होने और अत्यधिक दबाव बढ़ने के कारण यह हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। इंजीनियर कटारा ने कहा कि इसे जल्द ही दुरुस्त कर लिया जाएगा।

## तीसरी शादी करने वाला पति जेल गया विवाद के बाद तहसील में हंगामा

**गरोठ।** मंदसौर जिले के गरोठ में एक पारिवारिक विवाद के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को जेल भेज दिया है। आरोपी रामभरोसे ने अपनी दूसरी पत्नी और दो बेटियों को छोड़कर तीसरी महिला से शादी कर ली थी, जिसके कारण यह विवाद उत्पन्न हुआ। रामभरोसे ने अपनी दूसरी पत्नी और दो बेटियों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के छोड़ दिया था। इसके बाद वह एक तीसरी महिला को अपने घर ले आया, जिससे विवाद की शुरूआत हुई। जब पत्नी को इस बात की जानकारी मिली, तो वह रात में ही रामभरोसे के घर पहुंचीं। वहां तीसरी महिला को देखकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले गई। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ शांतिभंग की धारा में मामला दर्ज कर उसे तहसील में पेश किया। इस दौरान तहसील परिसर में काफी हंगामा हुआ, जहां पीड़ित अपनी बेटियों के साथ मौजूद थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए, तूफान सिंह नामक व्यक्ति ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने उच्च अधिकारियों से बात की, जिससे पत्नी का पक्ष मजबूत हुआ। पीड़ित महिला ने तहसीलदार के सामने अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस की सक्रियता और प्रशासनिक कड़ाई के चलते, नायब तहसीलदार गरोठ जिनेंद्र कुमार निगम ने आरोपी पति रामभरोसे की जमानत याचिका खारिज कर दी। तहसीलदार के आदेश पर उसे सीधे जेल भेज दिया गया।

## रद्दी के गोदामनुमा मकान में लगी आग, डेढ़ घंटे में पाया काबू

**मंदसौर** शहर के बालागंज स्थित धनगर मोहल्ले में गुरुवार देर रात करीब 2.30 बजे एक मकान में भीषण आग लग गई। ज्वलनशील सामग्री जैसे रद्दी, कचरा और कबाड़ का भारी भंडारण होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों ने सुरक्षा के लिहाज से अपने घर खाली कर दिए। सूचना मिलते ही नगर पालिका का दमकल दल और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। स्थानीय निवासियों के शुरूआती प्रयासों के बाद दमकल कर्मियों ने लगातार डेढ़ घंटे तक अभियान चलाकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। क्षेत्रवासियों ने मकान मालिक पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि उसे कई बार घर में कचरा जमा न करने की सलाह दी गई थी।

## अवैध कारोबार का पर्दाफाश, करोड़ों के लेनदेन का खुलासा

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन थाना सरवन पुलिस ने अवैध कारोबार एवं उससे जुड़े संदिग्ध करोड़ों रुपये के वित्तीय लेनदेन के मामले में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। प्रकरण की जांच के दौरान अब तक उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर करोड़ों के संदिग्ध ट्रेडिंग ट्रांजेक्शन सामने आए हैं। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर विस्तृत विवेचना की जा रही है।




## साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के तहत आमजन को किया जागरूक

**सुसनेर।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 का शुभारंभ किया गया है। यह प्रदेशव्यापी अभियान 24 जून से 8 जुलाई तक संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराधों और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना है। इसी अभियान के अंतर्गत बुधवार को सुसनेर थाना पुलिस द्वारा थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस के नेतृत्व में नगर के हाथी दरवाजा क्षेत्र में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने आमजन को साइबर अपराधों से बचने के लिए आवश्यक जानकारी दी तथा ऑनलाइन ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों से सतर्क रहने की अपील की। कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग सावधानीपूर्वक करें। यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है तो वह तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन या ट्टीपूप्री.ङ्क५.ल्ल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकता है। थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस ने कहा कि बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना आवश्यक है। सावधानी और सतर्कता ही साइबर ठगी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। अभियान के दौरान नागरिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए गए तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया।

## बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित



**तनोडिया।** नगर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ राहुल जैन, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, बूथ अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, विजेन्द्र सिंह राठौर,सुनिल राठौर, विजेन्द्र सिंह गुर्जर आदि मौजूद थे।

## लोक कल्याण मेला का आयोजन हितग्राहियों को किया लाभान्वित



**सुसनेर।** नगर परिषद सुसनेर सीएमओ हरिओम शर्मा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 6 वर्ष पुर्ण के अवसर पर  में पुराने नगर परिषद भवन में लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, पार्षद राकेश कानुडिया, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप जैन, युगल किशोर परमार ने उपस्थित होकर हितग्राहियों को पीएम स्वनिधि योजना के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए। शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना प्रथम चरण एवं क्रेडिट कार्ड के नवीन आवेदन भी प्राप्त किए। साथ ही लाभान्वित शहरी पथ विक्रेता हितग्राहियों के परिवारजनों की सामाजिक प्रोफाइलिंग कार्य भी किया गया। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक राजकुमार ,एसबीआई के हेमन्त मीणा, शिविर प्रभारी शहजादी खान सामुदायिक संगठक जगदीश परमार, अक्षय गुहाटिया, मुकेश माली, शाहिद खान, रियाज खान आदि उपस्थित रहे।

## केरियर काउंसिल एवं गाइडेंस सेमिनार का आयोजन



**महिदपुर।** संत जोसेफ कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महिदपुर शहर में दिनांक 23 जून को कक्षा नवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए केरियर गाइडेंस सैमिनार का आयोजन डॉ. आइजैक थॉमस (केरियर गुरू) के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ,नवागत उपप्रबंधक फादर सजी, प्राचार्य सोबी थॉमस उपप्राचार्य अनीश थॉमस उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के स्वागत के पश्चात सेमिनार का प्रारंभ किया गया। छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर एक सफल व्यवसायिक जीवन प्राप्त करने के लिए डॉ. आइजैक थॉमस ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। जो छात्र विषय चयन एवं कैरियर के लिए संशय ग्रस्त थे उन्हें कैरियर की विभिन्न शाखाओं ,देश-विदेश के आदर्श शिक्षण संस्थानों, स्कालरशिप प्रोग्राम, चयन प्रक्रिया परीक्षा कार्यक्रमों एवं तैयारी आदि के विषय में विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अंत में सभी छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। छात्रों की जिज्ञासा का समाधान कर उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करने वाले इस सेमिनार में छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि की। इसके साथ ही छात्रों की शिक्षा को सरल, रुचिपूर्ण एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों के लिए भी एक ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन में कक्षा बारहवीं की छात्रा आयुषी परमार द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया।

### हादसों में गौवंश की मौत से नाराज ग्रामीण सड़क पर उतरे, हाईवे पर घंटों बाधित रहा यातायात

# प्रशासन की लापरवाही से सड़क पर गौवंश दुर्घटना के शिकार, ग्रामीणों ने किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



आमला चौराहे पर लगातार सड़क हादसों में गौवंश की हो रही मौतों से नाराज ग्रामीणों और युवाओं का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। जिससे कई घंटों तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों व यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे और समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते रहे।

ग्रामीणों का आरोप है कि आमला चौराहे सहित आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लावारिस गौवंश सड़कों पर विचरण करता है। तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई गौवंश घायल हो जाते हैं, जबकि कई की मौके पर ही मौत हो जाती है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे क्षेत्रवासियों में लंबे समय से नाराजगी बनी हुई थी।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उन्होंने कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। लावारिस गौवंश को सुरक्षित स्थानों पर नहीं पहुंचाए जाने के कारण हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते उचित व्यवस्था कर दी जाती तो अनेक गौवंश की जान बचाई जा सकती थी।

चक्काजाम के दौरान प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि क्षेत्र में घूम रहे समस्त लावारिस गौवंश को तत्काल सुरक्षित गौशालाओं में भेजा जाए तथा उनके चारे, पानी और रखरखाव की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही हाईवे किनारे आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

हाईवे जाम होने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश देने के साथ आसपास की गौशालाओं में गौवंश को भेजने की प्रक्रिया शुरू कराने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया और गौवंश की लगातार हो रही मौतों पर रोक नहीं लगी, तो भविष्य में इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में होने वाली किसी भी असुविधा और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### श्री द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

# श्री वीग्रह एवं ध्वजा दर्शन का अद्भुत प्रयोग, बना चर्चा का विषय

**3700 वर्गफुट में बना मंदिर, 500 लोगों की क्षमता का भव्य दर्शन हाल है**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना



नगर के मध्य तेजाजी चौक में स्थित प्राचीन द्वारकाधीश मंदिर के जीर्णोद्वार आयोजन में प्रयागराज से पधारे यज्ञाचार्य  गंगाधर  पांडे जी द्वारा 6 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव चल रहा है ।मंदिर समिति ने बताया कि मंदिर का निर्माण परम पूज्य गुरुदेव पंडित  कमल किशोर नागर के सानिध्य और मार्गदर्शन में मात्र 6 महीने में संपन्न होकर श्री द्वारकाधीश के चरणों में अर्पित किया जा रहा है ।मंदिर का निर्माण नागर शैली में जैसेलमेर के पत्थर के उपयोग से हुआ है। मंदिर में भगवान के श्री विग्रह एवं ध्वजा के एक साथ दर्शन का एक अद्भुत प्रयोग किया गया है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ।मंदिर निर्माण में हाटकेश्वर धाम के कई भक्तों का समय दान से मंदिर का निर्माण 3700 वर्गफुट में बना है ।जिसमें 500 लोगों की क्षमता का भव्य दर्शन हाल है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में 27 जून को परम पूज्य गुरुदेव पंडित कमल किशोर नागर के आशीर्वचन एवं विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है, जिसमें उत्तरकाशी रामेश्वर धाम से श्री श्री 1008 श्री त्यागी जी महाराज का पदार्पण का परम सौभाग्य भी मिलेगा, मंदिर के गर्भ ग्रह का द्वार सागवान की लकड़ी पर जर्मन सिल्वर का आवरण किया गया है तथा शिखर पर 13 फुट का ध्वजा दंड स्थापित किया गया है। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से परम पूज्य गुरुदेव प्रभु जी नागर द्वारा 2 घंटे भगवत चर्चा एवं ॐ नमो भगवते वासुदेवाय महामंत्र के जाप से क्षेत्रवासी भक्ति में लीन होकर प्रभु का गुणगान कर रहे हैं ।मंदिर परिसर में विगत 77 वर्ष से लगातार प्रतिवर्ष नागर जी की भागवत  जी कथा हो रही है। 26जून को  यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 27 जून को कलश स्थापना एवं मूर्ति स्थापना आयोजित की जाएगी ।मंदिर परिसर में कमल किशोर नागर के प्रवचन होंगे ।निवेदक रायरतन सेठ श्री मदन लाल मित्तल एवं समस्त भक्तजन श्री द्वारकाधीश मंदिर ।

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

**खाचरौद।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जनपद पंचायत खाचरौद द्वारा शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाचरौद में रसोइया सह-सहायक का व्यवहारिक प्रशिक्षण सह कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर तथा पुष्पहार पहनाकर किया गया।   उक्त कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केन्द्र अंतर्गत 12 संकुल केन्द्र से 30 स्व सहायता समूह के रसोइयों ने भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को प्रतियोगिता में शामिल किया गया था। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों के व्यंजनों का स्वाद एवं गुणवत्ता अतिथियों द्वारा व्यंजनों को चखकर तथा व्यंजन बनाने वालों से चर्चा कर निर्णायक भूमिका का निर्वाह करते हुए, 9 स्व सहायता समूह के रसोइयों का चयन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर जनशिक्षा केन्द्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागदा के अंतर्गत आने वाले मा, वि, मेहतवास में मध्यान्ह भोजन उपलब्ध करवाने वाले एस एम सी स्व सहायता समूह को दिया गया जिसे 5000 हजार रुपए शासन के नियमानुसार नगद एवं प्रशस्ति पत्र कृष्णा कुंवर को प्रदत किया गया।   इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागदा के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय खजुरिया के एस एम सी स्वसहायता समूह की संचालक संगीता जायसवाल, देवनारायण स्वसहायता समूह रूनखेड़ा की रसोइया श्रीमती संगीता बाई, को 3000-3000 हजार रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सचिव  नागर का पंचायत बाबल्दी स्थानांतरण

**सारंगपुर।** जनपद पंचायत सारंगपुर के अंतर्गत प्रशासनिक कसावट और सुचारू कामकाज को लेकर फेरबदल की प्रक्रिया जारी है। इसी कडी में जिला पंचायत राजगढ के आदेश के परिपालन में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक स्थानांतरण किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत छापरा में पदस्थ रहे सचिव श्रीलाल नागर का प्रशासनिक स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्हें अब नवीन पदस्थापना देते हुए ग्राम पंचायत बाबल्दी का नया सचिव नियुक्त  किया गया है। स्थानांतरण के बाद नई पंचायत में विकास कार्यों और वित्तीय लेन-देन को गति देने के लिए आधिकारिक कागजी कार्रवाई तेज कर दी गई है। कार्यालय जनपद पंचायत सारंगपुर द्वारा विगत दिवस शाखा प्रबंधक को एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। इस पत्र के माध्यम से ग्राम पंचायत बाबल्दी के बैंक खाता से राशि के आहरण और संवितरण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। जपं सीईओ हेमेंद्र गोविल ने सरपंच-सचिव दोनों के प्रमाणित हस्ताक्षर के नमूने बैंक को आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दिए गए हैं, ताकि पंचायत के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का वित्तीय व्यवधान न आए।

## भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में सौंपा ज्ञापन

**आरोन।** नगर में आज परशुराम सेना के बैनर तले सर्व ब्राह्मण समाज के लोग दास हनुमान मंदिर पर एकत्रित हुए सर्व प्रथम सभी ब्राह्मण भाइयों ने भरत भूषण तिवारी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। बिहार राज्य के भोजपुर जिले में भरत भूषण तिवारी के हुये अवैधानिक एनकाउन्टर मामले मे बिहार पुलिस के खिलाफ नारे लगाते हुए भरत तिवारी जिंदाबाद भरत तिवारी अमर रहे के जोरदार नारे लगाते हुए जुलूस की शक्ल में दास हनुमान चौराहे से गुलाबगंज चौराहा, पुराना बस स्टैंड, इंदिरा पार्क होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे वहां पर एवं रास्ते में गोविंद प्रसाद शर्मा, विकास शर्मा, शक्ति शर्मा, जीतू शर्मा, गोविन्दपुर, बृजेश शर्मा आदि अनेक प्रवक्ताओं ने अपने अपने विचार रखें तथा रास्ते में भी जोरदार नारे बाजी की गई। इसके बाद एसडीएम सुश्री मंजूषा खत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि भरत तिवारी के हत्यारे पुलिस कर्मचारियों पर केश दर्ज हो और कठोर से कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जावे। इसके साथ ही परिवार के सदस्य को शासकीय नौकरी नौकरी दी जाए वा सीबीआई जांच की मांग करते हुये भरत तिवारी के परिवार को नियमानुसार मुआवजा दिया जाए।

### नगरवासियों को असुविधा न होना हमारी प्राथमिकता: पालीवाल

# जलभराव से मुक्ति  की तैयारी: मानसून से पहले नालों की युद्धस्तर पर सफाई शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



मानसून और वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए नगर पालिका परिषद सारंगपुर पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। शहर को जलभराव और गंदगी की समस्या से बचाने के लिए नगर पालिका द्वारा युद्धस्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कडी में गुरूवार को नगर पालिका परिषद सारंगपुर अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल ने स्वयं कमान संभालते हुए अपनी उपस्थिति में नगर के बडे और प्रमुख नालों की जेसीबी मशीनों के माध्यम से सफाई कार्य का शुभारंभ कराया।

**प्रमुख नालों से निकाली जा रही है गाद**

हर वर्ष बारिश के दौरान शहर के निचले और मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पडता है। इस गंभीर समस्या के स्थाई समाधान और त्वरित जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए अध्यक्ष श्री पालीवाल की सीधी निगरानी में यह अभियान चलाया जा रहा है। गुरूवार को अभियान के तहत अस्पताल रोड एवं स्थानीय भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के समीप स्थित बडे नाले की गहरी सफाई कराई गई। मौके पर मौजूद भारी-भरकम जेसीबी मशीनों की मदद से नाले के भीतर बरसों से जमी गाद, पॉलीथीन और ठोस कचरे को बाहर निकाला गया। नाले की गहराई बढने से पानी का प्रवाह सुचारू होगा और बारिश के दौरान सडकों पर पानी जमा नहीं हो सकेगा।

सफाई कार्य का जायजा लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री पालीवाल ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन शहर के प्रत्येक नागरिक की सुविधा और स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु में सारंगपुर के नागरिकों को किसी भी प्रकार की जलभराव, कीचड या गंदगी जनित समस्याओं का सामना न करना पडे, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मानसून के दस्तक देने से पहले ही नगर के सभी मुख्य और बडे नालों की मुकम्मल सफाई समय रहते पूरी कर ली जाएगी। हमारा प्रयास है कि बारिश की पहली बूंद गिरने से पहले जल निकासी का तंत्र पूरी तरह सुचारू हो जाए।

**कर्मचारियों को सख्त हिदायत**

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्रीपालीवाल ने स्वच्छता विभाग के अमले और सफाई कर्मचारियों को दो टूक शब्दों में कडे निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के उन सभी संवेदनशील और निचले इलाकों को चिन्हित कर विशेष ध्यान दिया जाए, जहां पिछले वर्षों में जलभराव की गंभीर शिकायतें सामने आती रही हैं। नालों से निकलने वाले कचरे को भी तुरंत शहर से बाहर फिंकवाने के निर्देश दिए गए ताकि वह दोबारा बहकर नालों में न जा सके। इस महत्वपूर्ण सफाई अभियान और निरीक्षण की कार्रवाई के दौरान अध्यक्ष के साथ पार्षद राकेश पुष्पद, स्वच्छता शाखा प्रभारी सतीश कंडारे और सफाई दारोगा जितेन्द्र भैरवे सहित नगर पालिका का अन्य प्रशासनिक अमला और मुख्य सफाईकर्मी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## मोड़ी से नलखेड़ा की ओर हुआ मुनि संघ का विहार, दिए आत्मसंयम के संदेश

**सुसनेर/मोड़ी।** मुनि श्री श्रमण सागर जी महाराज एवं मुनि श्री ओंकार सागर जी महाराज का बुधवार को मोड़ी से नलखेड़ा की ओर मंगल विहार हुआ। दोनों संत विगत 10 दिनों से मोड़ी में विराजमान थे, जहां उनके सानिध्य में प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन, आध्यात्मिक मार्गदर्शन एवं मोटिवेशन क्लास का आयोजन किया जा रहा था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन धर्मलाभ लेने पहुंच रहे थे। प्रातःकालीन मोटिवेशन क्लास को संबोधित करते हुए मुनि श्री श्रमण सागर जी महाराज ने कहा कि संकल्प शक्ति के सहारे मन पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि मन को संयमित रखा जाए तो व्यक्ति अनेक बुराइयों और विकारों से स्वयं को बचा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ‘मन की बात मन में रखने से फासले बढ़ जाते हैं, जबकि मन की बात कह देने से फैसले हो जाते हैं। उनके प्रेरणादायी विचारों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी। दस दिवसीय प्रवास के दौरान मोड़ी में धार्मिक वातावरण बना रहा। विहार के समय श्रद्धालुओं ने भावभीनी विदाई देकर मुनि संघ से पुनः शीघ्र आगमन की मंगल कामना की।

## नेत्रदान की प्रेरक मिसाल : शोक की घड़ी में भी मानव सेवा का संदेश

**खाचरौद।** श्रीमती सुगन बाई स्वर्गीय मांगीलाल जी मेहता का आज देवलोकगमन हो गया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। दुःख की इस घड़ी में भी परिवार ने मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेत्रदान का पुनीत निर्णय लिया। जैन सोशल ग्रुप मैत्री के सहयोग से एवं रतलाम मेडिकल कॉलेज से डॉक्टर की टीम के द्वारा स्वर्गीय श्रीमती सुगन भाई स्वर्गीय मांगीलाल मेहता का नेत्रदान सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। आप पारस जी मेहता की मातोश्री एवं जैन सोशल ग्रुप मैत्री के पूर्व अध्यक्ष पुनीत मेहता की दादी जी थी यह जैन सोशल ग्रुप मैत्री का 19 वा नेतदान संपन्न हुआ परिवार की सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण निश्चित रूप से अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। नेत्रदान प्रक्रिया के दौरान जैन सोशल ग्रुप मैत्री के अध्यक्ष राजेंद्र नांदेचा, अतुल चौरडिया अनिल लोढ़ा राहुल गेलड़ा पिंटू गेलड़ा अमित मंडोवरा सौरभ मेहता एवं स्वप्निल सुराणा उपस्थित रहे और उन्होंने परिवार की इस मानवीय पहल की सराहना की। समाज में नेत्रदान जैसी सेवाएं अनेक जरूरतमंदों के जीवन में नई रोशनी लाती हैं। ऐसे सेवाभावी एवं प्रेरणादायक परिवार की हार्दिक अनुमोदना एवं अभिनंदन।

## नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में फरार आरोपियों व स्थाई वारंटियों एवं गंभीर अपराधों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बोडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया। नाबालिक बालिका की रिपोर्ट पर आरोपी अंकित पिता विजेन्द्र सासी निवासी हुलखेडी के विरुद्ध अपराध पास्को एक्ट का कायम किया। घटना स्थल बोडा क्षेत्र मे असल अपराध पास्को एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी बोडा द्वारा विशेष टीम गठित कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। आरोपी ग्राम हुलखेडी मे छिपा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दबिश दी एवं आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।  वहीं अन्य मामले में फरियाद मनीष कुशवाह पिता बलराम कुशवाह 22 साल निवासी ग्राम डाबला की रिपोर्ट पर आरोपी रवि कुशवाह पिता भगवान सिंह कुशवाह निवासी ग्राम डाबला के विरुद्द विवेचना मे लिया मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी बोडा द्वारा विशेष टीम गठित कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी ग्राम ढाबला में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दबिश दी एवं आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उक्त दोनों आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## मोहर्रम के मन्नत के ताजिये मुकाम से बाहर आए



**खाचरोद।** नगर में मोहर्रम पर्व पर बड़े साहब का मुकाम ताजिया बाहर आते ही मुस्लिम समाजजन दीदार के लिए हुजूम में उमड़े। रातभर मोहर्रम के ताजिये मन्नत के ताजिये नगर के प्रमुख मार्गो से बैंडबाजे ओर डोल ताशे के साथ निकले। पुलिस प्रशासन भी चप्पे चप्पे पर निगरानी करते रहे।  गुजरात एवं राजस्थान के प्रसिद्ध बैंड ने एक से एक प्रस्तुति से मनमोह लिया।



# बच्चे को सिर्फ 'शाबाश' कहना काफी नहीं!

## छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में ज्यादा तेजी से सीखते हैं क्योंकि उनमें ज्यादा उत्साह और ऊर्जा होती है।




छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में ज्यादा तेजी से सीखते हैं और इसकी वजह है उनमें किसी भी काम को लेकर ज्यादा उत्साह और ऊर्जा।



यही वो उम्र होती है जब बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने की जरूरत होती है। अगर आपका बच्चा दूसरों के सामने ज्यादा झिझकता है या बात करने में हिचकिचाता है तो बच्चों में आत्मविश्वास कम होने का एक संकेत है। ऐसे कई तरीके हैं जिनकी मदद से उन्हें ज्यादा आत्मविश्वासी बनाया जा सकता है, आइए इनके बारे में जानते हैं।

आत्मविश्वास यानी कॉन्फिडेंस एक स्किल है जो बढ़ती उम्र के साथ जिंदगी में तरक्की करने के लिए जरूरी है। छोटे बच्चों को बड़ी ही आसानी से कुछ बातों को फॉलो करके ज्यादा कॉन्फिडेंट बनाया जा सकता है

### बच्चों की रुचि जानने की कोशिश करें

अपनी पसंद, अपनी रुचि या पढ़ाई उनपर थोपे नहीं, बल्कि बच्चों की रुचि जानने की कोशिश करें। बच्चों को उनकी पसंद जानने देना उन्हें खुद से मिलाने जैसा है, जो उनमें कॉन्फिडेंस बढ़ाने में मदद करता है।

**छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें-** बच्चों के लिए हर दिन का एक प्लान तैयार करें, जिसमें छोटे-छोटे लक्ष्य रखे गए हों। ये लक्ष्य कुछ भी हो सकते हैं, जैसे- एक चैप्टर रोजाना पढ़ना, 1 घंटा गेम्स खेलना, कोई नई भाषा सीखना आदि।

### खुद रोल मॉडल बनें

पेरेंट्स के लिए जरूरी है कि वो सबसे पहले खुद अपने बच्चों के लिए एक मॉडल बनें। पेरेंट्स का अपने काम को लेकर बहुत ज्यादा कॉन्फिडेंट होना बच्चों को अपने आप यह संकेत देता है कि उन्हें भी वैसा ही बनना है। इसके लिए नए-नए टास्क को प्लानिंग और पॉजिटिविटी से संभालें।

### नई चीजों को करने के लिए मोटिवेट करें

बच्चों को सिर्फ पढ़ाई तक सीमित न रखें, उन्हें नई-नई चीजों को करने के लिए प्रोत्साहन दें। इनमें स्पोर्ट्स गेम, नई भाषा सीखना, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट या पेंटिंग करना शामिल हो सकता है। ऐसी कोई भी स्किल जो उन्हें भीड़ में अलग से दिखाए।

### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



# बच्चों को समझदार बनाने के असरदार टिप्स



**बिना डांटे अगर बच्चों को अपनी बात समझाई जाए, तो वे जल्दी उस बात को समझते हैं और फॉलो भी करते हैं।**

बच्चों की परवरिश में उन्हें अनुशासन सिखाना बेहद जरूरी होता है, लेकिन कई बार उनके पेरेंट्स गुस्से में आकर उनपर चिल्ला देते हैं। यह तरीका बच्चों के व्यवहार को सुधारने की जगह उन्हें डराने या भावनात्मक रूप से दूर करने का कारण बन सकता है।

ऐसे में आपके शांत, समझदारी भरे व्यवहार और पॉजिटिव नजरिए से, बच्चों में न केवल अनुशासन, बल्कि आत्मविश्वास, सहानुभूति और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है। अगर आप अपने बच्चे को बेहतर दिशा देना चाहते हैं, तो यहां बताए गए कुछ प्रभावी तरीकों को आजमाएं।

### बच्चों को कैसे सिखाएं अनुशासन?

**शांति से बात करें-** बच्चों से गुस्से में नहीं, बल्कि शांति से बात करें। जब आप शांत रहकर अपनी बात रखते हैं, तो बच्चा उसे ज्यादा गंभीरता से सुनता है। आपका धैर्य उसके लिए एक उदाहरण बनता है कि कैसे भावनाओं पर नियंत्रण रखा जा सकता है।


**सीमाएं तय करें-** बच्चों को यह बताना जरूरी है कि उनसे क्या उम्मीदें की जा रही हैं। डिनर के बाद होमवर्क करना है या खिलौने खेलने के बाद वापस रखना है जैसी क्लीयर बाउंड्री तय करने से वे अपनी जिम्मेदारी समझते हैं।

**डांटे नहीं, गाइड करें-** गलती पर तुरंत चिल्लाने के बजाय बच्चे को समझाएं कि उसने क्या गलत किया और क्यों उसे सुधारने की जरूरत है। उदाहरण के तौर पर कहें, अगर तुमने खिलौने समेटे होते, तो कमरा और अच्छा लगता।

**टाइम-इन अपनाएं, टाइम-आउट नहीं-** बच्चे को दूर करने की जगह उसे अपने पास बैठाएं और उसके साथ बात करें। टाइम-इन में आप उसे शांत करते हुए समझाते हैं कि उसका व्यवहार क्यों गलत था।

**अच्छे व्यवहार की तारीफ करें-** जब बच्चा कुछ अच्छा करे, उसकी सराहना करें, जैसे कि मुझे अच्छा लगा कि तुमने अपनी चीजें खुद रखीं।

### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ







# भारत का विमेंस टी-20 वर्ल्डकप में दूसरा बड़ा रनचेज

## चरणी एक एडिशन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली भारतीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में 137 रन का टारगेट हासिल कर बांग्लादेश को 5 विकेट से हरा दिया। यह भारतीय टीम का विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में दूसरा सबसे बड़ा रनचेज है। वहीं, श्री चरणी एक टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज बन गई हैं।

शेफाली को 53 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा बार यह अवॉर्ड हासिल करने वाली प्लेयर्स के क्लब में शामिल हो गई हैं। इस क्लब में स्मृति मंधाना और मिताली राज जैसे नाम हैं।

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता**
आवश्यकता आवश्यकता आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रानिक्स एंड फर्नीचर हाउस
उज्जैन, में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रो फाइनेंस (No Cost EMI) मे कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है
फील्ड स्टाफ :- लडके / लडकी
पद - 6 योग्यता कम से कम 10वीं पास
सैलरी : 13000 + इंसेंटिव + पेट्रोल खर्च + मोबाईल खर्च
नोट : केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित है।
स्थान
अवंतिका डिस्ट्रीब्यूटर्स एंड होलसेलर्स
दो तालाब के पास, रिलायंस मार्ट के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
इंटरव्यू दिनांक - 28/06/2026
दिन - रविवार
समय - 1 से 3 बजे तक
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
मो.नं. :- 6265895202,8224800652,9753977098

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
9893713817

**अतिशीघ आवश्यकता है**
जेके सीमेन्ट उज्जैन में
कम पढ़े लिखे व्यक्ति 12 हजार रुपये महीना, पीएफ/ई.एस.आई.सी./ चार छुट्टियां, 8 घंटे ड्यूटी
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर : जिसे कम्प्यूटर का ज्ञान हो (ऑफिस के लिए) सेलरी योग्यतानुसार।
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
22, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176
समय : 11:30 से 3 बजे तक

**जय श्री महाकाल**
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

**सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता**
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें।
9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नही चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### विधायक कार्यालय से सीएम का जलता पुतला लेकर निकले कांग्रेसी

**झाबुआ।** झाबुआ में युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनके परिवार पर कथित भूमि घोटाले का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका, जिसे मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तुरंत बुझा दिया। पुलिस की मुस्तैदी के बावजूद, कार्यकर्ता विधायक कार्यालय के भीतर से जलता हुआ पुतला बाहर ले आए थे। युवा कांग्रेस अध्यक्ष नटवर डोडियार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री यादव और उनके परिजनों द्वारा प्रदेश में जमीनों का बड़ा खेल खेला जा रहा है। डोडियार के अनुसार, शासकीय योजनाओं की स्वीकृति मिलते ही यादव परिवार ने गरीबों की जमीनें सस्ते दामों पर हथिया ली हैं। इस दौरान मध्यप्रदेश का नया स्टार्टअप: मोहन भईया प्रॉपर्टी डीलर शीर्षक वाला पैम्प्लेट भी जारी किया गया। डोडियार ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस में आरोपों के बाद नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की जाती थी, लेकिन वर्तमान में किसी की इतनी हिम्मत नहीं है कि मुख्यमंत्री से इस्तीफा मांग सके।

### बिजली पोल लगाते समय करंट लगने से युवक की मौत, दो की हालत गंभीर

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले के दरखड गांव में बिजली का पोल लगाते समय हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई। इस घटना में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा दरखड गांव में नए बिजली के पोल खड़े करने के दौरान हुआ। बताया जा रहा है कि यह कार्य सुरक्षा मानकों और बिजली विभाग के किसी जिम्मेदार अधिकारी की मौजूदगी के बिना किया जा रहा था। इसी दौरान एक भारी-भरकम खंभा गिर गया, जिससे तीन लोग करंट की चपेट में आ गए। मृतक की पहचान मुखदार 25 वर्ष के रूप में हुई है, जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अमर सिंह 55 वर्ष और जागर सिंह 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों घायलों को तत्काल अलीराजपुर जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### ढाई लाख की लूट के मामले में डेढ़ महीने बाद छह आरोपी गिरफ्तार

**धार।** धार जिले के रिंगनोंद ताराघाटी क्षेत्र में करीब डेढ़ माह पहले हुई डकैती की वारदात का रिंगनोंद चौकी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में शामिल सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि में से कुल 2 लाख 3 हजार रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 5 मई को हुई थी। टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम चामझर निवासी पप्पू अनारे अपनी पत्नी सेलबाई के साथ रिंगनोंद आए थे। उन्होंने करीब ढाई किलो चांदी गिरवी रखकर 2 लाख 70 हजार रुपए प्राप्त किए थे। दोनों यह राशि लेकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। दोपहर करीब 2.30 बजे भीलखेड़ी के पास वन चौकी क्षेत्र में पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उनकी बाइक को लात मारकर गिरा दिया। इसके बाद आरोपियों ने सेलबाई के पास रखी नकदी से भरी थैली छीन ली और रिंगनोंद की ओर फरार हो गए। घटना के बाद थाना सरदारपुर में प्रकरण दर्ज किया गया और रिंगनोंद चौकी पुलिस ने विशेष जांच शुरू की। साइबर सेल की तकनीकी सहायता, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र के आधार पर पुलिस ने पहले गोकुल, मुकाम, लोकेश और एक विधि-विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 1 लाख 36 हजार रुपए और वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त की गई थी। लगातार तलाश के दौरान, फरार चल रहे आरोपी सन्नी पिता जानू डावर और प्रवीण उर्फ नन्नू पिता भुवानसिंह डावर, निवासी कालीदेवी, थाना टांडा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इन दोनों आरोपियों के कब्जे से 67 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया।

नामांतरण और रजिस्ट्री के मुद्दे पर हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष सख्त, जगजीवनराम नगर के परिवारों को आज तक नहीं मिला मालिकाना हक

# 50 साल बाद भी नहीं मिली रजिस्ट्री, जर्जर इमारतों में रहने को मजबूर हजारों परिवार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्य प्रदेश गृहनिर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल (हाउसिंग बोर्ड) की कॉलोनियों में रहने वाले हजारों परिवार वर्षों से विभिन्न प्रशासनिक और नीतिगत समस्याओं से जूझ रहे हैं। रजिस्ट्री, नामांतरण और जर्जर भवनों के पुनर्विकास जैसी समस्याओं को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और रहवासियों ने गुरुवार को हॉउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन के समक्ष अपनी पीड़ा रखी। इसके बाद अध्यक्ष ने मामलों को गंभीरता से लेते हुए समाधान का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को वृत्त कार्यालय प्रेस कॉम्प्लेक्स के सामने आयोजित समस्या समाधान शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राही पहुंचे। शिविर में लगभग



300 लोगों की समस्याएं सुनी गईं। नामांतरण, लीज नवीनीकरण, रजिस्ट्री, फ्रीहोल्ड और अनापत्ति प्रमाण-पत्र से जुड़े मामलों पर सुनवाई की गई। प्राप्त 105 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि पांच हितग्राहियों को नामांतरण एवं फ्रीहोल्ड प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। शिविर के दौरान भाजपा नेताओं और विधायक प्रतिनिधियों ने अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि विधानसभा-5 स्थित जगजीवनराम नगर में करीब 60 से 70 परिवार पिछले 50 वर्षों से निवास कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनके मकानों की रजिस्ट्री नहीं हो सकी। पूर्व में जारी परिपत्रों के बावजूद इंदौर वृत्त कार्यालय ने आवश्यक कार्रवाई नहीं की, जिससे रहवासियों को मालिकाना हक नहीं मिल पाया।

### नामांतरण पर रोक से हजारों परिवार परेशान

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि वर्ष 2012 से श्रमिकों के आधे-आधे मकानों के नामांतरण पर लगी रोक के कारण करीब 4 से 5 हजार परिवार प्रभावित हैं। संपत्तियों के हस्तांतरण और वैधानिक प्रक्रियाएं लंबित होने से लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### नेहरू नगर, एलआईजी और खजराना की इमारतें बनीं खतरा

रहवासियों ने नेहरू नगर, एलआईजी और खजराना क्षेत्र की बहुमंजिला इमारतों की जर्जर स्थिति का मुद्दा भी उठाया। कई भवनों के छज्जे और गैलरियां टूटकर गिर रही हैं। नगर निगम इन्हें जर्जर घोषित कर चुका है, लेकिन पिछले एक दशक से इनके पुनर्विकास की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है। रहवासियों ने किसी बड़े हादसे की आशंका जताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

### अध्यक्ष ने कहा- अधिकारियों से तत्काल रिपोर्ट मांगी जाएगी

- हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और शिकायतों का अवलोकन करने के बाद आश्वासन दिया कि जगजीवनराम नगर की रजिस्ट्री के मामले में इंदौर वृत्त के अधिकारियों से तत्काल रिपोर्ट मांगी जाएगी और पुराने परिपत्रों के आधार पर कानूनी समाधान तलाशा जाएगा।
- उन्होंने कहा कि आधे मकानों के नामांतरण संबंधी नीति की समीक्षा कर इसे बोर्ड बैठक में रखा जाएगा, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके और शासन को भी राजस्व प्राप्त हो।
- जर्जर बहुमंजिला इमारतों के पुनर्विकास के संबंध में अध्यक्ष ने कहा कि वे शीघ्र ही स्वयं इंदौर की प्रभावित कॉलोनियों का दौरा करेंगे तथा पुराने और खतरनाक भवनों को हटाकर नई हाईराइज इमारतों के निर्माण की प्रक्रिया को गति दी जाएगी।

इंदौर खंडपीठ ने बड़वानी जिले में एसिड अटैक की शिकार हुई

# मासूम बच्ची का निजी अस्पताल में इलाज कराने के आदेश

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने बड़वानी जिले में एसिड अटैक की शिकार हुई चार वर्षीय बच्ची के इलाज को लेकर महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी करते हुए बॉम्बे हॉस्पिटल, इंदौर को तत्काल एडमिट कर समुचित इलाज शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उपचार का पूरा खर्च आयुष्मान भारत योजना और आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वहन किए जाने के आदेश भी दिए गए हैं।

याचिका में बताया गया कि 29 मई को हुए एसिड अटैक में चार वर्षीय बच्ची, उसका छह वर्षीय भाई और उनकी मां गंभीर रूप से झुलस गए थे। प्रारंभिक इलाज बड़वानी जिले के राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया, लेकिन वहां पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने के कारण बेहतर इलाज की मांग को लेकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। डॉक्टरों की समिति की रिपोर्ट में कहा



गया कि दोनों मासूम बच्चों को गंभीर बर्न इंजरी हुई है और यदि उनका उचित उपचार नहीं किया गया तो सेप्सिस, सेप्टिक शॉक तथा अन्य गंभीर मेडिकल जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। हाईकोर्ट ने एसिड अटैक पीड़ितों के उपचार संबंधी सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले लक्ष्मी बनाम भारत संघ का उल्लेख करते हुए कहा कि निजी अस्पताल भी एसिड अटैक पीड़ितों को निःशुल्क और पूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बाध्य हैं। इसमें दवाइयां, भोजन, बिस्तर और पुनर्निर्माण (रिकंस्ट्रक्टिव) सर्जरी जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं।

### बर्न वार्ड की स्थिति पर उठे सवाल

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया कि पीड़ितों को लंबे समय तक विशेष इलाज की आवश्यकता है, जो इंदौर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उपलब्ध है। हालांकि याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट शन्नो शगुफ्ता खान ने अस्पताल के बर्न वार्ड की तस्वीरें प्रस्तुत कर वहां साफ-सफाई और रखरखाव की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए। तस्वीरों में वार्ड की दीवारों पर फंगल संक्रमण और चूहों की मौजूदगी का दावा किया गया।

# गैस पाइपलाइन हादसा, कंटेंट क्रिएटर जिनी को एयरलिफ्ट किया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

गैस पाइप लाइन हादसे में झुलसी कंटेंट क्रिएटर गिरी राजकुमारी उर्फ जिनी झाला को आज हाई कोर्ट के आदेश के बाद एयरलिफ्ट कर अहमदाबाद ले जाया गया। वहां अब उसका इलाज जाइडस हॉस्पिटल में चलेगा। उसे ठीक होने में तीन से चार माह का समय लगेगा।

इसके पूर्व गुरुवार को हाई कोर्ट के आदेश के बाद शाम को डॉक्टरों की टीम ने उसकी जांच की और अपनी रिपोर्ट तैयारी की। शुक्रवार सुबह उसे अहमदाबाद ले जाने की तैयारी की गई। इस दौरान आईसीयू से जैसे ही उसे बाहर लाया तो कराह रही थी। बातचीत करने पर उसने कहा कि मेरी हालत के लिए पार्षद, अधिकारी जिम्मेदार है। इनके खिलाफ क्यों कार्रवाई नहीं की गई? इनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। इसके साथ ही अपना दर्द साझा किया। इस मौके पर उनके माता-पिता नवल-धर्मेंद्रसिंह झाला ने भी दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। मंगेतर रजत प्रतापसिंह ने कहा कि शुरू से ही इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। स्थानीय पार्षद बालमुकुंद सोनी ही वहां बोरिंग करा रहे थे।

## विवाद में तीन भाइयों पर चाकू से हमला

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

सराफा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात मुहर्रम जुलूस के दौरान मामूली धक्का लगने की बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि तीन नाबालिग भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना में तीनों घायल हो गए। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों समेत अन्य साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 17 वर्षीय निजामुद्दीन निवासी जिन्सी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने भाइयों फैजान और 15 वर्षीय हैदर अली के साथ जिन्सी हाट मैदान से निकल रहे मुहर्रम जुलूस में शामिल था। इसी दौरान भीड़ में आरोपी अयान से धक्का लग गया।

# सिंगापुर टाउनशिप में 44 हजार की नकली करेंसी मिली

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में 200 रुपए का नकली नोट चलाने की कोशिश एक युवक को भारी पड़ गई। रेस्टोरेंट संचालक की सतर्कता से आरोपी मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने पूछताछ के बाद मामले के मास्टर माइंड और उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया। मास्टर माइंड से करीब 44 हजार रुपए के नकली नोट और नोट छापने में इस्तेमाल होने वाली प्रिंटिंग मशीन बरामद की गई है।

गांधी नगर थाना प्रभारी अनिल यादव के मुताबिक, 25 जून को राजनगर निवासी यशवंत यादव अपने सांवरिया रेस्टोरेंट पर मौजूद थे। इसी दौरान एक युवक चाय-नाश्ता करने के बाद 200 रुपए का नोट देकर भुगतान करने लगा। नोट देखते ही यशवंत को उस पर शक हुआ। उन्होंने कर्मचारी आशीष चौहान की मदद से युवक को रोक लिया और पुलिस को सूचना दे दी। पकड़े गए युवक ने अपना नाम दीपक पटेल और पता अटाहेड़ा (देपालपुर) बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 4 हजार रुपए के नकली नोट और मिले। पूछताछ में दीपक ने बताया कि उसे ये नकली नोट सिंगापुर टाउनशिप में रहने वाले संजय पुत्र महेश वैष्णव ने दिए थे। इसके बाद पुलिस ने संजय को गिरफ्तार किया।




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com